Q.50 किसी कार्य क्षेत्र में ज्वलनशील रसायन और गतिमान मशीनरी हैं। इन खतरों के लिए सुरक्षा संकेतों का कौन-सा संयोजन सबसे उपयुक्त है?

Ans

✗ A. मशीनरी के लिए खतरे का संकेत और रसायनों के लिए सावधानी संकेत

✗ B. रसायनों के लिए चेतावनी संकेत और मशीनरी के लिए सावधानी संकेत

✓ C. रसायनों के लिए खतरे का संकेत और मशीनरी के लिए चेतावनी संकेत

✗ D. रसायनों के लिए सावधानी संकेत और मशीनरी के लिए चेतावनी संकेत

Q.51 डेस्कटॉप कंप्यूटर के वियोजन (dismantling) से पूर्व पहला सुरक्षा चरण क्या है?

Ans

✗ A. सभी RAM स्लॉट से RAM निकाल देना

✗ B.
कैबिनेट को खोलना

✓ C. विद्युत आपूर्ति बंद करना और प्लग निकालना

✗ D.
डेटा केबिल को विसंयोजित करना

Q.52 n-प्ररूपी अर्धचालक, _____ के साथ डोपन द्वारा बनता है।

Ans

✗ A. एकसंयोजी अशुद्धियों (Monovalent impurities)

✗ B. त्रिसंयोजी अशुद्धियों (Trivalent impurities)

✓ C. पंचसंयोजी अशुद्धियों (Pentavalent impurities)

✗ D. द्विसंयोजी अशुद्धियों (Divalent impurities)

Q.53 PMMC वोल्टमीटर का उपयोग करके वोल्टता का पाठ्यांक लेने के लिए उचित प्रक्रिया का अनुसरण करते समय, किस प्रकार की वोल्टता को यथार्थ रूप से मापा जा सकता है?

Ans

✗ A. यथार्थ रूप से AC और DC दोनों वोल्टता

✓ B. केवल दिष्ट धारा (DC) वोल्टता

✗ C. केवल उच्च आवृत्ति AC वोल्टता

✗ D. केवल प्रत्यावर्ती धारा (AC) वोल्टता

Q.54 शून्य क्रॉसिंग संसूचकों में सामान्यतः किस प्रचालक प्रवर्धक विन्यास का उपयोग किया जाता है?

Ans

✗ A. ऋणात्मक पुनर्निवेश वाले प्रतिलोमी प्रवर्धक का उपयोग किया जाता है

✓ B. बिना पुनर्निवेश वाले तुलनित्र विन्यास का उपयोग किया जाता है

✗ C. प्रतिरोधी पुनर्निवेश (feedback) वाले समाकलक परिपथ का उपयोग किया जाता है

✗ D. धनात्मक पुनर्निवेश वाले अप्रतिलोमी प्रवर्धक का उपयोग किया जाता है

Q.55 कंप्यूटर हार्डवेयर प्रौद्योगिकी में HDD के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans

✗ A. HDD केवल अस्थायी स्टोरेज के लिए उपयोग किए जाते हैं

✗ B. HDD, स्टोरेज के लिए ऑप्टिकल डिस्क का उपयोग करते हैं

✗ C. HDD, डेटा स्टोर करने के लिए फ़्लैश मेमोरी का उपयोग करते हैं

✓ D. HDD, स्पिनिंग मैग्नेटिक डिस्क पर डेटा स्टोर करते हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.56 उस विन्यास को क्या कहते हैं जिसमें ट्रांजिस्टर का उत्सर्जक टर्मिनल, इनपुट और आउटपुट दोनों परिपथों के लिए उभयनिष्ठ (common) होता है?

Ans

✗ A. उभयनिष्ठ आधार (Common base)

✗ B. उत्सर्जक अनुगामी (Emitter follower)

✓ C. उभयनिष्ठ उत्सर्जक (Common emitter)

✗ D. उभयनिष्ठ संग्राहक (Common collector)

Q.57 यदि किसी डिजिटल स्टोरेज ऑसिलोस्कोप (DSO) की प्रतिचयन दर एक उच्च-आवृत्ति संकेत के लिए अति निम्न है, तो एनालॉग CRO की तुलना में उसमें क्या समस्या उत्पन्न हो सकती है?

Ans

✗ A. अति-प्रतिचयन के कारण संपूर्ण डिस्प्ले स्क्रीन स्थायी रूप से बंद हो जाएगी

✗ B. एनालॉग इनपुट प्रोब टिप्स अत्यधिक ऊष्मा के कारण पिघल जाएंगी

✓ C. एलियासिंग त्रुटि, जहाँ प्रदर्शित तरंगरूप एक गलत निम्न-आवृत्ति संकेत आकृति के रूप में दिखाई देता है

✗ D. इनपुट संकेत स्वचालित रूप से दिष्ट धारा मापन मोड में स्विच हो जाएगा

Q.58 बाह्य स्रोत डिवाइस को LED या LCD TV से जोड़ते समय HDMI पोर्ट का क्या कार्य है?

Ans

✗ A. लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले पिक्सेल की मूल ऑप्टिकल रिफ्रेश रेट को स्वचालित रूप से बढ़ाना

✓ B. एकल केबल के माध्यम से बिना कम्प्रैस किए डिजिटल वीडियो और बहु-चैनल ऑडियो को एक साथ ट्रांसमिट करना

✗ C. आंतरिक TV लॉजिक बोर्डों को सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिए मुख्य AC पावर वोल्टता को कम करना

✗ D. TV पैनल के अंदर आने वाले एनालॉग वीडियो सिग्नलों को डिजिटल फॉर्मेट में रूपांतरित करना

Q.59 किसी स्पंद विस्तार मॉड्युलन (PWM) सिग्नल में, उपयोगिता अनुपात (duty cycle) को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?

Ans

✓ A. स्पंद के ऑन-टाइम (विस्तार) और सिग्नल की कुल आवर्त-काल का अनुपात

✗ B. स्पंदों की आवृत्ति में विभिन्नता

✗ C. इनपुट और आउटपुट सिग्नल के बीच कलांतर

✗ D. स्पंदों के आयाम में विभिन्नता

Q.60 IoT प्रणाली में सेंसर का मुख्य कार्य क्या होता है?

Ans

✗ A. एकत्रित डेटा का प्रसंस्करण करना

✓ B. वातावरण से डेटा एकत्र करना

✗ C. बड़ी मात्रा में सूचनाओं का भंडारण करना

✗ D. ऐसा कार्य करना जिससे वातावरण में परिवर्तन हो

Q.61 संतुलित 3-चरण लोड में शक्ति मापने के लिए प्रयुक्त द्वि-वाटमीटर विधि में, दोनों वाटमीटर समान रीडिंग दर्शाते हैं। इस अवलोकन के आधार पर, लोड का शक्ति गुणक क्या है?

Ans

✗ A. 0.866

✓ B. 1.0

✗ C. 0.5

✗ D. 0

Q.62 जब किसी आवर्ती AC सिग्नल की आवृत्ति मापने के लिए शून्य पारण संसूचक का उपयोग किया जाता है, तो किस राशि की गणना की जानी चाहिए?

Ans

✗ A. आउटपुट सिग्नल का औसत वोल्टता स्तर

✗ B. इनपुट और आउटपुट सिग्नलों के बीच कलांतर

✗ C. प्रति चक्र इनपुट वोल्टता शिखरों की संख्या

✓ D. प्रति इकाई समय आउटपुट संक्रमणों की संख्या

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.63 3-फेज, चार-तार विद्युत वितरण तंत्र में, चार-ध्रुवीय लघु परिपथ विच्छेदक (MCB) का चौथा ध्रुव सामान्यतः किस चालक को स्विच करने और उसकी सुरक्षा करने के लिए उपयोग किया जाता है?

Ans

✗ A. पायलट तार

✗ B. नियंत्रण परिपथ चालक

✓ C. उदासीन चालक

✗ D. अर्थ कंडक्टर

Q.64 ट्रांजिस्टर प्रवर्धक में अभिनतीकरण (biasing) को सेट करने के लिए किस घटक का उपयोग किया जाता है, लेकिन यदि इसे हटा दिया जाए, तो प्रचालन अस्थिर हो जाता है?

Ans

✗ A. डायोड

✓ B. प्रतिरोधक नेटवर्क

✗ C. प्रेरित्र

✗ D. ट्रांसफॉर्मर

Q.65 LCD TV का कौन-सा आंतरिक हार्डवेयर घटक, मुख्य लॉजिक बोर्ड और पैनल टाइमिंग कंट्रोलर के लिए आवश्यक उपयुक्त निम्न-वोल्टता दिष्ट धारा (DC) ऑपरेशनल पावर रेल्स (operational power rails) को विनियमित, फिल्टर और वितरित करने के लिए उत्तरदायी है?

Ans

✗ A. लो-वोल्टेज डिफरेंशियल सिग्नलिंग (LVDS) इंटरफेस

✗ B. T-CON माइक्रोप्रोसेसिंग चिप

✓ C.
स्विच-मोड पावर सप्लाई (SMPS) बोर्ड

✗ D.
लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले (LCD) शटर मैट्रिक्स

Q.66 एक औद्योगिक अभियंता वाहित्र पट्टे पर विभिन्न पैकेजों के संसूचन के लिए एक प्रकाश-विद्युत स्विच प्रणाली को इष्टमीकरण करना चाहता है, जहां पैकेजों के आकार, रंग और सतह परावर्तकता में भिन्नता होती है। निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन सभी प्रकार के पैकेजों के लिए स्विच की संसूचन विश्वसनीयता में सर्वाधिक सुधार करेगा?

Ans

✗ A. संवेदक की आपूर्ति वोल्टता निर्धारित सीमाओं के अंदर बढ़ाना

✗ B. माउंटिंग स्थायित्व (mounting stability) के लिए भारी संवेदक का उपयोग करना

✗ C. बेहतर सिग्नल अखंडता (signal integrity) के लिए तार रोधक पदार्थ को बदलना

✓ D. लक्षित सतह के अभिलक्षणों को ध्यान में रखते हुए संवेदक की सुग्राहिता और संरेखण को समायोजित करना

Q.67 SOT-23 पैकेज में NPN BJT का निदान करते समय, आपके मल्टीमीटर का धनात्मक प्रोब (+) बेस (पिन 1) पर लॉक है। पिन 3 को मापने पर 0.6 V और पिन 2 को मापने पर 0.68 V प्राप्त होता है। कौन-सा पिन, उत्सर्जक (Emitter) है?

Ans

✓ A. पिन 2 उत्सर्जक है, क्योंकि इसमें वोल्टता पात उच्च है

✗ B. पिन 3 उत्सर्जक है, क्योंकि इसमें वोल्टता पात निम्न है

✗ C. कोई भी पिन नहीं; ट्रांजिस्टर खराब है क्योंकि पाठ्यांक सुमेलित नहीं हैं

✗ D. दोनों पिन एकसमान हैं और एक-दूसरे के स्थान पर परस्पर उपयोग किए जा सकते हैं

Q.68 डेस्कटॉप हार्ड ड्राइव के लिए एक मानक PATA रिबन केबल हेडर पर कितने पिन विद्यमान होते हैं?

Ans

✓ A. 40 पिन

✗ B. 50 पिन

✗ C. 34 पिन

✗ D. 68 पिन

Q.69 किसी JK फ्लिप फ्लॉप में, जब K = 0 हो और क्लॉक सक्रिय हो, तो J इनपुट मुख्यत: कौन-सा फंक्शन निष्पादित करता है?

Ans

✗ A. क्लॉक इनपुट (Clock input)

✓ B. सेट इनपुट (Set input)

✗ C. रीसेट इनपुट (Reset input)

✗ D. टॉगल इनपुट (Toggle input)

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.70 एक अर्धचालक प्रतिदर्श मुख्य रूप से होलों (holes) के कारण चालन को दर्शाता है, जबकि ऊष्मीय उत्पादन के कारण इलेक्ट्रॉन केवल अल्प संख्या में मौजूद होते हैं। अर्धचालक के प्रकार की पहचान कीजिए।

Ans
- ✔ A. कक्ष ताप पर P-प्ररूपी अर्धचालक
- ✘ B. कक्ष ताप पर नैज अर्धचालक
- ✘ C. कक्ष ताप पर N-प्ररूपी अर्धचालक
- ✘ D. 0 K पर नैज अर्धचालक

Q.71 एक प्रयोगशाला प्रयोग के दौरान, चुंबकन कुंडली (magnetizing coil) के माध्यम से धारा में वृद्धि की जाती है, जबकि चुंबकीय पथ की लंबाई अपरिवर्तित रहती है। चुंबकीय क्षेत्र प्रबलता पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans
- ✘ A. यह शून्य हो जाती है
- ✘ B. यह स्थिर रहती है
- ✔ C. यह बढ़ती है
- ✘ D. यह घटती है

Q.72 SMD प्रतिरोधक कोड परिपाटियों के अनुसार, '472' अंकित पृष्ठारोपित प्रतिरोधक (surface-mount resistor) का प्रतिरोध मान क्या है?

Ans
- ✘ A. 4.7 ohms
- ✘ B. 470 ohms
- ✔ C. 4700 ohms
- ✘ D. 47000 ohms

Q.73 किसी पदार्थ के एक तार का एक निश्चित लंबाई पर प्रतिरोध 10 ohm है। समान पदार्थ और समान अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल का उपयोग करके इसका प्रतिरोध 5 ohm बनाने के लिए, नई लंबाई कितनी होनी चाहिए?

Ans
- ✘ A. मूल लंबाई की एक-चौथाई
- ✘ B. मूल लंबाई के बराबर
- ✘ C. मूल लंबाई की दोगुनी
- ✔ D. मूल लंबाई की आधी

Q.74 8051 माइक्रोकंट्रोलर में, डीबगिंग सेशन (debugging session) के दौरान, अनेक PUSH इंस्ट्रक्शन एग्जीक्यूट किए जाते हैं और स्टैक पॉइंटर, एड्रेस 31H पर पहुँच जाता है। अब स्टैक स्टोरेज के लिए किस मेमोरी एरिया का उपयोग किया जा रहा है?

Ans
- ✘ A. रजिस्टर बैंक एरिया (Register bank area)
- ✔ B. जनरल-पर्पस RAM एरिया (General-purpose RAM area)
- ✘ C. प्रोग्राम मेमोरी एरिया (Program memory area)
- ✘ D. बिट-एड्रेसेबल RAM एरिया (Bit-addressable RAM area)

Q.75 यदि OP-AMP का उपयोग करने वाले प्रतिलोमी प्रवर्धक का इनपुट प्रतिरोध दोगुना कर दिया जाए और फीडबैक प्रतिरोध समान बना रहे, तो वोल्टता लब्धि का परिमाण क्या होगा?

Ans
- ✘ A. दोगुना हो जाता है
- ✘ B. एक-चौथाई हो जाता है
- ✘ C. समान रहता है
- ✔ D. आधा हो जाता है

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025

सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

सत्यमेव जयते

Test Date	28/07/2026
Test Time	9:30 AM - 12:00 PM
Subject	ALP Stage 2 Fitter

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **PART-A**

Q.1 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

UMD ZQG EUJ JYM ?

Ans
- ✗ A. PDP
- ✗ B. NBQ
- ✓ C. OCP
- ✗ D. NDO

Q.2 एक तापमापी 37 डिग्री सेल्सियस का पाठ्यांक दर्शाता है। केल्विन में संगत तापमान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 270 K
- ✗ B. 300 K
- ✓ C. 310 K
- ✗ D. 320 K

Q.3 किसी इंजीनियर को मशीन के एक पुर्जे के लिए एक खोखला शंकु बनाने का कार्य सौंपा गया है, जहाँ भित्ति की मोटाई एकसमान होनी चाहिए और असेम्बली के लिए तिर्यक ऊँचाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतिम डिज़ाइन में शंकु के सटीक रूप से फिट होने को सुनिश्चित करने हेतु कौन-सा कारक सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. अन्य विशेषताओं की तुलना में भित्ति की एकसमान मोटाई को प्राथमिकता देना
- ✓ B. यह सुनिश्चित करना कि तिर्यक ऊंचाई असेम्बली की आवश्यकता से सुमेलित हो
- ✗ C. केवल शंकु की समग्र ऊंचाई से सुमेलित होना
- ✗ D. सटीक फिट के लिए केवल आधार के व्यास पर फोकस करना

Q.4 एक पिंड का द्रव्यमान 10 किलोग्राम है। चंद्रमा पर इसका भार, पृथ्वी पर इसके भार की तुलना में कैसा है?

Ans
- ✗ A. पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा पर पिंड का भार अधिक है
- ✓ B. पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा पर पिंड का भार कम है
- ✗ C. पिंड का भार चंद्रमा और पृथ्वी दोनों पर बराबर है
- ✗ D. चंद्रमा पर पिंड का भार शून्य है

Railway BABA

Q.5 एक यांत्रिक अभियंता को एक ऐसी फ्लैंज संधि (flange joint) का अभिकल्पन करना है जहां दो पाइपों को 45-डिग्री के कोण पर संयोजित किया जाना है। दोनों बेलनाकार पाइपों के तकनीकी ड्राइंग (technical drawing) पर प्रतिच्छेदन रेखा को सटीक रूप से निरूपित करने के लिए अभियंता को किस विधि का उपयोग करना चाहिए?

Ans

✗ A. शीर्ष दृश्य (top view) में संधि पर एक साधारण वृत्त का आरेखन करें

✓ B. सहायक प्रक्षेप (auxiliary projection) का उपयोग करके प्रतिच्छेदन की वास्तविक आकृति का आरेखन करें

✗ C. सहायक दृश्यों के बिना केवल मानक लंबकोणीय प्रक्षेप का उपयोग करें

✗ D. पार्श्व दृश्य में प्रतिच्छेदन को एक सीधी रेखा के रूप में निरूपित करें

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✓ A. QK-VA

✗ B. TN-ZD

✗ C. EY-KO

✗ D. WQ-CG

Q.7 P, Q, R, S और T की आयु अलग-अलग है। T केवल एक व्यक्ति से बड़ा है। S, P से बड़ा है लेकिन Q से छोटा है। R, Q से बड़ा है। सबसे छोटा कौन है?

Ans

✓ A. P

✗ B. R

✗ C. S

✗ D. Q

Q.8 परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों का मुख्य प्रयोजन क्या है?

Ans

✓ A. जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए विशिष्ट प्रदूषकों की कानूनी रूप से अनुमेय सीमाएं निर्धारित करना

✗ B. सभी उद्योगों के लिए उत्सर्जन में बिल्कुल समान प्रतिशत की कमी करना अनिवार्य बनाना

✗ C. अन्य क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए केवल औद्योगिक परिचालनों पर ध्यान केंद्रित करना

✗ D. ऐतिहासिक प्रदूषण प्रवृत्तियों का मानचित्रण करने के लिए नियमित रूप से वायु के नमूने लेना सुनिश्चित करना

Q.9 यदि रोहन की आय 20% बढ़ जाती है और उसका व्यय 10% बढ़ जाता है, तो उसकी बचत में ₹1,200 की वृद्धि होती है। यदि उसकी मूल आय ₹12,000 थी, तो उसका मूल व्यय कितना था? (मान लीजिए कि, बचत = आय − व्यय)

Ans

✓ A. ₹12,000

✗ B. ₹10,000

✗ C. ₹9,000

✗ D. ₹11,000

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा, इनपुट और आउटपुट डिवाइस दोनों है?

Ans

✓ A. टचस्क्रीन मॉनिटर

✗ B. प्रोजेक्टर

✗ C. प्रिंटर

✗ D. कीबोर्ड

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, औसत वेग और उसके SI मात्रक का सटीक वर्णन करता है?

Ans

✗ A. औसत वेग कुल दूरी को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक मीटर प्रति सेकंड होता है

✗ B. औसत वेग कुल विस्थापन को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक किलोमीटर प्रति घंटा होता है।

✗ C. औसत वेग कुल दूरी को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक किलोमीटर प्रति घंटा होता है

✓ D. औसत वेग कुल विस्थापन को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक मीटर प्रति सेकंड होता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.12 निम्नलिखित में से कौन सा ई-अपशिष्ट के अनुचित निस्तारण से संबंधित एक प्रमुख पर्यावरणीय चिंता का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ A. प्लास्टिक का उन्नत जैव-निम्नीकरण
✓ B. मृदा और जल में विषाक्त धातुओं का निर्मुक्त होना
✗ C. बहुमूल्य धातुओं की पुनर्चक्रण (recycling) दरों में वृद्धि
✗ D. अपघटन से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन

Q.13 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ गिलास, चम्मच हैं।
सभी चम्मच, फोर्क हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ गिलास, फोर्क हैं।
(II) सभी फोर्क, चम्मच हैं।

Ans
✓ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.14 A, B, C, D, X, Y और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के दाईं ओर से गिनने पर, X और Z के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Z और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ A. A
✓ B. C
✗ C. Z
✗ D. X

Q.15 जब एक गतिमान कार में अचानक ब्रेक लगाया जाता है, तो उसकी गतिज ऊर्जा मुख्यत: किस प्रकार की ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है?

Ans
✓ A. ऊष्मा ऊर्जा
✗ B. प्रकाश ऊर्जा
✗ C. स्थितिज ऊर्जा
✗ D. ध्वनि ऊर्जा

Q.16 तीन पाइप A, B और C एक टंकी को क्रमशः 12 घंटे, 18 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। तल में एक रिसाव के कारण भरी हुई टंकी 36 घंटे में खाली हो सकती है। यदि सभी पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी कितने घंटे में भर जाएगी? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✗ A. 3.33 घंटे
✗ B. 9.45 घंटे
✓ C. 6.55 घंटे
✗ D. 5.56 घंटे

Q.17 एक हीरे की अंगूठी का मूल्य ₹85,000 है। पहले इसका मूल्य में 11% की कमी की जाती है और फिर कम किए गए मूल्य पर 4% की कमी की जाती है। दोनों छूट के बाद अंगूठी का अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹74,624
✗ B. ₹72,604
✓ C. ₹72,624
✗ D. ₹73,624

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.18 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

प्रश्न. पांच व्यक्तियों A, B, C, D, और E में से सबसे लंबा कौन है?
(I) A, B से लंबा है। B, C से लंबा है।
(II) D, E से लंबा है।

Ans

✗ A. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

✓ B. कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

✗ C. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

✗ D. कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Q.19 एक दुकानदार किसी उत्पाद पर क्रय मूल्य से 75% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा 30% और 40% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 20.9% लाभ

✗ B. 15.7% लाभ

✗ C. 22.6% लाभ

✓ D. 26.5% हानि

Q.20 कार्यस्थल सुरक्षा प्रणाली में फायर हाइड्रेंट (fire hydrant) का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans

✗ A. धुएं का संसूचन करना और कर्मचारियों को चेतावनी देना

✗ B. क्षेत्र से संकटजनक धूम को हटाना

✗ C. आपात स्थिति में स्वचालित रूप से फायर अलार्म सक्रिय करना

✓ D. आग बुझाने के लिए बड़ी मात्रा में जल की आपूर्ति करना

Q.21 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
पाँच खंभों—I, N, C, H, और L—में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा खंभा सबसे लंबा है?
(I) I, N से छोटा है लेकिन C से लंबा है। C केवल एक खंभे से लंबा है।
(II) H, L से लंबा है।

Ans

✗ A. अकेले कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

✗ B. कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

✗ C. अकेले कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

✓ D. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

Q.22 निम्नलिखित अक्षर तथा प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Z @ B R J # D * Q A M S % P L V O U S N T W Z (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans

✓ A. चार

✗ B. तीन

✗ C. एक भी नहीं

✗ D. दो

Q.23 कार्यशाला में किसी भी मशीन को परिचालित करने से पहले सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुरक्षा जांच कौन-सी है?

Ans

✓ A. मशीन के ढीले या क्षतिग्रस्त पुर्जों का निरीक्षण करें

✗ B. उपयोग करने से पहले मशीन को सूखे कपड़े से पोंछें

✗ C. जांच करें कि मशीन ठीक से प्लग-इन है या नहीं

✗ D. सुनिश्चित करें कि मशीन क्षेत्र उचित रूप से प्रकाशित हो

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.24 एक इंजीनियरिंग विद्यार्थी को असेंबली ड्राइंग (assembly drawing) के लिए एक जटिल मशीन पुर्जे का विस्तृत पार्श्व दृश्य बनाने का कार्य दिया गया है। कौन-सा उपागम पार्श्व से दिखाई देने वाले सभी अभिलक्षणों को सर्वाधिक सटीक रूप से निरूपित करेगा, और साथ ही प्रच्छन्न अतिव्यापन या गलत व्याख्याओं (misinterpretations) से बचेगा?

Ans
- ✔ A. पार्श्व से सभी दृश्यमान अवयवों का प्रक्षेप करें और आवश्यकता न होने पर प्रच्छन्न अभिलक्षणों का लोप कर दें
- ✘ B. दृश्य में दूर की ओर के अभिलक्षणों को निरूपित करने के लिए केवल प्रच्छन्न रेखाओं का उपयोग करें
- ✘ C. सभी अभिलक्षणों को शामिल करें, यहां तक कि वे भी जो चयनित पार्श्व दृश्य से दिखाई नहीं दे रही हैं
- ✘ D. मुख्य दृश्य से प्रक्षेपों का उपयोग किए बिना पार्श्व दृश्य को स्वतंत्र रूप से आरेखित करें

Q.25 यदि $\left(x+\frac{1}{x}\right)=3$ है, तो $\left(x^3+\frac{1}{x^3}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 20
- ✔ B. 18
- ✘ C. 15
- ✘ D. 16

Q.26 72, 78 और 90 का LCM ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 4680
- ✘ B. 4120
- ✘ C. 4250
- ✘ D. 4280

Q.27 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 16 का संबंध 260 से है। उसी तर्क के अनुसार, 25 का संबंध 630 से है। समान तर्क के अनुसार, 9 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✘ A. 78
- ✘ B. 732
- ✔ C. 84
- ✘ D. 729

Q.28 E, F, G, H, L और M एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। G के ऊपर केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। L और E के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। M और G के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। E, G के नीचे लेकिन F के ऊपर रहता है। H के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✘ A. एक
- ✘ B. चार
- ✘ C. दो
- ✔ D. तीन

Q.29 एक लोलक 24 दोलन पूरे करने में 60 सेकंड लेता है। यदि इसकी लंबाई बढ़ा दी जाए और अब यह उतने ही दोलनों के लिए 72 सेकंड लेता है, तो इसके आवर्तकाल में क्या परिवर्तन हुआ है?

Ans
- ✔ A. यह बढ़कर 3.0 सेकंड हो गया है
- ✘ B. यह घटकर 2.0 सेकंड हो गया है
- ✘ C. यह 2.5 सेकंड ही बना रहता है
- ✘ D. यह घटकर 1.5 सेकंड हो गया है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सा, भौतिकी में 'कार्य' को सटीक रूप से परिभाषित करता है?

Ans

✗ A. संचलन की उपेक्षा करते हुए कार्य तब होता है जब भी कोई बल अनुप्रयुक्त किया जाता है।

✓ B. कार्य तब होता है जब कोई बल किसी वस्तु को बल की दिशा में विस्थापित करता है।

✗ C. कार्य तब होता है जब किसी वस्तु में ऊर्जा संग्रहीत होती है।

✗ D. कार्य तब होता है जब कोई बल गति के सापेक्ष किसी भी कोण पर कार्य करता है।

Q.31 5 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के बिंदु P पर खींची गई स्पर्श रेखा PQ, केंद्र O से होकर जाने वाली रेखा से बिंदु Q पर इस प्रकार मिलती है कि OQ = 12 cm है। PQ की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\sqrt{117}$ cm

✓ B. $\sqrt{119}$ cm

✗ C. $\sqrt{107}$ cm

✗ D. $\sqrt{97}$ cm

Q.32 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) की विशेषताओं और उसमें ईथरनेट (Ethernet) की भूमिका को सही से दर्शाता है?

Ans

✗ A. LAN को कार्य करने के लिए हमेशा गीगाबिट ईथरनेट की आवश्यकता होती है और यह असुरक्षित होता है क्योंकि यह सभी नेटवर्क डिवाइसों को ओपन एक्सेस प्रदान करता है

✗ B. LAN को लंबी दूरी के संचार के लिए डिजाइन किया जाता है और ईथरनेट का उपयोग मुख्य रूप से वायरलेस डेटा एक्सचेंज के लिए किया जाता है

✓ C. ईथरनेट एक ऐसा मानक है जो यह नियंत्रित करता है कि LAN में मौजूद डिवाइस तारयुक्त कनेक्शन के माध्यम से किस प्रकार संचार करते हैं; जो 10 Mbps से लेकर 1000 Mbps तक की स्पीड को सपोर्ट करता है

✗ D. LAN में ईथरनेट लो-स्पीड डेटा ट्रांसफर प्रदान करता है और उपयोगकर्ताओं को पब्लिक इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर से कनेक्ट करता है

Q.33 एक निश्चित राशि पर 15% की वार्षिक दर से 3 वर्ष में ₹2,700 साधारण ब्याज के रूप में अर्जित होता है। वह राशि ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹9,000

✗ B. ₹8,000

✗ C. ₹5,000

✓ D. ₹6,000

Q.34 तीन श्रमिक, X, Y और Z, एक निश्चित कार्य को क्रमशः 10 दिन, 12 दिन और 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो उन्हें कार्य पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

Ans

✓ A. 4 दिन

✗ B. 6 दिन

✗ C. 5 दिन

✗ D. 8 दिन

Q.35 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) A T D E B R C L M Q O N P J M Q E A O Z W F U K S L (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans

✗ A. 2

✗ B. 1

✗ C. 0

✓ D. 3

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.36 अपशिष्ट जल उपचार के दौरान नाइट्रोजन और फास्फोरस की सांद्रता को कम करने के लिए कौन-सा उपागम सर्वाधिक प्रभावी है?

Ans
✔ A. जैविक और रासायनिक पोषक तत्व हटाना
✘ B. सतही-प्रवाह निर्मित आर्द्रभूमि
✘ C.
विस्तारित वातन के साथ प्राथमिक अवसादन
✘ D. द्वितीयक उपचार के बाद UV विसंक्रमण

Q.37 O, P, Q, U और V की लंबाई अलग-अलग है। V और Q की लंबाइयों के बीच केवल तीन व्यक्तियों की लंबाई है। P, U से लंबा है लेकिन O से छोटा है। V, Q से लंबा है।
कितने व्यक्ति P से छोटे हैं?

Ans
✔ A. दो
✘ B. एक
✘ C. तीन
✘ D. चार

Q.38 निम्नलिखित समीकरणों के निकाय को हल कीजिए।

$$-3x+2y-z=-1,\ 6x-6y+7z=-7,\ 3x-4y+4z=-6$$

Ans
✔ A. $x=2, y=2, z=-1$
✘ B. $x=-2, y=2, z=11$
✘ C. $x=1, y=2, z=2$
✘ D. $x=2, y=1, z=-3$

Q.39 प्रयोगशाला के रिकॉर्ड में दो बिंदुओं के बीच की दूरी 0.004 किलोमीटर दर्शाई गई है। वैज्ञानिक रिपोर्ट के लिए इसे लंबाई के SI मात्रकों में किस प्रकार लिखा जाना चाहिए?

Ans
✔ A. 4 m
✘ B. 0.4 m
✘ C. 4000 mm
✘ D. 400 cm

Q.40 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BIP : EMU
GNU : JRZ

Ans
✘ A. XDE : PON
✘ B.
VCD : GRD
✘ C.
CGW : NHT
✔ D.
FMT : IQY

Q.41 एक धावक 200 मीटर के एक वृत्ताकार पथ का एक चक्कर 50 सेकंड में पूरा करता है। धावक की औसत चाल क्या है?

Ans
✔ A. 4 मीटर प्रति सेकंड
✘ B. 3 मीटर प्रति सेकंड
✘ C. 3.5 मीटर प्रति सेकंड
✘ D. 4.5 मीटर प्रति सेकंड

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.42 एक कार 2 घंटे में 60 km उत्तर की ओर और फिर अगले 1 घंटे में 40 km दक्षिण की ओर यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार का औसत वेग कितना है?

Ans
- ✗ A. 20 km/h दक्षिण
- ✗ B. 33.3 km/h उत्तर
- ✗ C. 0 km/h
- ✓ D. 6.7 km/h उत्तर

Q.43 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर PJAE का संबंध एक निश्चित तरीके से JOWH से है। उसी प्रकार, OIVC का संबंध INRF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NEZF का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✓ A. HJVI
- ✗ B. IKUH
- ✗ C. IJVJ
- ✗ D. HKVJ

Q.44 इंजीनियरिंग ड्राइंग में, प्रत्यक्ष रूप से दिखाई न देने वाली प्रच्छन्न कोर को निरूपित करने के लिए सामान्यतः किस रेखा प्रतीक का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✓ A. असतत रेखा (Dashed line)
- ✗ B. ठोस मोटी रेखा (Solid thick line)
- ✗ C. शृंखलित पतली रेखा (Chain thin line)
- ✗ D. टेढ़ी-मेढ़ी रेखा (Zigzag line)

Q.45 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

98, 104, 116, 134, 158, ?

Ans
- ✓ A. 188
- ✗ B. 186
- ✗ C. 184
- ✗ D. 190

Q.46 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) B F O P P S Q A L M K A W X S N U Q J O M Y (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. 7
- ✓ B. 5
- ✗ C. 4
- ✗ D. 6

Q.47 आयतन के अनुसार पृथ्वी के वायुमंडल का सबसे बड़ा हिस्सा किस घटक से बना है?

Ans
- ✗ A. ऑक्सीजन
- ✗ B. आर्गन
- ✓ C. नाइट्रोजन
- ✗ D. कार्बन डाइऑक्साइड

Q.48 1200 kg द्रव्यमान वाली एक कार सीधी सड़क पर विरामावस्था से 20 m/s की चाल तक त्वरित होती है। यदि कार द्वारा प्राप्त गतिज ऊर्जा पूर्णतया इंजन द्वारा किए गए कार्य के कारण है तो निम्नलिखित में से कौन-सा, इस गति पर कार द्वारा प्राप्त कुल गतिज ऊर्जा को यथार्थ रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. 12,000 जूल
- ✗ B. 24,000 जूल
- ✓ C. 240,000 जूल
- ✗ D. 480,000 जूल

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.49 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। S के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। T और S के बीच ठीक एक बॉक्स रखा गया है। T और U के बीच ठीक तीन बॉक्स रखे गए हैं, और U को S के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। V को U के ठीक नीचे रखा गया है। W को P के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। Q को T के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को सबसे नीचे रखा गया है?

Ans
- ✗ A. S
- ✗ B. Q
- ✗ C. V
- ✓ D. P

Q.50 निम्न डेटा की माध्यिका ज्ञात कीजिए।
25, 15, 23, 25, 17, 27, 20, 18, 24, 30, 19, 28, 35, 10, 31, 40

Ans
- ✗ A. 20.5
- ✓ B. 24.5
- ✗ C. 23.5
- ✗ D.
25

Q.51 ₹16,000 की धनराशि अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने वर्षों में ₹18,522 हो जाएगी?

Ans
- ✗ A. 2.5 वर्ष
- ✓ B. 1.5 वर्ष
- ✗ C. 2 वर्ष
- ✗ D. 1 वर्ष

Q.52 15 डिग्री सेल्सियस वाले एक प्रतिदर्श जल को 35 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है। तापमान परिवर्तन (केल्विन में) कितना है?

Ans
- ✗ A. तापमान परिवर्तन 50 K है।
- ✗ B. तापमान परिवर्तन 15 K है।
- ✗ C. तापमान परिवर्तन 30 K है।
- ✓ D. तापमान परिवर्तन 20 K है।

Q.53 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया, फिटिंग कार्यों के दौरान हस्त रेती (hand file) का उपयोग करते समय टूल सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन को दर्शाती है?

Ans
- ✗ A. बेहतर उत्तोलन (leverage) के लिए कंधे की ऊंचाई से ऊपर रेतीयन करना
- ✗ B. रेतीयन करते समय अत्यधिक अधोमुखी बल लगाना
- ✓ C. टैंग (tang) पर उपयुक्त हत्थे को मजबूती से फिट करना
- ✗ D. रेतीयन कार्य (filing work) के दौरान रेती को उसके टैंग के पास पकड़ना

Q.54 एक ट्रेन X, विपरीत दिशा में चल रही दूसरी ट्रेन Y में बैठे एक व्यक्ति को 8 सेकंड में पार करती है। हालांकि, जब दोनों ट्रेनें एक ही दिशा में चल रही होती हैं, तो ट्रेन X द्वारा उसी व्यक्ति को पार करने में 20 सेकंड लगते हैं। यदि ट्रेन X की लंबाई 360 मीटर है और ट्रेन Y (जिसमें व्यक्ति बैठा है) की लंबाई 240 मीटर है, तो ट्रेन Y की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 48.6 km/h
- ✗ B. 46.5 km/h
- ✗ C. 45.3 km/h
- ✗ D. 45.8 km/h

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.55 दो विद्यार्थी एक जैसे बक्सों को 10 m की दूरी तक ले जाते हैं। विद्यार्थी A, 50 N का बल अनुप्रयुक्त करता है, जबकि विद्यार्थी B, 100 N का बल अनुप्रयुक्त करता है। दोनों विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्य में कितना अंतर है?

Ans

✗ A. 0 J

✗ B. 50 J

✓ C. 500 J

✗ D. 1000 J

Q.56 कोई कार एक सीधी सड़क पर 90 km पूर्व और फिर उसी सड़क पर 30 km पश्चिम की ओर चलती है। यदि संपूर्ण यात्रा में 3 घंटे लगते हैं, तो कार का औसत वेग ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 30 km/h पूर्व

✗ B. 50 km/h उत्तर

✓ C. 20 km/h पूर्व

✗ D. 40 km/h पूर्व

Q.57 इस प्रश्न में, नीचे दिए गए कूट और शर्तों के अनुसार संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को अक्षरों में कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाला सही कूट संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो तालिका में दिए अनुसार संबंधित संख्या/प्रतीक के कूट का प्रत्यक्ष रूप से अनुसरण किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक	6	1	&	3	%	8	+	4	#	7	@	5	2	$
कूट	R	V	G	D	S	C	T	L	F	W	H	U	Y	N

शर्तें:
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक विषम संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरे और तीसरे दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
+ 6 $ 2 7

Ans

✗ A. WSNYT

✗ B. TSNWW

✗ C. STMWV

✓ D. WRNYT

Q.58 निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण, इंजीनियरिंग ड्राइंग में BIS ड्राइंग मानक की आवश्यकता है?

Ans

✗ A. स्पष्टता (clarity) के लिए रंगीन पेंसिलों का उपयोग

✓ B. विशिष्ट जानकारी वाला शीर्षक ब्लॉक (Title block)

✗ C. बिना पैमाने के मुक्तहस्त रेखाचित्र (Freehand sketches)

✗ D. यादृच्छिक चौड़ाई की सीमा रेखाएं (Margin lines)

Q.59 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी लड़कियाँ, मुर्गियाँ हैं। कोई मुर्गी, बिल्ली नहीं है।
निष्कर्ष (I): कोई लड़की, बिल्ली नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ बिल्लियाँ, मुर्गियाँ हैं।

Ans

✓ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.60 यदि एक स्कूटर 25 km प्रति घंटे की नियत चाल से यात्रा करता है, तो वह 4 घंटे में कितनी दूरी तय करेगा?

Ans
✗ A. 80 km
✗ B. 75 km
✓ C. 100 km
✗ D. 120 km

Q.61 नामिया पश्चिम की ओर अभिमुख होकर खड़ी है। वह बाईं ओर मुड़कर 15 m चलती है। फिर बाईं ओर मुड़कर 25 m चलती है। वह दोबारा बाईं ओर मुड़ती है और 40 m चलती है। अंत में बाईं ओर मुड़कर 40 m चलकर वह अपने घर पहुंचती है। आरंभिक बिंदु के सापेक्ष उसका घर किस दिशा में है?

Ans
✓ A. उत्तर-पश्चिम
✗ B. उत्तर-पूर्व
✗ C. दक्षिण-पूर्व
✗ D. दक्षिण-पश्चिम

Q.62 एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 88 cm है और उसकी ऊँचाई 150 cm है। बेलन का आयतन (cm^3 में) कितना है?
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✗ A. 92450
✗ B. 92550
✓ C. 92400
✗ D. 92500

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

QOI 5, OMG 10, MKE 15, KIC 20, ?

Ans
✗ A. HIZ 30
✗ B. JHZ 24
✗ C. IHS 23
✓ D. IGA 25

Q.64 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

74, 83, 101, 128, ?, 209

Ans
✗ A. 155
✗ B. 146
✓ C. 164
✗ D. 176

Q.65 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 40 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60
बारंबारता	30	27	44	29	X

Ans
✗ A. 93
✓ B. 82
✗ C. 99
✗ D. 98

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.66 माइक्रोसॉफ्ट विंडोज (Microsoft Windows) में टच जेस्चर यूजर्स को क्या करने की सुविधा देते है?

Ans
✔ A. उंगलियों के गतिविधि का उपयोग करके क्रियाएं करने
✘ B. स्क्रीन की ब्राइटनेस बढ़ाने
✘ C. कीबोर्ड पर तेजी से टाइप करने
✘ D. बाह्य डिवाइस को कनेक्ट करने

Q.67 व्यंजक $\left[\frac{\cos A}{(1 - \tan A)}\right] + \left[\frac{\sin A}{(1 - \cot A)}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 1
✘ B. sin A − cos A
✘ C. 0
✔ D. cos A + sin A

Q.68 ₹420 की धनराशि को A, B, C और D के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A : B = 4 : x, B : C = x : 7, C : D = 6 : (x − 3) है। यदि B और C को कुल ₹210 मिलते हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 53
✘ B. 27
✘ C. 42
✔ D. 39

Q.69 फ्यूज तार का कौन-सा गुणधर्म यह सुनिश्चित करता है कि अतिरिक्त धारा प्रवाहित होने पर यह शीघ्र पिघल जाए?

Ans
✘ A. मोटा तार
✘ B. उच्च विद्युत प्रतिरोध
✔ C. निम्न गलनांक
✘ D. उच्च गलनांक

Q.70 ईमेल (email) का उपयोग किस लिए किया जाता है?

Ans
✘ A. डेटा प्रोसेसिंग के लिए
✘ B. डॉक्यूमेंट क्रिएट करने के लिए
✔ C. मैसेज भेजने के लिए
✘ D. फाइल स्टोरेज के लिए

Q.71 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न ('?') के स्थान पर क्या आएगा?

14 A 30 B 45 C 15 D 9 = ?

Ans
✘ A. 25
✔ B. 27
✘ C. 29
✘ D. 28

Q.72 एक पिता ने अपने पुत्रों P, Q, R और S में दो विभिन्न राशियां बांटी। पहली राशि को 5 : 4 : 3 : 2 के अनुपात में बांटी गई और दूसरी राशि को 6 : 7 : 8 : 9 के अनुपात में बांटी गई। यदि दूसरी राशि, राशि पहली राशि की तिगुनी है, तो किस पुत्र को अधिकतम राशि प्राप्त होगी?

Ans
✘ A. P
✘ B. R
✘ C. Q
✔ D. S

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.73 8 संख्याओं का औसत 45 है। यदि एक संख्या, 59, को हटा दिया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
✔ A. 43
✘ B. 42.5
✘ C. 41.5
✘ D. 42

Q.74 एक निश्चित कूट भाषा में, 'KING' को '9713' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ITCH' को '2945' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या होगा?

Ans
✘ A. 2
✘ B. 7
✘ C. 4
✔ D. 9

Q.75 G, Y की माता है। Y, V की बहन है। S, L का पिता है। L, V का पति है। G का S से क्या संबंध है?

Ans
✔ A. पुत्र की पत्नी की माता
✘ B. माता की माता
✘ C. पुत्र की पत्नी की बहन
✘ D. पुत्र की पत्नी

Q.76 औद्योगिक क्षेत्र के निकट मृदा प्रदूषण, घटती फसल उत्पादकता और निम्न सूक्ष्मजैविक गतिविधि के समाधान के लिए कौन-सी एकीकृत रणनीति सर्वोत्तम है?

Ans
✘ A. शहरी क्षेत्रों का कृषि भूमि में विस्तार करना
✘ B. निकटवर्ती शहरी केंद्रों में पुनर्वनीकरण
✘ C. सभी क्षेत्रीय रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगाना
✔ D. संधारणीयता के लिए औद्योगिक अपशिष्ट को नियंत्रित करना

Q.77 एक व्यापारी ₹23 प्रति पेन की दर से 187 पेन खरीदता है। परिवहन के दौरान, 7 पेन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और उन्हें बेचा नहीं जा सकता। वह शेष पेन ₹27 प्रति पेन की दर से बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (अपना उत्तर दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित करें)

Ans
✘ A. 14.1%
✘ B. 12.6%
✔ C. 13.0%
✘ D. 13.7%

Q.78 एक श्रमिक का हाथ यांत्रिक कर्तन क्रिया से क्षति होने के जोखिम में है। कौन-सी स्थिति कर्तन खतरे (shearing hazard) का सर्वोत्तम अच्छा वर्णन करती है?

Ans
✘ A. कार्य के दौरान मशीन के रूक्ष अपघर्षक सतह पर हाथ का पुनरावर्ती रूप से रगड़ना
✔ B. प्रचालन के दौरान गतिशील ब्लेड और मशीन की स्थिर सतह के बीच हाथ का फंस जाना
✘ C. प्रचालन के दौरान मशीन के घूर्णी शैफ्ट में हाथ उलझ जाना
✘ D. अनुरक्षण गतिविधि के दौरान हाथ का मशीन की गर्म धात्विक सतह को छूना

Q.79 किसी इंजीनियर को एक यांत्रिक पुर्जे का फ्रंट व्यू (front view) बनाने का कार्य सौंपा गया है। पुर्जे का आधार आयताकार है, जिसके बीच से एक ऊर्ध्वाधर वृत्तीय छिद्र गुजरता है, और उसके ऊपर एक त्रिकोणीय प्रिज्म संलग्न है। नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से बताता है कि फ्रंट व्यू में क्या दिखाई देगा?

Ans
✘ A. केवल फ्रंट व्यू पर ही त्रिकोणीय प्रिज्म और वृत्तीय छिद्र की आउटलाइन दृश्यमान होगी
✘ B. फ्रंट व्यू ड्राइंग पर केवल आयताकार आधार की आउटलाइन दृश्यमान होगी
✘ C. फ्रंट व्यू ड्राइंग पर केवल त्रिभुजाकार प्रिज्म ही स्पष्ट रूप से दृश्यमान होगा
✔ D. आयताकार आधार और त्रिकोणीय प्रिज्म की आउटलाइन दृश्यमान होगी, लेकिन छिद्र दृश्यमान नहीं होगा

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.80 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है तथा 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

28 A 16 C 3 B 12 D 4 = ?

Ans
✗ A. 70
✗ B. 72
✓ C. 73
✗ D. 71

Q.81 इंजीनियरिंग ड्राइंग में 'बिंदु' का सबसे सटीक वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans
✗ A. एक बिंदु दो रेखाओं का प्रतिच्छेदन बिंदु होता है और इसकी लंबाई सदैव मापी जा सकती है।
✓ B. एक बिंदु एक सटीक अवस्थिति को इंगित करता है लेकिन इसका कोई आमाप, लंबाई या चौड़ाई नहीं होती है।
✗ C. एक बिंदु एक छोटा रेखाखंड होता है जिसका उपयोग मापन को चिह्नित करने के लिए किया जाता है।
✗ D. एक बिंदु लंबाई और चौड़ाई दोनों के साथ एक छोटे क्षेत्र को दर्शाता है।

Q.82 एक नाव, नदी में 40 km धारा की दिशा में और फिर 40 km धारा की विपरीत दिशा में चलती है। स्थिर जल में नाव की चाल 12 km/hr है और धारा की चाल 4 km/hr है। नाव को संपूर्ण दूरी (धारा की विपरीत दिशा और धारा की दिशा दोनों) तय करने में कितना समय लगता है?

Ans
✗ A. 6 घंटे
✗ B. 10 घंटे
✗ C. 8 घंटे
✓ D. 7.5 घंटे

Q.83 एक साइकिल चालक एक सीधी सड़क पर 16 सेकंड में 120 मीटर की दूरी तय करता है, फिर तुरंत एक समान सड़क खंड पर 24 सेकंड में 180 मीटर की दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान साइकिल चालक की औसत चाल क्या है?

Ans
✗ A. 8.0 मीटर प्रति सेकंड
✗ B. 7.0 मीटर प्रति सेकंड
✓ C. 7.5 मीटर प्रति सेकंड
✗ D. 6.5 मीटर प्रति सेकंड

Q.84 तृतीय कोणीय प्रक्षेपण (Third Angle Projection) में, वस्तु (object) को प्रक्षेप तल के सापेक्ष कहाँ रखा जाता है?

Ans
✗ A. वस्तु को चतुर्थ चतुर्थांश में रखा जाता है
✗ B. वस्तु को द्वितीय चतुर्थांश में रखा जाता है
✓ C. वस्तु को तृतीय चतुर्थांश में रखा जाता है
✗ D. वस्तु को प्रथम चतुर्थांश में रखा जाता है

Q.85 निम्नलिखित को सरल कीजिए।
60 - {(-8) × (-16 - 19 - 2)} ÷ [5 × {2 + (-1) × (-1)}]

Ans
✓ A. $\frac{604}{15}$
✗ B. $\frac{594}{15}$
✗ C. $\frac{614}{15}$
✗ D. $\frac{608}{15}$

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.86 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है, और इसी प्रकार आगे की भी संख्याएं प्राप्त की गई है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, उन्हीं संक्रियाओं का अनुसरण करता है, जो दिए गए समुच्चयों में किया गया है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

10 - 100 - 50 - 25; 2 - 4 - 2 - 1

Ans
- ✔ A. 4 - 16 - 8 - 4
- ✘ B. 8 - 64 - 32 - 14
- ✘ C. 12 - 144 - 62 - 31
- ✘ D. 5 - 25 - 15 - 7

Q.87 एक रोलर कोस्टर में उसके ट्रैक के शीर्ष पर अधिकतम स्थितिज ऊर्जा होती है। जैसे-जैसे यह नीचे उतरता है और इसकी गति में वृद्धि होती है, घर्षण और वायु प्रतिरोध की उपेक्षा करने पर इसकी गतिज और स्थितिज ऊर्जा का योग नियत होने के कारण की व्याख्या कौन-सा सिद्धांत करता है?

Ans
- ✘ A. अध्यारोपण सिद्धांत
- ✔ B. ऊर्जा संरक्षण का नियम
- ✘ C. जड़त्व का सिद्धांत
- ✘ D. जड़त्व का नियम

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में मल्टी-व्यू ड्राइंग के प्रयोजन का सटीक वर्णन है?

Ans
- ✘ A. वस्तु को केवल एकल त्रि-विमीय दृश्य रूप में प्रस्तुत करना
- ✘ B. किसी वस्तु को केवल एक ही दिशा से दर्शाना
- ✘ C. बेहतर दृश्यता के लिए, किसी वस्तु को विभिन्न रंगों में प्रदर्शित करना
- ✔ D. किसी वस्तु के विभिन्न पार्श्वों को समतल पृष्ठ पर स्पष्ट रूप से दर्शाना

Q.89 एक शंक्वाकार तंबू के आधार की त्रिज्या 14 m और ऊंचाई 48 m है। यह कितनी घन मीटर वायु धारण कर सकता है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
- ✘ A. 9568
- ✔ B. 9856
- ✘ C. 9865
- ✘ D. 8956

Q.90 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि, 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि, 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि, 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि, 'A, B का पिता है'।

यदि 'श्रेया + देव – तरण × हर्षित % महक' है, तो श्रेया का महक से क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. पिता की बहन
- ✔ B. माता की माता
- ✘ C. माता की बहन
- ✘ D. पिता की माता

Railway BABA

Q.91 चाँदी-ताँबे की दो प्रकार की मिश्रधातुएँ हैं। पहली मिश्रधातु में $93\frac{1}{3}\%$ चाँदी है, जबकि दूसरी मिश्रधातु में $86\frac{2}{3}\%$ चाँदी है। पहली मिश्रधातु की वह मात्रा ज्ञात कीजिए जिसे दूसरी मिश्रधातु की कुछ मात्रा के साथ मिलाने पर 90% चाँदी वाला 100 kg मिश्रण प्राप्त हो।

Ans
- ✗ A. 48 kg
- ✗ B. 45 kg
- ✓ C. 50 kg
- ✗ D. 52 kg

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. BG – EJ
- ✗ B. DJ – GM
- ✗ C. AF – DI
- ✓ D. CH – EK

Q.93 विद्यालय के प्रयोगों में उपयोग किए जाने वाले किसी प्रयोगशाला थर्मामीटर द्वारा कवर की जाने वाली विशिष्ट तापमान सीमा कितनी होती है?

Ans
- ✓ A. -10 से 110 डिग्री सेल्सियस
- ✗ B. 35 से 42 डिग्री सेल्सियस
- ✗ C. 0 से 200 डिग्री सेल्सियस
- ✗ D. -50 से 50 डिग्री सेल्सियस

Q.94 एक व्यापारी किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित करता है। वह अंकित मूल्य पर 10% की छूट प्रदान करता है। छूट देने के बाद, उसे उस वस्तु पर ₹180 का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹1,380
- ✗ B. ₹1,200
- ✓ C. ₹1,440
- ✗ D. ₹1,260

Q.95 स्प्रेडशीट एप्लिकेशन में, उपयोगकर्ता, सेल की एक रेंज सेलेक्ट करता है और Ctrl + C दबाता है, उसके बाद किसी दूसरी वर्कशीट में Ctrl + V दबाता है। डेटा का क्या होता है?

Ans
- ✗ A. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में मूव हो जाते हैं।
- ✓ B. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में कॉपी हो जाते हैं।
- ✗ C. सेलेक्ट किए गए सेल मूल वर्कशीट से डिलीट हो जाते हैं।
- ✗ D. सेलेक्ट किए गए सेल एक नई फ़ाइल में सेव हो जाते हैं।

Q.96 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

31 B 35 D 7 A 9 C 2 = ?

Ans
- ✗ A. 46
- ✗ B. 42
- ✗ C. 48
- ✓ D. 44

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.97 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति किसी यांत्रिक कार्यशाला में उलझने के खतरे (entanglement hazard) का सर्वोत्तम वर्णन करती है?

Ans

✔ A. घूर्णी शैफ्ट में ढीले कपड़े का फंसना

✘ B. तप्त पृष्ठों के पास दस्ताने पहनना

✘ C. तेज धार से उंगली कटना

✘ D. गियर्स के बीच हाथ का दबना

Q.98 एक इंजीनियर, कारखाने में मशीन से संबंधित क्षति का आकलन करने के लिए भ्रंश वृक्ष विश्लेषण (fault tree analysis) का उपयोग करता है। मानक प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम कौन-सा कदम उठाया जाना चाहिए?

Ans

✔ A. क्षति का कारण बनने वाली शीर्ष घटना को परिभाषित करना

✘ B. विफलताओं के सभी संभावित कारणों को सूचीबद्ध करना

✘ C. कार्यस्थल डेटा का उपयोग करके विश्लेषण को मान्य करना

✘ D. जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय स्थापित करना

Q.99 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, रासायनिक ऊर्जा के यांत्रिक ऊर्जा में रूपांतरण को सटीक रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans

✘ A. एक तानित रबर बैंड वापस अपनी मूल आकृति में आ जाता है।

✘ B. एक पत्थर मेज से जमीन पर गिर जाता है।

✔ C.
एक धावक आगे की ओर तेज दौड़ने के लिए भोजन से प्राप्त संचित ऊर्जा का उपयोग करता है।

✘ D. नई बैटरी डालने के बाद टॉर्च चालू हो जाती है।

Q.100 एक कार राजमार्ग पर चल रही है और उसका ओडोमीटर 8:00 am पर 180 km और 9:30 am पर 240 km रीडिंग रिकॉर्ड करता है। इस जानकारी के आधार पर, कौन-सा कथन इस अंतराल के दौरान कार की औसत चाल का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans

✔ A. कार की औसत चाल 40 km प्रति घंटा है, जिसकी गणना ओडोमीटर रीडिंग और समय अंतराल के आधार पर की जाती है।

✘ B. कार की औसत चाल 180 km प्रति घंटा है क्योंकि 8:00 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।

✘ C. कार की औसत चाल 60 km प्रति घंटा है, यह केवल ओडोमीटर रीडिंग में हुए परिवर्तन पर आधारित है।

✘ D. कार की औसत चाल 240 km प्रति घंटा है क्योंकि 9:30 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।

Section : **PART-B**

Q.1 निम्नलिखित में से कौन-सा गुण, संगलनीयता (Fusibility) से सर्वाधिक संबंधित है?

Ans

✘ A. घनत्व

✘ B. विद्युत प्रतिरोध

✔ C. गलनांक

✘ D. तापीय प्रसार

Q.2 सहिष्णुता आरेख (tolerance diagram) में कौन-सी विशेषता, संक्रमण अन्वायोजन को दृष्टिगत रूप से दर्शाती है?

Ans

✔ A. शून्य रेखा के सापेक्ष होल और शैफ्ट के अतिव्यापी सहिष्णुता क्षेत्र

✘ B. शैफ्ट सहिष्णुता क्षेत्र से पूर्णतः ऊपर होल सहिष्णुता क्षेत्र

✘ C. होल सहिष्णुता क्षेत्र से पूर्णतः ऊपर शैफ्ट सहिष्णुता क्षेत्र

✘ D.
होल और शैफ्ट के पूर्ण रूप से पृथक सहिष्णुता क्षेत्र

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.3 किसी एकल प्रवर्तक के लिए दो स्वतंत्र नियंत्रण बिंदुओं वाले तंत्र में टू-वे वाल्व (two-way valve) के स्थान पर शटल वाल्व (shuttle valve) को उपयोग करने का मुख्य कारण क्या है?

Ans

✗ A. शटल वाल्व, दूसरे को अवरुद्ध करते हुए एक समय में केवल एक नियंत्रण बिंदु को कार्य करने की सुविधा देता है

✗ B. शटल वाल्व सक्रिय होने पर दोनों नियंत्रण बिंदुओं से वायु डिस्चार्ज करता है

✗ C. शटल वाल्व समसामयिक प्रचालन को रोकने के लिए दो नियंत्रण बिंदुओं के संकेतों को इंटरलॉक करता है

✓ D. शटल वाल्व संकेत में व्यतिकरण या हानि के बिना किसी भी नियंत्रण बिंदु से प्रवर्तक प्रचालन को सक्षम बनाता है

Q.4 साधारण हथौड़ों (ordinary hammers) की तुलना में स्लेज हथौड़े (sledge hammer) की अधिक संघट्ट ऊर्जा के लिए उत्तरदायी प्राथमिक संरचनात्मक विशेषता कौन-सी है?

Ans

✓ A. लंबा हत्था होने के साथ-साथ शीर्ष (head) का द्रव्यमान अधिक होने से उच्च आघाती संवेग उत्पन्न होता है

✗ B.
ठोस फोर्जित शीर्ष की संरचना, पुनरावृत्त भारी प्रहारों के दौरान ऊर्जा अंतरण में सुधार करती है

✗ C.
संतुलित शीर्ष ज्यामिति जिससे भारी संघट्ट आघात के दौरान दिशात्मक स्थायित्व में सुधार करती है

✗ D.
विस्तारित हत्था लीवरेज जिससे बलपूर्वक आघात प्रचालन के दौरान स्विंग त्रिज्या में वृद्धि होती है

Q.5 किसी मशीन का एक पुर्जा 169 वर्ग मिलीमीटर के पृष्ठीय क्षेत्रफल के साथ विनिर्मित किया जाता है। यदि मात्रक को बदलकर वर्ग सेंटीमीटर कर दिया जाए, तो नए मात्रक में पृष्ठीय क्षेत्रफल का वर्गमूल कितना होगा?

Ans

✗ A. 0.13

✓ B. 1.3

✗ C. 169

✗ D. 13

Q.6 निम्नलिखित में से किस वेल्डिंग विधि में, जोड़ पर आधार पदार्थों को पिघलाकर धातुओं को जोड़ा जाता है?

Ans

✓ A. संगलन वेल्डिंग

✗ B. दाब वेल्डिंग

✗ C. ठोस-अवस्था वेल्डिंग

✗ D. प्रतिरोध वेल्डिंग

Q.7 पाइप फिटिंग में उपयोग किए जाने वाले अन्य सामान्य प्रकार के पाइपों की तुलना में GI पाइप की सबसे प्रमुख विशेषता क्या है?

Ans

✗ A. यह उच्च चालकता के लिए तांबे से बना होता है

✗ B. नम्यता के लिए रबर से आस्तरित होता है

✓ C. इसे जंग लगने से बचाने के लिए जिंक की परत से कोट किया जाता है

✗ D. यह प्लास्टिक से बना होता है और हल्का होता है

Q.8 वह पदार्थ जो बिना भंजन के दाब, बंकन, तथा कर्षण बलों को सहन कर सकता है, उसमें _____ होती है?

Ans

✗ A. प्रत्यास्थता (Elasticity)

✗ B. कठोरता (Hardness)

✗ C. भंगुरता (Brittleness)

✓ D. लगिष्णुता (Tenacity)

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तोलक (lever) का एक उदाहरण है?

Ans

✓ A. भारी वस्तु को उठाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला सब्बल

✗ B. रस्सी युक्त घिरनी

✗ C. दो बोर्ड को एक-साथ जोड़े रखने वाला पेंच

✗ D. भारी वाहनों को उठाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला हाइड्रोलिक जैक

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.10 शुष्क मशीनन प्रचालन के दौरान सिरेमिक टूल सामग्री का कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक लाभदायक है?

Ans

✔ A. ऊष्मा के प्रति उच्च प्रतिरोध

✘ B.
निम्न लागत

✘ C.
उच्च चर्मलता

✘ D.
तीक्ष्णन में सुगमता

Q.11 फ्लैट बेल्ट पुली सिस्टम (flat belt pulley system) को स्थापित करते समय, पुली फलक पर कौन-सी विशेषता, प्रचालन के दौरान बेल्ट को केंद्र में बनाए रखने में सहायता करती है?

Ans

✘ A. पुली फलक पर थोड़ी अवतल आकृति

✘ B. बिना किसी आकृति परिवर्तन वाला संपूर्ण रुक्ष पृष्ठ

✔ C. पुली फलक पर थोड़ी उत्तल आकृति

✘ D. बिना वक्रता वाला एक सपाट फलक

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, ITI फिटर ट्रेड में प्रोट्रैक्टर (protractor) के सामान्य उपयोग का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✘ A. पदार्थ की मोटाई की जांच करना

✔ B. वर्कपीस पर कोणों को मापना और चिह्नित करना

✘ C. धातु पृष्ठों पर समानांतर रेखाएं खींचना

✘ D. प्लेट पर छिद्र के केंद्र को चिह्नित करना

Q.13 वॉर्डिंग रेती (warding file) का मुख्य उपयोग क्या है?

Ans

✘ A. चूड़ी कर्तन (Thread cutting)

✔ B. संकीर्ण रेतन (Narrow filing)

✘ C. व्यास की जाँच (Diameter checking)

✘ D. पृष्ठ पॉलिशन (Surface polishing)

Q.14 कार्यस्थल संगठन के लिए प्रयुक्त पांच S (Five S) अवधारणा में पहला चरण कौन-सा है?

Ans

✘ A. Set in order (सेट इन ऑर्डर)

✘ B. Standardize (स्टैंडर्डाइज़)

✔ C. Sort (सॉर्ट)

✘ D. Shine (शाइन)

Q.15 कार्यशाला में उपयोग की जाने वाली एक सपाट रेती (Flat File) के मुक्त हस्त स्केच में कौन-सी विशेषता शामिल की जानी चाहिए?

Ans

✘ A. स्केच में वक्रित ब्लेड को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए

✘ B. स्केच में गोल हैंडल को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए

✘ C. स्केच में क्रकचित बॉडी को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए

✔ D. स्केच में शुंडित किनारे को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए

Q.16 धातु जुड़ाई में उचित वेल्ड वेधन सुनिश्चित करने हेतु बट-संधि तैयार करने के लिए मूल अंतराल (root gap) और बेवेल कोण का कौन-सा संयोजन सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans

✔ A. 2 mm का मूल अंतराल और 60 डिग्री का बेवेल कोण

✘ B. 1 mm का मूल अंतराल और 30 डिग्री का बेवेल कोण

✘ C. 0.5 mm का मूल अंतराल और 45 डिग्री का बेवेल कोण

✘ D. 3 mm का मूल अंतराल और 20 डिग्री का बेवेल कोण

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.17 एक फैब्रिकेशन यूनिट में, समानांतर शैफ्ट कनेक्शन का उपयोग करके किसी गियर ट्रेन में रवीय प्रचालन (noisy operation) देखा जाता है। भविष्य संस्थापनों में रव और अक्षीय बल को कम करने के लिए, किस गियर की अनुशंसा की जानी चाहिए?

Ans

✔ A. बिना किसी अक्षीय बल के सुचारू और शांत प्रचालन के लिए हेरिंगबोन गियर

✘ B. उच्च रव स्तर के साथ बुनियादी शक्ति पारेषण के लिए स्पर गियर

✘ C. रवीय अनुप्रयोगों में शैफ्ट की दिशा बदलने के लिए बेवेल गियर

✘ D. अपेक्षाकृत निम्न रव लेकिन अक्षीय बल की उपस्थिति के लिए हेलिकल गियर

Q.18 एक फिटर को धातु की प्लेट पर कर्तन से पूर्व उस पर परिशुद्ध समानांतर रेखाओं के अंकन (marking) का कार्य सौंपा जाता है। उसे इस कार्य के लिए उपयुक्त सामग्री से बने टिप (tips) वाले डिवाइडर का चयन करना है। धातु की पृष्ठ पर परिशुद्ध अंकन सुनिश्चित करने और तीव्र निघर्षण से बचने के लिए डिवाइडर टिप के लिए कौन-सी सामग्री सबसे उपयुक्त होगी?

Ans

✘ A. उच्च कार्बन इस्पात टिप

✔ B.
कठोरीकृत इस्पात टिप

✘ C.
पीतल टिप

✘ D. ऐलुमिनियम टिप

Q.19 कार्यशाला-मशीन के लिए किसी विद्युत-वातिल नियंत्रण प्रणाली में कौन-सा घटक, विद्युत ऊर्जा को प्रत्यक्ष रूप से रैखिक यांत्रिक गति में रूपांतरित करता है ताकि वातिल वाल्व को प्रचालित किया जा सके?

Ans

✘ A. कंप्रेसर से पायलट एयर सिग्नल

✘ B. मैनिफोल्ड से जुड़ा दाब स्विच

✔ C. वाल्व असेंबली के अंदर परिनालिका कॉइल

✘ D. सर्किट पैनल में नियंत्रण रिले

Q.20 वातिल प्रणाली में, वायु रिसीवर टैंक, संपीडित्र के बाद और वितरण लाइनों से पहले क्यों रखा जाता है?

Ans

✔ A. संपीडित वायु को संग्रहित करने और दाब स्थिरता बनाए रखने के लिए

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण, इंजीनियरिंग ड्राइंग में BIS ड्राइंग मानक की आवश्यकता है?

Ans
- ✗ A. बिना पैमाने के मुक्तहस्त रेखाचित्र (Freehand sketches)
- ✓ B. विशिष्ट जानकारी वाला शीर्षक ब्लॉक (Title block)
- ✗ C. यादृच्छिक चौड़ाई की सीमा रेखाएं (Margin lines)
- ✗ D. स्पष्टता (clarity) के लिए रंगीन पेंसिलों का उपयोग

Q.12 ईमेल (email) का उपयोग किस लिए किया जाता है?

Ans
- ✗ A. डॉक्यूमेंट क्रिएट करने के लिए
- ✓ B. मैसेज भेजने के लिए
- ✗ C. फाइल स्टोरेज के लिए
- ✗ D. डेटा प्रोसेसिंग के लिए

Q.13 एक हीरे की अंगूठी का मूल्य ₹85,000 है। पहले इसका मूल्य में 11% की कमी की जाती है और फिर कम किए गए मूल्य पर 4% की कमी की जाती है। दोनों छूट के बाद अंगूठी का अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹72,624
- ✗ B. ₹74,624
- ✗ C. ₹73,624
- ✗ D. ₹72,604

Q.14 8 संख्याओं का औसत 45 है। यदि एक संख्या, 59, को हटा दिया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 42
- ✗ B. 42.5
- ✗ C. 41.5
- ✓ D. 43

Q.15 आयतन के अनुसार पृथ्वी के वायुमंडल का सबसे बड़ा हिस्सा किस घटक से बना है?

Ans
- ✓ A. नाइट्रोजन
- ✗ B. कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ C. आर्गन
- ✗ D. ऑक्सीजन

Q.16 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है, और इसी प्रकार आगे की भी संख्याएं प्राप्त की गई है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, उन्हीं संक्रियाओं का अनुसरण करता है, जो दिए गए समुच्चयों में किया गया है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

10 - 100 - 50 - 25; 2 - 4 - 2 - 1

Ans
- ✗ A. 5 - 25 - 15 - 7
- ✓ B. 4 - 16 - 8 - 4
- ✗ C. 12 - 144 - 62 - 31
- ✗ D. 8 - 64 - 32 - 14

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.17 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। S के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। T और S के बीच ठीक एक बॉक्स रखा गया है। T और U के बीच ठीक तीन बॉक्स रखे गए हैं, और U को S के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। V को U के ठीक नीचे रखा गया है। W को P के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। Q को T के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को सबसे नीचे रखा गया है?

Ans
- ✗ A. S
- ✗ B. V
- ✓ C. P
- ✗ D. Q

Q.18 अपशिष्ट जल उपचार के दौरान नाइट्रोजन और फास्फोरस की सांद्रता को कम करने के लिए कौन-सा उपागम सर्वाधिक प्रभावी है?

Ans
- ✗ A. विस्तारित वातन के साथ प्राथमिक अवसादन
- ✗ B. द्वितीयक उपचार के बाद UV विसंक्रमण
- ✓ C. जैविक और रासायनिक पोषक तत्व हटाना
- ✗ D. सतही-प्रवाह निर्मित आर्द्रभूमि

Q.19 व्यंजक $\left[\frac{\cos A}{(1 - \tan A)}\right] + \left[\frac{\sin A}{(1 - \cot A)}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 0
- ✓ B. cos A + sin A
- ✗ C. sin A − cos A
- ✗ D. 1

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, रासायनिक ऊर्जा के यांत्रिक ऊर्जा में रूपांतरण को सटीक रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans
- ✗ A. एक पत्थर मेज से जमीन पर गिर जाता है।
- ✗ B. नई बैटरी डालने के बाद टॉर्च चालू हो जाती है।
- ✗ C. एक तानित रबर बैंड वापस अपनी मूल आकृति में आ जाता है।
- ✓ D. एक धावक आगे की ओर तेज दौड़ने के लिए भोजन से प्राप्त संचित ऊर्जा का उपयोग करता है।

Q.21 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी लड़कियाँ, मुर्गियाँ हैं। कोई मुर्गी, बिल्ली नहीं है।
निष्कर्ष (I): कोई लड़की, बिल्ली नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ बिल्लियाँ, मुर्गियाँ हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.22 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

98, 104, 116, 134, 158, ?

Ans
- ✗ A. 186
- ✗ B. 184
- ✓ C. 188
- ✗ D. 190

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.23 किसी इंजीनियर को एक यांत्रिक पुर्जे का फ्रंट व्यू (front view) बनाने का कार्य सौंपा गया है। पुर्जे का आधार आयताकार है, जिसके बीच से एक ऊर्ध्वाधर वृत्तीय छिद्र गुजरता है, और उसके ऊपर एक त्रिकोणीय प्रिज्म संलग्न है। नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से बताता है कि फ्रंट व्यू में क्या दिखाई देगा?

Ans

✗ A. केवल फ्रंट व्यू पर ही त्रिकोणीय प्रिज्म और वृत्तीय छिद्र की आउटलाइन दृश्यमान होगी

✗ B. फ्रंट व्यू ड्राइंग पर केवल आयताकार आधार की आउटलाइन दृश्यमान होगी

✗ C. फ्रंट व्यू ड्राइंग पर केवल त्रिभुजाकार प्रिज्म ही स्पष्ट रूप से दृश्यमान होगा

✓ D. आयताकार आधार और त्रिकोणीय प्रिज्म की आउटलाइन दृश्यमान होगी, लेकिन छिद्र दृश्यमान नहीं होगा

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया, फिटिंग कार्यों के दौरान हस्त रेती (hand file) का उपयोग करते समय टूल सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन को दर्शाती है?

Ans

✗ A. रेतीयन कार्य (filing work) के दौरान रेती को उसके टैंग के पास पकड़ना

✗ B. रेतीयन करते समय अत्यधिक अधोमुखी बल लगाना

✓ C. टैंग (tang) पर उपयुक्त हत्थे को मजबूती से फिट करना

✗ D. बेहतर उत्तोलन (leverage) के लिए कंधे की ऊंचाई से ऊपर रेतीयन करना

Q.25 E, F, G, H, L और M एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। G के ऊपर केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। L और E के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। M और G के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। E, G के नीचे लेकिन F के ऊपर रहता है। H के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans

✗ A. चार

✗ B. दो

✓ C. तीन

✗ D. एक

Q.26 एक साइकिल चालक एक सीधी सड़क पर 16 सेकंड में 120 मीटर की दूरी तय करता है, फिर तुरंत एक समान सड़क खंड पर 24 सेकंड में 180 मीटर की दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान साइकिल चालक की औसत चाल क्या है?

Ans

✗ A. 6.5 मीटर प्रति सेकंड

✗ B. 7.0 मीटर प्रति सेकंड

✓ C. 7.5 मीटर प्रति सेकंड

✗ D. 8.0 मीटर प्रति सेकंड

Q.27 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 40 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60
बारंबारता	30	27	44	29	X

Ans

✓ A. 82

✗ B. 98

✗ C. 93

✗ D. 99

Q.28 चाँदी-ताँबे की दो प्रकार की मिश्रधातुएँ हैं। पहली मिश्रधातु में $93\frac{1}{3}\%$ चाँदी है, जबकि दूसरी मिश्रधातु में $86\frac{2}{3}\%$ चाँदी है। पहली मिश्रधातु की वह मात्रा ज्ञात कीजिए जिसे दूसरी मिश्रधातु की कुछ मात्रा के साथ मिलाने पर 90% चाँदी वाला 100 kg मिश्रण प्राप्त हो।

Ans

✗ A. 52 kg

✗ B. 45 kg

✓ C. 50 kg

✗ D. 48 kg

Railway BABA

Q.29 जब एक गतिमान कार में अचानक ब्रेक लगाया जाता है, तो उसकी गतिज ऊर्जा मुख्यत: किस प्रकार की ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है?

Ans
✗ A. स्थितिज ऊर्जा
✗ B. ध्वनि ऊर्जा
✗ C. प्रकाश ऊर्जा
✓ D. ऊष्मा ऊर्जा

Q.30 फ्यूज तार का कौन-सा गुणधर्म यह सुनिश्चित करता है कि अतिरिक्त धारा प्रवाहित होने पर यह शीघ्र पिघल जाए?

Ans
✗ A. उच्च विद्युत प्रतिरोध
✓ B. निम्न गलनांक
✗ C. मोटा तार
✗ D. उच्च गलनांक

Q.31 एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 88 cm है और उसकी ऊँचाई 150 cm है। बेलन का आयतन (cm^3 में) कितना है?
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✗ A. 92500
✓ B. 92400
✗ C. 92550
✗ D. 92450

Q.32 एक नाव, नदी में 40 km धारा की दिशा में और फिर 40 km धारा की विपरीत दिशा में चलती है। स्थिर जल में नाव की चाल 12 km/hr है और धारा की चाल 4 km/hr है। नाव को संपूर्ण दूरी (धारा की विपरीत दिशा और धारा की दिशा दोनों) तय करने में कितना समय लगता है?

Ans
✗ A. 6 घंटे
✗ B. 8 घंटे
✓ C. 7.5 घंटे
✗ D. 10 घंटे

Q.33 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न ('?') के स्थान पर क्या आएगा?

14 A 30 B 45 C 15 D 9 = ?

Ans
✗ A. 28
✗ B. 29
✓ C. 27
✗ D. 25

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति किसी यांत्रिक कार्यशाला में उलझने के खतरे (entanglement hazard) का सर्वोत्तम वर्णन करती है?

Ans
✗ A. तेज धार से उंगली कटना
✗ B. तप्त पृष्ठों के पास दस्ताने पहनना
✓ C. घूर्णी शैफ्ट में ढीले कपड़े का फंसना
✗ D. गियर्स के बीच हाथ का दबना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.35 एक पिता ने अपने पुत्रों P, Q, R और S में दो विभिन्न राशियां बांटी। पहली राशि को 5 : 4 : 3 : 2 के अनुपात में बांटी गई और दूसरी राशि को 6 : 7 : 8 : 9 के अनुपात में बांटी गई। यदि दूसरी राशि, राशि पहली राशि की तिगुनी है, तो किस पुत्र को अधिकतम राशि प्राप्त होगी?

Ans
- ✗ A. P
- ✗ B. Q
- ✗ C. R
- ✓ D. S

Q.36 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

UMD ZQG EUJ JYM ?

Ans
- ✓ A. OCP
- ✗ B. NBQ
- ✗ C. PDP
- ✗ D. NDO

Q.37 माइक्रोसॉफ्ट विंडोज (Microsoft Windows) में टच जेस्चर यूजर्स को क्या करने की सुविधा देते है?

Ans
- ✗ A. कीबोर्ड पर तेजी से टाइप करने
- ✗ B. बाह्य डिवाइस को कनेक्ट करने
- ✓ C. उंगलियों के गतिविधि का उपयोग करके क्रियाएं करने
- ✗ D. स्क्रीन की ब्राइटनेस बढ़ाने

Q.38 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 16 का संबंध 260 से है। उसी तर्क के अनुसार, 25 का संबंध 630 से है। समान तर्क के अनुसार, 9 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 78
- ✗ B. 729
- ✗ C. 732
- ✓ D. 84

Q.39 तीन पाइप A, B और C एक टंकी को क्रमशः 12 घंटे, 18 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। तल में एक रिसाव के कारण भरी हुई टंकी 36 घंटे में खाली हो सकती है। यदि सभी पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी कितने घंटे में भर जाएगी? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 9.45 घंटे
- ✗ B. 3.33 घंटे
- ✗ C. 5.56 घंटे
- ✓ D. 6.55 घंटे

Q.40 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ गिलास, चम्मच हैं।
सभी चम्मच, फोर्क हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ गिलास, फोर्क हैं।
(II) सभी फोर्क, चम्मच हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.41 निम्न डेटा की माध्यिका ज्ञात कीजिए।
25, 15, 23, 25, 17, 27, 20, 18, 24, 30, 19, 28, 35, 10, 31, 40

Ans
✗ A. 20.5
✗ B. 25
✗ C. 23.5
✓ D. 24.5

Q.42 एक कार राजमार्ग पर चल रही है और उसका ओडोमीटर 8:00 am पर 180 km और 9:30 am पर 240 km रीडिंग रिकॉर्ड करता है। इस जानकारी के आधार पर, कौन-सा कथन इस अंतराल के दौरान कार की औसत चाल का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ A. कार की औसत चाल 60 km प्रति घंटा है, यह केवल ओडोमीटर रीडिंग में हुए परिवर्तन पर आधारित है।
✓ B. कार की औसत चाल 40 km प्रति घंटा है, जिसकी गणना ओडोमीटर रीडिंग और समय अंतराल के आधार पर की जाती है।
✗ C. कार की औसत चाल 180 km प्रति घंटा है क्योंकि 8:00 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।
✗ D. कार की औसत चाल 240 km प्रति घंटा है क्योंकि 9:30 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।

Q.43 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. AF – DI
✓ B. CH – EK
✗ C. BG – EJ
✗ D. DJ – GM

Q.44 नामिया पश्चिम की ओर अभिमुख होकर खड़ी है। वह बाईं ओर मुड़कर 15 m चलती है। फिर बाईं ओर मुड़कर 25 m चलती है। वह दोबारा बाईं ओर मुड़ती है और 40 m चलती है। अंत में बाईं ओर मुड़कर 40 m चलकर वह अपने घर पहुंचती है। आरंभिक बिंदु के सापेक्ष उसका घर किस दिशा में है?

Ans
✗ A. दक्षिण-पूर्व
✓ B. उत्तर-पश्चिम
✗ C. दक्षिण-पश्चिम
✗ D. उत्तर-पूर्व

Q.45 एक ट्रेन X, विपरीत दिशा में चल रही दूसरी ट्रेन Y में बैठे एक व्यक्ति को 8 सेकंड में पार करती है। हालांकि, जब दोनों ट्रेनें एक ही दिशा में चल रही होती हैं, तो ट्रेन X द्वारा उसी व्यक्ति को पार करने में 20 सेकंड लगते हैं। यदि ट्रेन X की लंबाई 360 मीटर है और ट्रेन Y (जिसमें व्यक्ति बैठा है) की लंबाई 240 मीटर है, तो ट्रेन Y की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 45.3 km/h
✓ B. 48.6 km/h
✗ C. 46.5 km/h
✗ D. 45.8 km/h

Q.46 विद्यालय के प्रयोगों में उपयोग किए जाने वाले किसी प्रयोगशाला थर्मामीटर द्वारा कवर की जाने वाली विशिष्ट तापमान सीमा कितनी होती है?

Ans
✗ A. -50 से 50 डिग्री सेल्सियस
✗ B. 35 से 42 डिग्री सेल्सियस
✗ C. 0 से 200 डिग्री सेल्सियस
✓ D. -10 से 110 डिग्री सेल्सियस

Railway BABA

Q.47 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
पाँच खंभों—I, N, C, H, और L—में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा खंभा सबसे लंबा है?
(I) I, N से छोटा है लेकिन C से लंबा है। C केवल एक खंभे से लंबा है।
(II) H, L से लंबा है।

Ans
- ✔ A. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✘ B. अकेले कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
- ✘ C. कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✘ D. अकेले कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

Q.48 तृतीय कोणीय प्रक्षेपण (Third Angle Projection) में, वस्तु (object) को प्रक्षेप तल के सापेक्ष कहाँ रखा जाता है?

Ans
- ✔ A. वस्तु को तृतीय चतुर्थांश में रखा जाता है
- ✘ B. वस्तु को चतुर्थ चतुर्थांश में रखा जाता है
- ✘ C. वस्तु को द्वितीय चतुर्थांश में रखा जाता है
- ✘ D. वस्तु को प्रथम चतुर्थांश में रखा जाता है

Q.49 कार्यशाला में किसी भी मशीन को परिचालित करने से पहले सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुरक्षा जांच कौन-सी है?

Ans
- ✘ A. जांच करें कि मशीन ठीक से प्लग-इन है या नहीं
- ✘ B. सुनिश्चित करें कि मशीन क्षेत्र उचित रूप से प्रकाशित हो
- ✔ C. मशीन के ढीले या क्षतिग्रस्त पुर्जों का निरीक्षण करें
- ✘ D. उपयोग करने से पहले मशीन को सूखे कपड़े से पोंछें

Q.50 निम्नलिखित समीकरणों के निकाय को हल कीजिए।

$$-3x+2y-z=-1,\ 6x-6y+7z=-7,\ 3x-4y+4z=-6$$

Ans
- ✘ A. $x=1, y=2, z=2$
- ✘ B. $x=2, y=1, z=-3$
- ✔ C. $x=2, y=2, z=-1$
- ✘ D. $x=-2, y=2, z=11$

Q.51 इंजीनियरिंग ड्राइंग में 'बिंदु' का सबसे सटीक वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans
- ✘ A. एक बिंदु दो रेखाओं का प्रतिच्छेदन बिंदु होता है और इसकी लंबाई सदैव मापी जा सकती है।
- ✘ B. एक बिंदु लंबाई और चौड़ाई दोनों के साथ एक छोटे क्षेत्र को दर्शाता है।
- ✔ C. एक बिंदु एक सटीक अवस्थिति को इंगित करता है लेकिन इसका कोई आमाप, लंबाई या चौड़ाई नहीं होती है।
- ✘ D. एक बिंदु एक छोटा रेखाखंड होता है जिसका उपयोग मापन को चिह्नित करने के लिए किया जाता है।

Q.52 औद्योगिक क्षेत्र के निकट मृदा प्रदूषण, घटती फसल उत्पादकता और निम्न सूक्ष्मजैविक गतिविधि के समाधान के लिए कौन-सी एकीकृत रणनीति सर्वोत्तम है?

Ans
- ✔ A. संधारणीयता के लिए औद्योगिक अपशिष्ट को नियंत्रित करना
- ✘ B. सभी क्षेत्रीय रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगाना
- ✘ C. शहरी क्षेत्रों का कृषि भूमि में विस्तार करना
- ✘ D. निकटवर्ती शहरी केंद्रों में पुनर्वनीकरण

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.53 एक शंक्वाकार तंबू के आधार की त्रिज्या 14 m और ऊंचाई 48 m है। यह कितनी घन मीटर वायु धारण कर सकता है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
- ✗ A. 8956
- ✓ B. 9856
- ✗ C. 9568
- ✗ D. 9865

Q.54 इंजीनियरिंग ड्राइंग में, प्रत्यक्ष रूप से दिखाई न देने वाली प्रच्छन्न कोर को निरूपित करने के लिए सामान्यतः किस रेखा प्रतीक का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. ठोस मोटी रेखा (Solid thick line)
- ✓ B. असतत रेखा (Dashed line)
- ✗ C. टेढ़ी-मेढ़ी रेखा (Zigzag line)
- ✗ D. शृंखलित पतली रेखा (Chain thin line)

Q.55 एक इंजीनियर, कारखाने में मशीन से संबंधित क्षति का आकलन करने के लिए भ्रंश वृक्ष विश्लेषण (fault tree analysis) का उपयोग करता है। मानक प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम कौन-सा कदम उठाया जाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय स्थापित करना
- ✗ B. कार्यस्थल डेटा का उपयोग करके विश्लेषण को मान्य करना
- ✗ C. विफलताओं के सभी संभावित कारणों को सूचीबद्ध करना
- ✓ D. क्षति का कारण बनने वाली शीर्ष घटना को परिभाषित करना

Q.56 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

74, 83, 101, 128, ?, 209

Ans
- ✓ A. 164
- ✗ B. 146
- ✗ C. 155
- ✗ D. 176

Q.57 एक रोलर कोस्टर में उसके ट्रैक के शीर्ष पर अधिकतम स्थितिज ऊर्जा होती है। जैसे-जैसे यह नीचे उतरता है और इसकी गति में वृद्धि होती है, घर्षण और वायु प्रतिरोध की उपेक्षा करने पर इसकी गतिज और स्थितिज ऊर्जा का योग नियत होने के कारण की व्याख्या कौन-सा सिद्धांत करता है?

Ans
- ✗ A. जड़त्व का सिद्धांत
- ✗ B. जड़त्व का नियम
- ✓ C. ऊर्जा संरक्षण का नियम
- ✗ D. अध्यारोपण सिद्धांत

Q.58 P, Q, R, S और T की आयु अलग-अलग है। T केवल एक व्यक्ति से बड़ा है। S, P से बड़ा है लेकिन Q से छोटा है। R, Q से बड़ा है। सबसे छोटा कौन है?

Ans
- ✗ A. Q
- ✗ B. S
- ✓ C. P
- ✗ D. R

Q.59 यदि $\left(x + \frac{1}{x}\right) = 3$ है, तो $\left(x^3 + \frac{1}{x^3}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 18
- ✗ C. 16
- ✗ D. 20

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.60 स्प्रेडशीट एप्लिकेशन में, उपयोगकर्ता, सेल की एक रेंज सेलेक्ट करता है और Ctrl + C दबाता है, उसके बाद किसी दूसरी वर्कशीट में Ctrl + V दबाता है। डेटा का क्या होता है?

Ans
✗ A. सेलेक्ट किए गए सेल मूल वर्कशीट से डिलीट हो जाते हैं।
✗ B. सेलेक्ट किए गए सेल एक नई फ़ाइल में सेव हो जाते हैं।
✗ C. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में मूव हो जाते हैं।
✓ D. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में कॉपी हो जाते हैं।

Q.61 72, 78 और 90 का LCM ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 4280
✗ B. 4250
✓ C. 4680
✗ D. 4120

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सा, इनपुट और आउटपुट डिवाइस दोनों है?

Ans
✗ A. कीबोर्ड
✓ B. टचस्क्रीन मॉनिटर
✗ C. प्रोजेक्टर
✗ D. प्रिंटर

Q.63 O, P, Q, U और V की लंबाई अलग-अलग है। V और Q की लंबाइयों के बीच केवल तीन व्यक्तियों की लंबाई है। P, U से लंबा है लेकिन O से छोटा है। V, Q से लंबा है।
कितने व्यक्ति P से छोटे हैं?

Ans
✗ A. तीन
✗ B. चार
✓ C. दो
✗ D. एक

Q.64 एक कार 2 घंटे में 60 km उत्तर की ओर और फिर अगले 1 घंटे में 40 km दक्षिण की ओर यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार का औसत वेग कितना है?

Ans
✓ A. 6.7 km/h उत्तर
✗ B. 20 km/h दक्षिण
✗ C. 0 km/h
✗ D. 33.3 km/h उत्तर

Q.65 एक दुकानदार किसी उत्पाद पर क्रय मूल्य से 75% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा 30% और 40% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 20.9% लाभ
✓ B. 26.5% हानि
✗ C. 15.7% लाभ
✗ D. 22.6% लाभ

Q.66 परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों का मुख्य प्रयोजन क्या है?

Ans
✗ A. अन्य क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए केवल औद्योगिक परिचालनों पर ध्यान केंद्रित करना
✗ B. ऐतिहासिक प्रदूषण प्रवृत्तियों का मानचित्रण करने के लिए नियमित रूप से वायु के नमूने लेना सुनिश्चित करना
✗ C. सभी उद्योगों के लिए उत्सर्जन में बिल्कुल समान प्रतिशत की कमी करना अनिवार्य बनाना
✓ D. जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए विशिष्ट प्रदूषकों की कानूनी रूप से अनुमेय सीमाएं निर्धारित करना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.67 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) B F O P P S Q A L M K A W X S N U Q J O M Y (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✔ A. 5
- ✘ B. 7
- ✘ C. 6
- ✘ D. 4

Q.68 1200 kg द्रव्यमान वाली एक कार सीधी सड़क पर विरामावस्था से 20 m/s की चाल तक त्वरित होती है। यदि कार द्वारा प्राप्त गतिज ऊर्जा पूर्णतया इंजन द्वारा किए गए कार्य के कारण है तो निम्नलिखित में से कौन-सा, इस गति पर कार द्वारा प्राप्त कुल गतिज ऊर्जा को यथार्थ रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✔ A. 240,000 जूल
- ✘ B. 24,000 जूल
- ✘ C. 480,000 जूल
- ✘ D. 12,000 जूल

Q.69 किसी इंजीनियर को मशीन के एक पुर्जे के लिए एक खोखला शंकु बनाने का कार्य सौंपा गया है, जहाँ भित्ति की मोटाई एकसमान होनी चाहिए और असेम्बली के लिए तिर्यक ऊँचाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतिम डिज़ाइन में शंकु के सटीक रूप से फिट होने को सुनिश्चित करने हेतु कौन-सा कारक सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✔ A. यह सुनिश्चित करना कि तिर्यक ऊंचाई असेम्बली की आवश्यकता से सुमेलित हो
- ✘ B. सटीक फिट के लिए केवल आधार के व्यास पर फोकस करना
- ✘ C. केवल शंकु की समग्र ऊंचाई से सुमेलित होना
- ✘ D. अन्य विशेषताओं की तुलना में भित्ति की एकसमान मोटाई को प्राथमिकता देना

Q.70 5 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के बिंदु P पर खींची गई स्पर्श रेखा PQ, केंद्र O से होकर जाने वाली रेखा से बिंदु Q पर इस प्रकार मिलती है कि OQ = 12 cm है। PQ की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. $\sqrt{119}$ cm
- ✘ B. $\sqrt{107}$ cm
- ✘ C. $\sqrt{117}$ cm
- ✘ D. $\sqrt{97}$ cm

Q.71 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

प्रश्न. पांच व्यक्तियों A, B, C, D, और E में से सबसे लंबा कौन है?
(I) A, B से लंबा है। B, C से लंबा है।
(II) D, E से लंबा है।

Ans
- ✔ A. कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✘ B. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✘ C. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✘ D. कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.72 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BIP : EMU
GNU : JRZ

Ans
✔ A. FMT : IQY
✘ B.
VCD : GRD
✘ C.
CGW : NHT
✘ D.
XDE : PON

Q.73 ₹16,000 की धनराशि अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने वर्षों में ₹18,522 हो जाएगी?

Ans
✔ A. 1.5 वर्ष
✘ B. 2.5 वर्ष
✘ C. 2 वर्ष
✘ D. 1 वर्ष

Q.74 यदि एक स्कूटर 25 km प्रति घंटे की नियत चाल से यात्रा करता है, तो वह 4 घंटे में कितनी दूरी तय करेगा?

Ans
✘ A. 80 km
✘ B. 75 km
✔ C. 100 km
✘ D. 120 km

Q.75 एक तापमापी 37 डिग्री सेल्सियस का पाठ्यांक दर्शाता है। केल्विन में संगत तापमान कितना होगा?

Ans
✔ A. 310 K
✘ B. 320 K
✘ C. 300 K
✘ D. 270 K

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

QOI 5, OMG 10, MKE 15, KIC 20, ?

Ans
✘ A. JHZ 24
✔ B. IGA 25
✘ C. HIZ 30
✘ D. IHS 23

Q.77 दो विद्यार्थी एक जैसे बक्सों को 10 m की दूरी तक ले जाते हैं। विद्यार्थी A, 50 N का बल अनुप्रयुक्त करता है, जबकि विद्यार्थी B, 100 N का बल अनुप्रयुक्त करता है। दोनों विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्य में कितना अंतर है?

Ans
✘ A. 50 J
✔ B. 500 J
✘ C. 1000 J
✘ D. 0 J

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा, भौतिकी में 'कार्य' को सटीक रूप से परिभाषित करता है?

Ans
✘ A. कार्य तब होता है जब कोई बल गति के सापेक्ष किसी भी कोण पर कार्य करता है।
✔ B. कार्य तब होता है जब कोई बल किसी वस्तु को बल की दिशा में विस्थापित करता है।
✘ C. कार्य तब होता है जब किसी वस्तु में ऊर्जा संग्रहीत होती है।
✘ D. संचलन की उपेक्षा करते हुए कार्य तब होता है जब भी कोई बल अनुप्रयुक्त किया जाता है।

Railway BABA
Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.79 एक निश्चित राशि पर 15% की वार्षिक दर से 3 वर्ष में ₹2,700 साधारण ब्याज के रूप में अर्जित होता है। वह राशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹5,000
- ✓ B. ₹6,000
- ✗ C. ₹9,000
- ✗ D. ₹8,000

Q.80 एक यांत्रिक अभियंता को एक ऐसी फ्लैंज संधि (flange joint) का अभिकल्पन करना है जहां दो पाइपों को 45-डिग्री के कोण पर संयोजित किया जाना है। दोनों बेलनाकार पाइपों के तकनीकी ड्राइंग (technical drawing) पर प्रतिच्छेदन रेखा को सटीक रूप से निरूपित करने के लिए अभियंता को किस विधि का उपयोग करना चाहिए?

Ans
- ✓ A. सहायक प्रक्षेप (auxiliary projection) का उपयोग करके प्रतिच्छेदन की वास्तविक आकृति का आरेखन करें
- ✗ B. सहायक दृश्यों के बिना केवल मानक लंबकोणीय प्रक्षेप का उपयोग करें
- ✗ C. पार्श्व दृश्य में प्रतिच्छेदन को एक सीधी रेखा के रूप में निरूपित करें
- ✗ D. शीर्ष दृश्य (top view) में संधि पर एक साधारण वृत्त का आरेखन करें

Q.81 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. WQ-CG
- ✗ B. EY-KO
- ✓ C. QK-VA
- ✗ D. TN-ZD

Q.82 एक श्रमिक का हाथ यांत्रिक कर्तन क्रिया से क्षति होने के जोखिम में है। कौन-सी स्थिति कर्तन खतरे (shearing hazard) का सर्वोत्तम अच्छा वर्णन करती है?

Ans
- ✓ A. प्रचालन के दौरान गतिशील ब्लेड और मशीन की स्थिर सतह के बीच हाथ का फंस जाना
- ✗ B. प्रचालन के दौरान मशीन के घूर्णी शैफ्ट में हाथ उलझ जाना
- ✗ C. अनुरक्षण गतिविधि के दौरान हाथ का मशीन की गर्म धात्विक सतह को छूना
- ✗ D. कार्य के दौरान मशीन के रूक्ष अपघर्षक सतह पर हाथ का पुनरावर्ती रूप से रगड़ना

Q.83 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर PJAE का संबंध एक निश्चित तरीके से JOWH से है। उसी प्रकार, OIVC का संबंध INRF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NEZF का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. IJVJ
- ✓ B. HJVI
- ✗ C. HKVJ
- ✗ D. IKUH

Q.84 एक व्यापारी किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित करता है। वह अंकित मूल्य पर 10% की छूट प्रदान करता है। छूट देने के बाद, उसे उस वस्तु पर ₹180 का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹1,200
- ✗ B. ₹1,380
- ✗ C. ₹1,260
- ✓ D. ₹1,440

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.85 15 डिग्री सेल्सियस वाले एक प्रतिदर्श जल को 35 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है। तापमान परिवर्तन (केल्विन में) कितना है?

Ans

✗ A. तापमान परिवर्तन 30 K है।

✓ B. तापमान परिवर्तन 20 K है।

✗ C. तापमान परिवर्तन 50 K है।

✗ D. तापमान परिवर्तन 15 K है।

Q.86 एक लोलक 24 दोलन पूरे करने में 60 सेकंड लेता है। यदि इसकी लंबाई बढ़ा दी जाए और अब यह उतने ही दोलनों के लिए 72 सेकंड लेता है, तो इसके आवर्तकाल में क्या परिवर्तन हुआ है?

Ans

✓ A. यह बढ़कर 3.0 सेकंड हो गया है

✗ B. यह घटकर 1.5 सेकंड हो गया है

✗ C. यह घटकर 2.0 सेकंड हो गया है

✗ D. यह 2.5 सेकंड ही बना रहता है

Q.87 निम्नलिखित में से कौन सा ई-अपशिष्ट के अनुचित निस्तारण से संबंधित एक प्रमुख पर्यावरणीय चिंता का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✓ A. मृदा और जल में विषाक्त धातुओं का निर्मुक्त होना

✗ B.
अपघटन से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन

✗ C. प्लास्टिक का उन्नत जैव-निम्नीकरण

✗ D. बहुमूल्य धातुओं की पुनर्चक्रण (recycling) दरों में वृद्धि

Q.88 यदि रोहन की आय 20% बढ़ जाती है और उसका व्यय 10% बढ़ जाता है, तो उसकी बचत में ₹1,200 की वृद्धि होती है। यदि उसकी मूल आय ₹12,000 थी, तो उसका मूल व्यय कितना था? (मान लीजिए कि, बचत = आय − व्यय)

Ans

✗ A. ₹9,000

✗ B. ₹10,000

✓ C. ₹12,000

✗ D. ₹11,000

Q.89 एक व्यापारी ₹23 प्रति पेन की दर से 187 पेन खरीदता है। परिवहन के दौरान, 7 पेन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और उन्हें बेचा नहीं जा सकता। वह शेष पेन ₹27 प्रति पेन की दर से बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (अपना उत्तर दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित करें)

Ans

✗ A. 13.7%

✗ B.
14.1%

✓ C.
13.0%

✗ D.
12.6%

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.90 इस प्रश्न में, नीचे दिए गए कूट और शर्तों के अनुसार संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को अक्षरों में कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाला सही कूट संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो तालिका में दिए अनुसार संबंधित संख्या/प्रतीक के कूट का प्रत्यक्ष रूप से अनुसरण किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक	6	1	&	3	%	8	+	4	#	7	@	5	2	$
कूट	R	V	G	D	S	C	T	L	F	W	H	U	Y	N

शर्तें:
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक विषम संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरे और तीसरे दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
+ 6 $ 2 7

Ans
✗ A. WSNYT
✓ B. WRNYT
✗ C. STMWV
✗ D. TSNWW

Q.91 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

31 B 35 D 7 A 9 C 2 = ?

Ans
✗ A. 42
✓ B. 44
✗ C. 46
✗ D. 48

Q.92 एक पिंड का द्रव्यमान 10 किलोग्राम है। चंद्रमा पर इसका भार, पृथ्वी पर इसके भार की तुलना में कैसा है?

Ans
✗ A. पिंड का भार चंद्रमा और पृथ्वी दोनों पर बराबर है
✓ B. पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा पर पिंड का भार कम है
✗ C. चंद्रमा पर पिंड का भार शून्य है
✗ D. पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा पर पिंड का भार अधिक है

Q.93 A, B, C, D, X, Y और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
X के दाईं ओर से गिनने पर, X और Z के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Z और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ A. Z
✗ B. A
✗ C. X
✓ D. C

Q.94 कार्यस्थल सुरक्षा प्रणाली में फायर हाइड्रेंट (fire hydrant) का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
✗ A. क्षेत्र से संकटजनक धूम को हटाना
✓ B. आग बुझाने के लिए बड़ी मात्रा में जल की आपूर्ति करना
✗ C. आपात स्थिति में स्वचालित रूप से फायर अलार्म सक्रिय करना
✗ D. धुएं का संसूचन करना और कर्मचारियों को चेतावनी देना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, औसत वेग और उसके SI मात्रक का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ A. औसत वेग कुल दूरी को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक किलोमीटर प्रति घंटा होता है
✓ B. औसत वेग कुल विस्थापन को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक मीटर प्रति सेकंड होता है
✗ C. औसत वेग कुल दूरी को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक मीटर प्रति सेकंड होता है
✗ D. औसत वेग कुल विस्थापन को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक किलोमीटर प्रति घंटा होता है।

Q.96 निम्नलिखित अक्षर तथा प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Z @ B R J # D * Q A M S % P L V O U S N T W Z (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans
✗ A. एक भी नहीं
✓ B. चार
✗ C. दो
✗ D. तीन

Q.97 एक इंजीनियरिंग विद्यार्थी को असेंबली ड्राइंग (assembly drawing) के लिए एक जटिल मशीन पुर्जे का विस्तृत पार्श्व दृश्य बनाने का कार्य दिया गया है। कौन-सा उपागम पार्श्व से दिखाई देने वाले सभी अभिलक्षणों को सर्वाधिक सटीक रूप से निरूपित करेगा, और साथ ही प्रच्छन्न अतिव्यापन या गलत व्याख्याओं (misinterpretations) से बचेगा?

Ans
✗ A. सभी अभिलक्षणों को शामिल करें, यहां तक कि वे भी जो चयनित पार्श्व दृश्य से दिखाई नहीं दे रही हैं
✓ B. पार्श्व से सभी दृश्यमान अवयवों का प्रक्षेप करें और आवश्यकता न होने पर प्रच्छन्न अभिलक्षणों का लोप कर दें
✗ C. दृश्य में दूर की ओर के अभिलक्षणों को निरूपित करने के लिए केवल प्रच्छन्न रेखाओं का उपयोग करें
✗ D. मुख्य दृश्य से प्रक्षेपों का उपयोग किए बिना पार्श्व दृश्य को स्वतंत्र रूप से आरेखित करें

Q.98 प्रयोगशाला के रिकॉर्ड में दो बिंदुओं के बीच की दूरी 0.004 किलोमीटर दर्शाई गई है। वैज्ञानिक रिपोर्ट के लिए इसे लंबाई के SI मात्रकों में किस प्रकार लिखा जाना चाहिए?

Ans
✗ A. 4000 mm
✗ B. 0.4 m
✗ C. 400 cm
✓ D. 4 m

Q.99 निम्नलिखित में से कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में मल्टी-व्यू ड्राइंग के प्रयोजन का सटीक वर्णन है?

Ans
✗ A. वस्तु को केवल एकल त्रि-विमीय दृश्य रूप में प्रस्तुत करना
✗ B. बेहतर दृश्यता के लिए, किसी वस्तु को विभिन्न रंगों में प्रदर्शित करना
✓ C. किसी वस्तु के विभिन्न पार्श्वों को समतल पृष्ठ पर स्पष्ट रूप से दर्शाना
✗ D. किसी वस्तु को केवल एक ही दिशा से दर्शाना

Q.100 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि, 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि, 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि, 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि, 'A, B का पिता है'।

यदि 'श्रेया + देव − तरण × हर्षित % महक' है, तो श्रेया का महक से क्या संबंध है?

Ans
✓ A. माता की माता
✗ B. पिता की बहन
✗ C. माता की बहन
✗ D. पिता की माता

Section : **PART-B**

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.1 एक इंजन अत्यधिक तेल की खपत करता है और दहन कक्ष में तेल पाया जाता है। क्या कार्रवाई की जानी चाहिए?

Ans

✔ A. पिस्टन रिंग को प्रतिस्थापित करना

✘ B. मुख्य बेयरिंग को प्रतिस्थापित करना

✘ C. अतिरिक्त तेल निकालना

✘ D. उच्च श्यानता वाले तेल का उपयोग करना

Q.2 फ्रंट डिस्क, रियर ड्रम ब्रेक सिस्टम में अनुपातन वाल्व (proportioning valve) का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans

✔ A. हार्ड ब्रेकिंग के दौरान पिछले ब्रेकों पर तरल दाब को सीमित करना

✘ B. ब्रेक की विफलता के लिए एक चेतावनी युक्ति के रूप में कार्य करना

✘ C. हर समय पिछले ब्रेकों पर तरल दाब में वृद्धि करना

✘ D. हार्ड ब्रेकिंग के दौरान अगले ब्रेकों पर तरल दाब को सीमित करना

Q.3 कौन-सा यूनिट स्वचालित ट्रांसमिशन में गियर बदलने के लिए क्लच की सहायता करता है?

Ans

✔ A. टॉर्क कनवर्टर असेंबली

✘ B. ब्रेक पैड सिस्टम

✘ C. प्लेनेटरी गियर सेट

✘ D. स्टीयरिंग कॉलम लिंकेज

Q.4 यदि किसी प्रज्वलन कुंडली की द्वितीयक वाइंडिंग में खुला परिपथ या खराब भू-संपर्कन संयोजन है, तो सर्वाधिक संभावित प्रभाव क्या है?

Ans

✔ A. उच्च वोल्टता स्फुलिंग दक्षतापूर्वक उत्पन्न नहीं होगी

✘ B. प्राथमिक वाइंडिंग वोल्टता में वृद्धि होगी

✘ C. उच्च वोल्टता स्फुलिंग दक्षतापूर्वक उत्पन्न होगी

✘ D. इंजन अवस्फोटन करेगा

Q.5 आधुनिक पेट्रोल वाहनों में कौन-सी तकनीक बेहतर ईंधन मितव्ययता और उत्सर्जन नियंत्रण सुनिश्चित करती है?

Ans

✘ A. सिंगल पॉइंट फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम (Single Point Fuel Injection system)

✘ B. कॉमन रेल डायरेक्ट इंजेक्शन सिस्टम (Common Rail Direct Injection system)

✔ C. मल्टी पॉइंट फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम (Multi Point Fuel Injection system)

✘ D. कार्बोरेटर फ्यूल सप्लाई सिस्टम (Carburettor Fuel Supply system)

Q.6 अधिकांश प्रत्यावर्तित्रों में, कौन-सा घटक रोटर वाइंडिंग को धारा की आपूर्ति करता है?

Ans

✘ A. प्रज्वलन स्विच संपर्क

✔ B. स्लिप रिंग और ब्रश

✘ C. वोल्टता नियामक इकाई

✘ D. डायोड और दिष्टकारी

Q.7 वाहन का डायग्नोस्टिक ट्रबल कोड (DTC) किसी सामान्य कोड के रूप में पढ़ा जाता है। यह दोष के संबंध में क्या संकेत देता है?

Ans

✘ A. कोड रीडर द्वारा कोड को पहचाना नहीं गया है, इसे अपडेट की आवश्यकता है

✘ B.
समस्या उस वाहन मॉडल के लिए विशिष्ट है

✘ C. समस्या विनिर्माता द्वारा परिभाषित है और यह उद्योग मानकों के लिए अद्वितीय नहीं है

✔ D. समस्या उद्योग मानकों द्वारा परिभाषित है और निर्माता के लिए अद्वितीय नहीं है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.8 कौन-सा लक्षण, पिस्टन असेंबली के अनुचित संरेखण का संकेत दे सकता है?

Ans
- ✔ A. पिस्टन स्कर्ट पर अनियमित निघर्षण
- ✘ B. तेल सम्प में ईंधन तनुता
- ✘ C. इंजन से अत्यधिक शीतलक हानि
- ✘ D. तेल-दाब की रीडिंग में वृद्धि

Q.9 इलेक्ट्रिक वाहन में कौन-सा भाग इलेक्ट्रिक मोटर और पहियों को जोड़ता है?

Ans
- ✔ A. संचरण प्रणाली
- ✘ B. डिस्प्ले पैनल
- ✘ C. वातानुकूलन इकाई
- ✘ D. टेल लाइट

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सी विस्तार लाइनों की विशेषता नहीं है?

Ans
- ✘ A. वे स्वरूप में पतली होती हैं
- ✘ B. वे विमा लाइनों से आगे तक विस्तारित होती हैं
- ✘ C. वे बिना किसी अंतराल के सतत होती हैं
- ✔ D. वे दृश्य लाइनों की तुलना में मोटी खींची जाती हैं

Q.11 स्वतः संचरण में किस स्थिति के अंतर्गत शिफ्ट वाल्व (Shift valve) गियर बदलने में विलंब करेगा?

Ans
- ✘ A. यदि वाहन तीव्रता से ब्रेक लगा रहा है।
- ✔ B. यदि वाहन शीघ्रता से त्वरित हो रहा है।
- ✘ C. यदि वाहन मंदता से त्वरित हो रहा है।
- ✘ D. यदि वाहन निष्कर्मण अवस्था में है।

Q.12 टेपर पिन वाले दो घटकों को संरेखित करने के लिए टेपर रीमर का चयन करते समय विचार करने योग्य महत्वपूर्ण कारक क्या है?

Ans
- ✘ A. टूल की लंबाई को पिन के बराबर सुनिश्चित करना
- ✘ B. फ्लूट काउंट का पिन से मिलान करना
- ✔ C. पिन और रीमर के टेपर कोण से मिलान करना
- ✘ D. उपलब्ध सबसे कठिन सामग्री का चयन करना

Q.13 सतत उच्च इंजन चालों के अधीन वाहन की निष्कासन प्रणाली में निष्कर्षित्र के उपयोग से कौन-सा प्रभाव सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है?

Ans
- ✘ A. समग्र इंजन आकार में वृद्धि
- ✘ B. प्रचालन के दौरान निष्कासन तापमान में कमी
- ✘ C. केबिन में बेहतर रव रोधन
- ✔ D. उच्च rpm पर निष्कासित्र गैस प्रवाह में वृद्धि

Q.14 किस प्रकार के वाहन में प्राय: प्राथमिक ईंधन स्रोत के रूप में द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✔ A. सिटी टैक्सी कैब
- ✘ B. उच्च निष्पादन वाली स्पोर्टस कारें
- ✘ C. हैवी ट्रक
- ✘ D. कृषि ट्रैक्टर

Q.15 यदि दो वाहनों की मोटर समान है, लेकिन एक वाहन में अधिक यात्री सवार हैं, तो समान सड़क पर किसमें अपेक्षाकृत अधिक संकर्षी बल की आवश्यकता होगी?

Ans
- ✔ A. अधिक यात्रियों वाला वाहन
- ✘ B. चमकीले रंग के पेंट वाला वाहन
- ✘ C. नए ब्रांड की बैटरी वाला वाहन
- ✘ D. विभिन्न टायर पट पैटर्न वाला वाहन

Join: @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.16 गैसोलीन में उच्चतर ऑक्टेन रेटिंग मुख्यत: ईंधन के संदर्भ में क्या निर्दिष्ट करती है?

Ans

✔ A. दहन के दौरान अपस्फोटन का प्रतिरोध

✘ B. रेचन उत्सर्जन की गुणवत्ता में सुधार

✘ C. इंजन के शीतलन प्रभाव में वृद्धि

✘ D. ईंधन की अन्तर्निहित ऊर्जा में वृद्धि

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा, दोषपूर्ण स्टार्टर परिनालिका का संकेत है?

Ans

✘ A. प्रज्वलन के समय ईंधन की प्रबल गंध आना

✔ B. क्लिक की ध्वनि आना लेकिन इंजन चालू न होना

✘ C. इंजन का सामान्य से अधिक तीव्रता से क्रैंक करना

✘ D. डैशबोर्ड लाइटों का सामान्य से अधिक द्युतिमान होना

Q.18 वाहन चलाते समय किसी वाहन की बैटरी बार-बार डिस्चार्ज हो जाती है। कौन-सा चार्जिंग सिस्टम घटक संभवतः दोषपूर्ण है?

Ans

✔ A. प्रत्यावर्तित्र बैटरी को ठीक से चार्ज करने में विफल रहता है

✘ B. स्टार्टर मोटर की वजह से इंजन क्रैंकिंग में देरी होती है

✘ C. प्रज्वालन कुंडली, प्रज्वालन के दौरान दुर्बल चिंगारी उत्पन्न करती है

✘ D. ईंधन पंप, इंजन को ईंधन की आपूर्ति को कम करता है

Q.19 यदि स्पर्ट छिद्र (spurt holes) अवरुद्ध हो जाते हैं, तो इंजन के प्रचालन पर तत्काल सबसे संभावित प्रभाव क्या होगा?

Ans

✘ A. पूरे तंत्र में तेल के दाब में तत्काल वृद्धि

✔ B. इंजन के चल घटकों में घर्षण में वृद्धि

✘ C. सिलेंडर की भित्तियों में शीतलक प्रवाह में शीघ्र वृद्धि

✘ D. ईंधन दहन गुणवत्ता में आकस्मिक सुधार

Q.20 जब एक्सेलेरेटर पेडल पूर्ण रूप से डिप्रेस (depressed) हो जाता है, तो स्वतः संचरण में किक-डाउन प्रचालन के दौरान क्या होता है?

Ans

✘ A. संचरण को कोस्ट (coast) के लिए डिसएंगेज कर दिया जाता है

✘ B.
ईंधन बचाने के लिए उच्च गियर का चयन किया जाता है

✔ C. त्वरण बढ़ाने के लिए निचले गियर का चयन किया जाता है

✘ D.
स्थायित्व के लिए वर्तमान गियर को बनाए रखा जाता है

Q.21 गोल रॉड को ड्रिल करते समय V ब्लॉक का उपयोग करना क्यों महत्वपूर्ण होता है?

Ans

✔ A. यह रॉड को लुढ़कने से रोकता है

✘ B. यह ड्रिलिंग की गति में वृद्धि करता है

✘ C.
यह वर्कपीस को ठंडा करता है

✘ D. यह ड्रिल के आमाप में परिवर्तन करता है

Q.22 किसी परिपथ में धारा स्थिरक प्रतिरोधक (ballast resistor) का उपयोग किस लिए किया जाता है?

Ans

✘ A. विद्युत ऊर्जा का भंडारण करने के लिए

✘ B. AC को DC में रूपांतरित करने के लिए

✔ C. परिपथ धारा को सुरक्षित मान तक सीमित करने के लिए

✘ D. आपूर्ति वोल्टता में वृद्धि करने के लिए

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.23 व्यापक रूप से मरम्मत के बाद वाहनों के सड़क परीक्षण के दौरान, ड्राइवर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा तरीका सर्वोत्तम है?

Ans

✗ A. सुरक्षा उपकरण का उपयोग किए बिना वाहन प्रणालियों का निरीक्षण करना

✗ B. पूर्ण परीक्षण के दौरान इंजन की ध्वनियों को मॉनिटर करना

✓ C. सुरक्षा जांच का पालन करना और उचित सुरक्षा उपकरण पहनना

✗ D. सड़क परीक्षण से पहले पिछले रिकॉर्ड पर निर्भर रहना

Q.24 जब लोड-समायोज्य प्रघात अवशोषकर में रबर एयर सिलेंडर पर दाब आरोपित किया जाता है, तो वाहन की पश्च राइड (rear ride) की ऊँचाई पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans

✗ A. पार्श्व-पार्श्व पश्च राइड की ऊँचाई असमान हो जाती है

✗ B.
पश्च राइड की ऊँचाई कम हो जाती है

✓ C. पश्च राइड की ऊँचाई बढ़ जाती है

✗ D.
पश्च राइड की ऊँचाई अपरिवर्तित रहती है

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, अलग-अलग सड़क दशाओं पर इलेक्ट्रॉनिक समायोज्य प्रघात अवशोषकों (shock absorbers) के लाभ को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans

✗ A. चाल की परवाह किए बिना अवमंदन दर को अपरिवर्तित रखना

✗ B. सभी चालन दशाओं के लिए एक स्थिर सॉफ्ट सेटिंग बनाए रखना

✗ C. इलेक्ट्रॉनिक्स के बिना केवल हस्त समायोजन का उपयोग करना

✓ D. सड़क की दशाओं के अनुसार अवमंदन दर को परिवर्तित करना

Q.26 एक डीजल प्रवर्तक (diesel actuator) को पुनःअंशांकन (recalibration) की आवश्यकता कब हो सकती है?

Ans

✗ A. नई बैटरी फिट होने के बाद

✗ B. इंजन का तेल बदलते समय

✓ C.
फ्यूल सिस्टम की मरम्मत के बाद

✗ D. टायर बदलते समय

Q.27 SMF बैटरी में, SMF का पूर्ण रूप क्या?

Ans

✓ A. Sealed Maintenance Free (सील्ड मेंटेनेंस फ्री)

✗ B. Stored Mechanical Force (स्टोर्ड मैकेनिकल फोर्स)

✗ C. Standard Magnetic Fuse (स्टैण्डर्ड मैग्नेटिक फ्यूज)

✗ D. Semi Metallic Frame (सेमी मेटालिक फ्रेम)

Q.28 कुछ रन-फ्लैट टायर (Run-flat tyre), पंचर होने के बाद वाहन के वजन को किस प्रकार से टेक प्रदान करते हैं?

Ans

✓ A. वाहन को टेक प्रदान वाले सक्षम दृढ़तर पार्श्वभित्तियों (sidewalls) का उपयोग करके

✗ B. टायर के अंदर रबर फोम को निविष्ट करके

✗ C. स्टील मेश (steel mesh) से ट्रीड को प्रबलित करके

✗ D. रिम में एक अतिरिक्त एयर रिजर्वायर रखकर

Q.29 डेप्थ माइक्रोमीटर का उपयोग करते समय, कौन-सी संरचनात्मक अभिमुखता, यंत्र को स्थिर रखने और मापन त्रुटि को कम करने में सहायक होती है?

Ans

✓ A. दृढ़ आधार उपयोग के दौरान संचलन को न्यूनतम करता है

✗ B.
रैचेट स्टॉप कंपन प्रभावों को अवशोषित करता है

✗ C.
छड़ें पूरे यंत्र को स्थिर करती हैं

✗ D. थिम्बल बाह्य कंपनों का प्रतिरोध करता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.30 यदि इंजन कंट्रोल यूनिट (ECU) किसी दोष का पता लगाती है, तो समस्या वाले विशिष्ट क्षेत्र की पहचान किस प्रकार की जा सकती है?

Ans

✗ A. इंजन स्पार्क प्लग की जांच करके

✓ B.
ECU द्वारा प्रदान किए गए कोड द्वारा

✗ C. इंजन तेल की श्यानता की जांच करके

✗ D. संपीडन दाब की जांच करके

Q.31 घिसी हुई पिस्टन रिंग एग्जॉस्ट (exhaust) में हाइड्रोकार्बन उत्सर्जन को कैसे प्रभावित करती है?

Ans

✓ A. अदग्ध ईंधन को एग्जॉस्ट में प्रवेश करने देती है

✗ B. उत्सर्जन तापमान को कम करती है

✗ C. एग्जॉस्ट से हाइड्रोकार्बन फिल्टर करती है

✗ D.
इंजन संपीडन में सुधार करती है

Q.32 अनुप्रस्थ-परिच्छेद के इंजीनियरिंग ड्रॉइंग में शैफ्ट को दर्शाने के लिए मानक आकृति क्या है?

Ans

✗ A. त्रिभुज

✗ B. वर्ग

✓ C. वृत्त

✗ D. आयत

Q.33 एक तकनीशियन हॉइस्ट (hoist) का उपयोग करके एक डिब्बे को उठाता है। उत्थापन में प्राथमिक रूप से किस प्रकार की ऊर्जा शामिल होती है?

Ans

✗ A. गतिज ऊर्जा

✓ B. स्थितिज ऊर्जा

✗ C. रासायनिक ऊर्जा

✗ D. विद्युत ऊर्जा

Q.34 ऑयल कूलर (oil cooler) के लिए तेल को इष्टतम तापमान सीमा में बनाए रखना क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans

✗ A. क्रैंककेस में तेल का स्तर स्वचालित रूप से बढ़ाने के लिए

✓ B. यह सुनिश्चित करने के लिए कि तेल, स्नेहन के लिए उचित श्यानता बनाए रखे

✗ C. इंजन सिलेंडरों में दहन गैसों को शीतल करने के लिए

✗ D. संचालन के दौरान तेल का रंग बदलने से रोकने के लिए

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुप्रयोग, ऑटोमोटिव कार्य में बाह्य कैलिपरों के प्रायोगिक उपयोग को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans

✗ A. निर्मित धातु पृष्ठों पर संदर्भ रेखाओं को चिह्नित करना

✗ B. मशीनन कार्य के दौरान ड्रिल किए गए छिद्र की गहराई को मापना

✗ C. इंजन सिलेंडरों के आंतरिक बोर व्यास को मापना

✓ D. विभिन्न स्थितियों पर एकसमान शैफ्ट व्यास की जांच करना

Q.36 डेप्थ माइक्रोमीटर (depth micrometer) का कौन-सा भाग, मापन के दौरान स्थिर स्थिति सुनिश्चित करता है?

Ans

✗ A. दाब डालने वाला रैचेट

✓ B. पृष्ठ पर टिका हुआ विस्तृत आधार

✗ C. स्पिंडल को घुमाने के लिए प्रयुक्त थिंबल

✗ D. अधोमुखी विस्तारित होने वाला स्पिंडल

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.37 एक शुद्ध नैज अर्धचालक में, फर्मी स्तर कहाँ स्थित होता है?

Ans

✔ A. वर्जित ऊर्जा अंतराल के मध्य के निकट

✘ B. विद्युत आपूर्ति वोल्टता के निकट

✘ C. संयोजकता बैंड के अंदर

✘ D. चालन बैंड के अंदर

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रचालन के दौरान लिफ्ट पंप के इनलेट में वायु के रिसाव का संभावित परिणाम है?

Ans

✘ A. इंजन अपने इष्टतम डिज़ाइन तापमान से नीचे प्रचालित होता है

✔ B. इंजन अनियमित रूप से प्रचालित हो सकता है

✘ C. उत्सर्जन में सुधार होता है

✘ D. इंजन की शक्ति में वृद्धि होती है

Q.39 ऑटोमोटिव ईंधन में उपस्थित सल्फर से उत्पन्न कौन-सा रेचन उत्सर्जन, अम्ल वर्षा निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है?

Ans

✘ A. कार्बन मोनोऑक्साइड

✘ B. नाइट्रोजन ऑक्साइड

✔ C. सल्फर ऑक्साइड

✘ D. अदग्ध हाइड्रोकार्बन

Q.40 रेचन (exhaust) में कार्बन मोनोऑक्साइड का उच्च स्तर, इंजन की किस समस्या को इंगित करता है?

Ans

✘ A. रेडिएटर में निम्न शीतलक स्तर

✔ B. इंजन में वायु-ईंधन का मिश्रण अत्यधिक प्रचुर होना

✘ C. प्रचालन के दौरान अनुचित टायर संरेखण

✘ D. प्रज्वलन प्रणाली में घिसा हुआ स्पार्क प्लग

Q.41 ABS और इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक-फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (EBD) वाले वाहन में, यदि पार्किंग लैंप लगातार जलता है, तो क्या इंगित होता है?

Ans

✘ A. सामान्य EBD प्रचालन

✘ B. दरवाजा खुला रह गया है

✘ C. निम्न ब्रेक तरल स्तर

✔ D. दोषपूर्ण EBD प्रचालन

Q.42 किसी तकनीशियन को अलग-अलग लोड के अंतर्गत प्रचालित दो हाइड्रोलिक सिलेंडरों की विस्तारण चाल (extension speed) को तुल्यकालिक करने की आवश्यकता होती है। प्रवाह नियंत्रण वाल्वों का कौन-सा अनुप्रयोग सबसे प्रभावी होगा?

Ans

✔ A. दोनों सिलेंडरों की लाइनों में द्रव प्रवाह को संतुलित करने के लिए प्रवाह नियंत्रण वाल्व संस्थापित करना

✘ B. दोनों सिलेंडरों के लिए तंत्र दाब को स्थिर करने के लिए दाब विमोचन वाल्व का उपयोग करना

✘ C. दोनों सिलेंडरों के लिए समग्र तंत्र दाब में वृद्धि करने के लिए पंप आउटपुट को समायोजित करना

✘ D. दोनों सिलेंडरों से वापसी लाइन में प्रवाह नियंत्रण वाल्व लगाना

Q.43 यदि किसी मैकेनिक को पता चलता है कि बैटरी पूर्ण रूप से आवेशित होने के बावजूद भी इंजन चालू नहीं हो रहा है, तो आगे किस विद्युत संयोजन या घटक की जाँच की जानी चाहिए?

Ans

✘ A. दोषपूर्ण इग्निशन स्विच संपर्क

✘ B. संक्षारित सोलेनॉइड स्विच कनेक्शन

✔ C. ढीले बैटरी टर्मिनल

✘ D. उड़ा हुआ मुख्य स्टार्टर फ्यूज

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.44 डीजल इंजन की असेंबली के दौरान बोल्ट कसते समय टॉर्क विनिर्देश (torque specification) क्यों महत्वपूर्ण होता है?

Ans

✔ A. यह सुनिश्चित करने के लिए कि इंजन की सुरक्षा के लिए बोल्ट न तो बहुत ढीले हों और न ही बहुत कसे हुए हों

✘ B. यह सुनिश्चित करने के लिए कि बोल्ट, नट के साथ अवकाशी अन्वायोजन (clearance fit) में हों और असेंबली में समय की बचत हो

✘ C. यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी बोल्ट हेतु टॉर्क विनिर्देश को पूरा करने के लिए केवल हाथ से कसना ही पर्याप्त हो

✘ D. यह सुनिश्चित करने के लिए कि बोल्ट को कसने के लिए मैन्युअल रूप से किसी भी मात्रा में टॉर्क अनुप्रयुक्त किया जा सके

Q.45 ऑटोमोबाइल पॉवर स्टीयरिंग तंत्र में हाइड्रॉलिक तंत्रों का उपयोग क्यों किया जाता है?

Ans

✔ A. वे पहिया को घुमाते समय ड्राइवर के प्रयास को कम करते हैं

✘ B. वे उच्च चाल पर ईंधन की खपत को कम करते हैं

✘ C. वे मोड़ के दौरान इंजन की चाल बढ़ाते हैं

✘ D. वे वाहनों में प्रकाशन परिपथ को नियंत्रित करते हैं

Q.46 यदि वेन टाइप एयर फ्लो सेंसर में लगा विभवमापी विफल हो जाता है, तो इसका संभावित परिणाम क्या होगा?

Ans

✘ A. सेंसर वायु के स्थान पर ईंधन के दाब को मापता है

✘ B.
ECU सभी सेंसर इनपुट की उपेक्षा करता है

✘ C. इंजेक्टर प्रत्यक्ष रूप से विभवमापी द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं

✔ D. ECU अयथार्थ वायु प्रवाह डेटा प्राप्त करता है

Q.47 यदि अपकेन्द्री अग्रिम तंत्र (centrifugal advance mechanism) विफल हो जाता है और प्रज्वलन काल को आगे नहीं बढ़ाता है, तो संभावित परिणाम क्या होगा?

Ans

✘ A. इंजन में निम्नतर चालों पर शक्ति का ह्रास हो सकता है

✘ B. इंजन अधिकतम दक्षता पर प्रचालित होगा

✘ C. इंजन शीघ्र ही अधितप्त हो जाएगा

✔ D. इंजन में उच्चतर चालों पर शक्ति का ह्रास हो सकता है

Q.48 इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरी खराब होने का एक सामान्य लक्षण क्या है?

Ans

✘ A. असामान्य रेचन धूम

✘ B. उच्च तेल खपत

✔ C. परिचालन रेंज में कमी

✘ D. अपस्फोटन इंजन ध्वनि

Q.49 कार्यशाला के दौरान किए गए इनमें से कौन-से प्रेक्षण से पता चलेगा कि स्टीयरिंग कॉलम निपातीय (collapsible) नहीं है?

Ans

✘ A. इसे कई जुड़े हुए भागों (connected parts) में विभाजित किया गया है

✔ B. यह एक सतत ठोस छड़ से निर्मित है

✘ C. इसके आधार के पास एक नम्य जोड़ है

✘ D. इसमें एक मध्यवर्ती निपातीय टुकड़े (collapsible piece) का उपयोग किया गया है

Q.50 किसी वर्कशॉप परिकलन में, आपको 64 cm^2 क्षेत्रफल वाले वर्गाकार आधार की भुजा ज्ञात करनी है। सही लंबाई कितनी होगी?

Ans

✘ A. आधार की भुजा 9 cm है

✘ B. आधार की भुजा 6 cm है

✔ C. आधार की भुजा 8 cm है

✘ D. आधार की भुजा 7 cm है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.51 डैशबोर्ड पर कौन-सा चेतावनी चिह्न सीट बेल्ट प्रीटेंशनर की समस्या का संकेत दे सकता है?

Ans

✔ A. सीट बेल्ट चेतावनी लाइट जलती रहती है

✘ B. रेडियो चेतावनी संदेश दिखाई देता है

✘ C. हेडलाइट चेतावनी फ्लैश होती है

✘ D. वातानुकूलन चेतावनी दिखाई देती है

Q.52 ऑटोमोबाइल HVAC सिस्टम में संपीडित्र में प्रशीतक किस अवस्था में प्रवेश करता है?

Ans

✘ A. उच्च दाब वाले द्रव

✘ B. निम्न दाब वाले द्रव

✔ C. निम्न दाब वाली गैस

✘ D. उच्च दाब वाली गैस

Q.53 इंजन शीतलन की कौन-सी विधि सिलिंडर की दीवारों के परितः द्रव का परिसंचरण करके और उसे रेडिएटर में स्थानांतरित करके ऊष्मा को निष्कासित करती है?

Ans

✔ A. द्रव शीतलक का उपयोग करके जल शीतलन विधि

✘ B.
शीतलन फिन का उपयोग करके वायु शीतलन विधि

✘ C.
आउटलेट गैसों का उपयोग करके रेचन शीतलन विधि

✘ D.
स्नेहन तेल का उपयोग करके तेल शीतलन विधि

Q.54 एक मैकेनिक खराब त्वरण वाले किसी वाहन की जांच कर रहा है और उसे ईंधन प्रणाली की समस्या का संदेह है। कौन-सा परीक्षण सर्वोत्तम पुष्टि करेगा कि क्या गलत ईंधन दाब ही समस्या का कारण है?

Ans

✘ A. अवरोधन और लीक होने के लिए इंजेक्टर का निरीक्षण करना

✘ B.
ईंधन फिल्टर को बदलना और सुधार देखना

✔ C. रेल पर दाब मापना और विनिर्देशों की तुलना करना

✘ D. प्रज्वलन के दौरान ईंधन पंप की ध्वनि को सुनना

Q.55 एक तकनीशियन केवल रिम के बाह्य व्यास को मापता है। इस परिदृश्य में, रिम के आकार को परिभाषित करने में क्या त्रुटि हुई है?

Ans

✘ A. केवल ट्रेड गभीरता को सम्मिलित किया गया है

✘ B.
टायर की साइडवॉल माप का उपयोग किया गया है

✘ C. आंतरिक परिधि को मापा गया है

✔ D. रिम की चौड़ाई को छोड़ दिया गया है

Q.56 कोई पंखा प्रतिदिन 6 घंटे चलता है और 75 वाट की निर्धारित शक्ति का उपभोग करता है। यह दो दिन में कितनी ऊर्जा का उपभोग करेगा?

Ans

✘ A. 825 वाट-घंटे

✘ B. 75 वाट-घंटे

✔ C. 900 वाट-घंटे

✘ D. 150 वाट-घंटे

Q.57 चिह्नांकन (marking) और मापक कार्यों में धातु पृष्ठों की परिसज्जन (finishing) के लिए सैंडपेपर की तुलना में एमरी पेपर (emery paper) को अधिक प्राथमिकता क्यों दी जाती है?

Ans

✘ A. एमरी पेपर, सैंड पेपर की तुलना में तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करता है

✔ B. एमरी पेपर अधिक कठोर और अधिक टिकाऊ होता है

✘ C. एमर पेपर को विशेष रूप से काष्ठ के पृष्ठों की सफाई के लिए डिज़ाइन किया गया है

✘ D. एमरी पेपर उपयोग के दौरान अल्प घर्षण उत्पन्न करता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.58 रेफ्रिजरेंट होज़ पर फिटिंग को कसने के लिए प्राय: किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

Ans

✗ A. हथौड़ा या मुँगरी

✓ B. रिंच या स्पैनर

✗ C. रेती या घर्षणी

✗ D. स्क्रूड्राइवर या टेस्टर

Q.59 कार्यशाला में वाहन के घटकों से टॉक्सिक धूलि को सुरक्षित रूप से साफ करने के लिए किस विधि की अनुशंसा की जाती है?

Ans

✗ A. झाड़ू से शुष्क सफाई

✗ B. संपीडित वायु धमन

✗ C. हाथ से कपड़े के द्वारा पोंछना

✓ D. निर्वात निर्मलन उपकरण

Q.60 फ्लोटिंग कैलिपर डिस्क ब्रेक में ब्रेक को विमोचित करने पर ब्रेक पैड और डिस्क के बीच का वायु अंतराल किस प्रकार से पुनःस्थापित होता है?

Ans

✗ A. लोकेटिंग स्टड की गति द्वारा

✗ B. नवीकृत हाइड्रोलिक दाब द्वारा

✓ C. पिस्टन सीलिंग रिंग के बल द्वारा

✗ D. बाह्य ब्रेक पैड स्प्रिंग द्वारा

Q.61 कंपोजिट हेडलाइट के किस पार्ट के कांच के स्थान पर प्लास्टिक से बने होने की संभावना सबसे अधिक होती है?

Ans

✗ A. होल्डर (Holder)

✓ B. लेंस (Lens)

✗ C. रिफ्लेक्टर (Reflector)

✗ D. बल्ब (Bulb)

Q.62 ड्रिलिंग मशीन की चाल (speed) को समायोजित करते समय, अपेक्षाकृत कठोर सामग्रियों के लिए सामान्यतः किसमें कमी की जाती है?

Ans

✗ A. ड्रिल किए गए छिद्र की गहराई

✓ B. ड्रिल की घूर्णी चाल

✗ C. सामग्री की प्रभरण दर

✗ D. ड्रिल औज़ार की लंबाई

Q.63 टॉर्क कन्वर्टर सिस्टम में कौन-सा घटक इंजन क्रैंक शैफ्ट को सीधे ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से जोड़ता है?

Ans

✗ A. क्लच

✓ B. ड्राइव प्लेट

✗ C. ऑयल पंप

✗ D. गवर्नर

Q.64 इलेक्ट्रॉनिकतः नियंत्रित वायु निलंबन तंत्र में हाइट सेंसर (height sensor) किस सिद्धांत के आधार पर कार्य करता है?

Ans

✗ A. तापीय प्रसार सिद्धांत

✓ B. वैद्युतचुंबकीय प्रेरण सिद्धांत

✗ C. दाब सिद्धांत

✗ D. दाब वैद्युत प्रभाव सिद्धांत

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.65 रैक और पिनियन स्टीयरिंग सिस्टम का कौन-सा भाग, रैक को घुमाने के लिए उत्तरदायी होता है?

Ans

✗ A. व्हील (wheels)

✓ B. पिनियन (pinion)

✗ C. स्टीयरिंग व्हील (steering wheel)

✗ D. ट्रैक-रॉड (track-rod)

Q.66 कैमशैफ्ट ड्राइव गियर के घिस जाने की स्थिति में किस प्रकार का दोष उत्पन्न होने की सबसे अधिक संभावना होती है?

Ans

✓ A. वाल्व टाइमिंग त्रुटिपूर्ण हो जाएगी

✗ B. ईंधन वितरण अवरुद्ध हो जाएगा

✗ C. आल्टर्नेटर अतिरिक्त धारा उत्पन्न करेगा

✗ D. रेडिएटर से शीतक का रिसाव होगा

Q.67 निम्नलिखित में से किस पिस्टन वलय को खाँचे (groove) में अन्य वलयों का सही तनाव और फिट बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया जाता है?

Ans

✗ A. तेल नियंत्रण वलय

✓ B. प्रसारक वलय

✗ C. खुरचनी वलय

✗ D.
संपीडन वलय

Q.68 नियमित ऑटोमोबाइल अनुरक्षण के दौरान बैटरी टर्मिनल की कसावट (tightness) की जांच के लिए कौन-सा टूल सबसे उपयुक्त है?

Ans

✗ A. फ्लैटहेड स्क्रूड्राइवर

✓ B.
सही आकार का स्पैनर

✗ C. रबर हेड वाला हथौड़ा

✗ D. स्वच्छ पेंटब्रश

Q.69 इंजन प्रचालन के दौरान विशिष्ट तापमान पर थर्मोस्टेट का खुलना शुरू होना क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans

✓ A. इंजन के इष्टतम तापमान तक पहुंचने और उसे बनाए रखना सुनिश्चित करता है

✗ B. ऊष्मा के असापेक्ष यादृच्छिक शीतलक प्रवाह की सुविधा देता है

✗ C. थर्मोस्टेट को सभी समय पर पूरी तरह से खुला रखने की सुविधा देता है

✗ D. केवल तापमान के सुरक्षित सीमा से अधिक होने पर बंद होता है

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा घटक, पारंपरिक स्टीयरिंग सिस्टम में दोनों स्टीयरिंग आर्म्स को आपस में जोड़ता है?

Ans

✗ A. स्टेबलाइज़र बार, दोनों स्टीयरिंग आर्म्स को जोड़ती है

✓ B. ट्रैक रॉड दोनों स्टीयरिंग आर्म्स को जोड़ती है

✗ C. ड्रॉप आर्म, दोनों स्टीयरिंग आर्म्स को जोड़ती है

✗ D. ड्रैग लिंक रॉड, दोनों स्टीयरिंग आर्म्स को जोड़ती करती है

Q.71 सतत परिवर्ती संचरण (CVT) में द्वितीयक पुली शैफ्ट का सटीक निर्माण क्यों किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. रासायनिक संक्षारण का प्रतिरोध करने के लिए

✗ B. प्रचालन के दौरान लचीलेपन की सुविधा देने के लिए

✓ C. सटीक बलाघूर्ण संचरण सुनिश्चित करने के लिए

✗ D. इसकी लंबाई को स्वचालित रूप से समायोजित करने के लिए

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.72 किसी तकनीकी ड्राइंग पर, दो अक्षों का प्रतिच्छेदन सामान्यतः क्या दर्शाता है?

Ans

✗ A. पृष्ठ परिसज्जा का प्रकार

✗ B. छिद्र का व्यास

✓ C. किसी पार्ट का केंद्र बिंदु

✗ D. सामग्री विनिर्देशन

Q.73 एक विफलता विश्लेषण से पता चलता है कि एक बिग-एंड बेयरिंग (Big-end bearing) में अत्यधिक खरोंचें (Scoring) और शैफ्ट क्षतिग्रस्त हुआ है।बेयरिंग सामग्री में कौन-सा गुणधर्म संभवतः अपर्याप्त था?

Ans

✗ A. बेयरिंग का उच्च तनन सामर्थ्य

✗ B. उत्कृष्ट ऊष्मीय चालकता

✓ C. बेयरिंग सामग्री की अंतः स्थाप्यता

✗ D. बेयरिंग की उच्च कठोरता

Q.74 डीजल इंजन में इंजन दक्षता और उत्सर्जन नियंत्रण दोनों को बेहतर बनाने के लिए, अनुरक्षण के दौरान पिस्टन रिंग के किस कार्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए?

Ans

✗ A. पिस्टन के स्नेहन और शीतलन दक्षता को बनाए रखना

✓ B.
दहन गैसों की उचित सीलिंग और तेल विनियमन सुनिश्चित करना

✗ C. पिस्टन संरेखण में सुधार करना और रव को न्यूनतम करना

✗ D. पिस्टन की स्पीड बढ़ाना और ऊष्मा वर्धन को कम करना

Q.75 प्रत्यावर्तित्र के अनुरक्षण के दौरान, रोटर को बाह्य परिपथ से जोड़ने वाले एक घटक को प्रतिस्थापित किया जाता है। वह पुर्जा (part) कौन-सा है?

Ans

✗ A. रेक्टिफायर असेंबली

✗ B. स्टेटर वाइंडिंग

✓ C. स्लिप रिंग्स

✗ D.
वोल्टेज रेगुलेटर

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025

सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

सत्यमेव जयते

Test Date	28/07/2026
Test Time	9:30 AM - 12:00 PM
Subject	ALP Stage 2 Mechanic Tractor

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **PART-A**

Q.1 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है, और इसी प्रकार आगे की भी संख्याएं प्राप्त की गई है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, उन्हीं संक्रियाओं का अनुसरण करता है, जो दिए गए समुच्चयों में किया गया है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

10 - 100 - 50 - 25; 2 - 4 - 2 - 1

Ans
- ✗ A. 12 - 144 - 62 - 31
- ✗ B. 8 - 64 - 32 - 14
- ✗ C. 5 - 25 - 15 - 7
- ✓ D. 4 - 16 - 8 - 4

Q.2 अपशिष्ट जल उपचार के दौरान नाइट्रोजन और फास्फोरस की सांद्रता को कम करने के लिए कौन-सा उपागम सर्वाधिक प्रभावी है?

Ans
- ✗ A. सतही-प्रवाह निर्मित आर्द्रभूमि
- ✓ B. जैविक और रासायनिक पोषक तत्व हटाना
- ✗ C. विस्तारित वातन के साथ प्राथमिक अवसादन
- ✗ D. द्वितीयक उपचार के बाद UV विसंक्रमण

Q.3 एक हीरे की अंगूठी का मूल्य ₹85,000 है। पहले इसका मूल्य में 11% की कमी की जाती है और फिर कम किए गए मूल्य पर 4% की कमी की जाती है। दोनों छूट के बाद अंगूठी का अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹72,604
- ✗ B. ₹73,624
- ✗ C. ₹74,624
- ✓ D. ₹72,624

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.4 P, Q, R, S और T की आयु अलग-अलग है। T केवल एक व्यक्ति से बड़ा है। S, P से बड़ा है लेकिन Q से छोटा है। R, Q से बड़ा है। सबसे छोटा कौन है?

Ans
- ✗ A. Q
- ✓ B. P
- ✗ C. R
- ✗ D. S

Q.5 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

74, 83, 101, 128, ?, 209

Ans
- ✓ A. 164
- ✗ B. 176
- ✗ C. 155
- ✗ D. 146

Q.6 इस प्रश्न में, नीचे दिए गए कूट और शर्तों के अनुसार संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को अक्षरों में कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाला सही कूट संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो तालिका में दिए अनुसार संबंधित संख्या/प्रतीक के कूट का प्रत्यक्ष रूप से अनुसरण किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक	6	1	&	3	%	8	+	4	#	7	@	5	2	$
कूट	R	V	G	D	S	C	T	L	F	W	H	U	Y	N

शर्तें:
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक विषम संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरे और तीसरे दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
+ 6 $ 2 7

Ans
- ✗ A. TSNWW
- ✓ B. WRNYT
- ✗ C. WSNYT
- ✗ D. STMWV

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति किसी यांत्रिक कार्यशाला में उलझने के खतरे (entanglement hazard) का सर्वोत्तम वर्णन करती है?

Ans
- ✗ A. तप्त पृष्ठों के पास दस्ताने पहनना
- ✗ B. गियर्स के बीच हाथ का दबना
- ✗ C. तेज धार से उंगली कटना
- ✓ D. घूर्णी शैफ्ट में ढीले कपड़े का फंसना

Q.8 एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 88 cm है और उसकी ऊँचाई 150 cm है। बेलन का आयतन (cm^3 में) कितना है?
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✓ A. 92400
- ✗ B. 92450
- ✗ C. 92550
- ✗ D. 92500

Railway BABA

Q.9 स्प्रेडशीट एप्लिकेशन में, उपयोगकर्ता, सेल की एक रेंज सेलेक्ट करता है और Ctrl + C दबाता है, उसके बाद किसी दूसरी वर्कशीट में Ctrl + V दबाता है। डेटा का क्या होता है?

Ans
- ✗ A. सेलेक्ट किए गए सेल एक नई फ़ाइल में सेव हो जाते हैं।
- ✓ B. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में कॉपी हो जाते हैं।
- ✗ C. सेलेक्ट किए गए सेल नई वर्कशीट में मूव हो जाते हैं।
- ✗ D. सेलेक्ट किए गए सेल मूल वर्कशीट से डिलीट हो जाते हैं।

Q.10 एक व्यापारी किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित करता है। वह अंकित मूल्य पर 10% की छूट प्रदान करता है। छूट देने के बाद, उसे उस वस्तु पर ₹180 का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹1,380
- ✗ B. ₹1,260
- ✗ C. ₹1,200
- ✓ D. ₹1,440

Q.11 एक कार 2 घंटे में 60 km उत्तर की ओर और फिर अगले 1 घंटे में 40 km दक्षिण की ओर यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार का औसत वेग कितना है?

Ans
- ✓ A. 6.7 km/h उत्तर
- ✗ B. 33.3 km/h उत्तर
- ✗ C. 0 km/h
- ✗ D. 20 km/h दक्षिण

Q.12 एक नाव, नदी में 40 km धारा की दिशा में और फिर 40 km धारा की विपरीत दिशा में चलती है। स्थिर जल में नाव की चाल 12 km/hr है और धारा की चाल 4 km/hr है। नाव को संपूर्ण दूरी (धारा की विपरीत दिशा और धारा की दिशा दोनों) तय करने में कितना समय लगता है?

Ans
- ✗ A. 8 घंटे
- ✓ B. 7.5 घंटे
- ✗ C. 6 घंटे
- ✗ D. 10 घंटे

Q.13 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

प्रश्न. पांच व्यक्तियों A, B, C, D, और E में से सबसे लंबा कौन है?
(I) A, B से लंबा है। B, C से लंबा है।
(II) D, E से लंबा है।

Ans
- ✗ A. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ C. कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✓ D. कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा, इनपुट और आउटपुट डिवाइस दोनों है?

Ans
- ✗ A. कीबोर्ड
- ✓ B. टचस्क्रीन मॉनिटर
- ✗ C. प्रोजेक्टर
- ✗ D. प्रिंटर

Q.15 एक श्रमिक का हाथ यांत्रिक कर्तन क्रिया से क्षति होने के जोखिम में है। कौन-सी स्थिति कर्तन खतरे (shearing hazard) का सर्वोत्तम अच्छा वर्णन करती है?

Ans
- ✓ A. प्रचालन के दौरान गतिशील ब्लेड और मशीन की स्थिर सतह के बीच हाथ का फंस जाना
- ✗ B. अनुरक्षण गतिविधि के दौरान हाथ का मशीन की गर्म धात्विक सतह को छूना
- ✗ C. प्रचालन के दौरान मशीन के घूर्णी शैफ्ट में हाथ उलझ जाना
- ✗ D. कार्य के दौरान मशीन के रूक्ष अपघटक सतह पर हाथ का गुप्त संवर्ती रूप से रगड़ना

Join us @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.16 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) B F O P P S Q A L M K A W X S N U Q J O M Y (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans

✔ A. 5

✘ B. 4

✘ C. 6

✘ D. 7

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, रासायनिक ऊर्जा के यांत्रिक ऊर्जा में रूपांतरण को सटीक रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans

✘ A. नई बैटरी डालने के बाद टॉर्च चालू हो जाती है।

✘ B. एक पत्थर मेज से जमीन पर गिर जाता है।

✔ C.
एक धावक आगे की ओर तेज दौड़ने के लिए भोजन से प्राप्त संचित ऊर्जा का उपयोग करता है।

✘ D. एक तानित रबर बैंड वापस अपनी मूल आकृति में आ जाता है।

Q.18 तीन श्रमिक, X, Y और Z, एक निश्चित कार्य को क्रमशः 10 दिन, 12 दिन और 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो उन्हें कार्य पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

Ans

✘ A. 8 दिन

✘ B. 5 दिन

✘ C. 6 दिन

✔ D. 4 दिन

Q.19 एक दुकानदार किसी उत्पाद पर क्रय मूल्य से 75% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा 30% और 40% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 26.5% हानि

✘ B. 20.9% लाभ

✘ C. 22.6% लाभ

✘ D. 15.7% लाभ

Q.20 चाँदी-ताँबे की दो प्रकार की मिश्रधातुएँ हैं। पहली मिश्रधातु में $93\frac{1}{3}\%$ चाँदी है, जबकि दूसरी मिश्रधातु में $86\frac{2}{3}\%$ चाँदी है। पहली मिश्रधातु की वह मात्रा ज्ञात कीजिए जिसे दूसरी मिश्रधातु की कुछ मात्रा के साथ मिलाने पर 90% चाँदी वाला 100 kg मिश्रण प्राप्त हो।

Ans

✘ A. 45 kg

✔ B. 50 kg

✘ C. 52 kg

✘ D. 48 kg

Q.21 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी लड़कियाँ, मुर्गियाँ हैं। कोई मुर्गी, बिल्ली नहीं है।
निष्कर्ष (I): कोई लड़की, बिल्ली नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ बिल्लियाँ, मुर्गियाँ हैं।

Ans

✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.22 कोई कार एक सीधी सड़क पर 90 km पूर्व और फिर उसी सड़क पर 30 km पश्चिम की ओर चलती है। यदि संपूर्ण यात्रा में 3 घंटे लगते हैं, तो कार का औसत वेग ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 40 km/h पूर्व
✗ B. 50 km/h उत्तर
✓ C. 20 km/h पूर्व
✗ D. 30 km/h पूर्व

Q.23 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
पाँच खंभों—I, N, C, H, और L—में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा खंभा सबसे लंबा है?
(I) I, N से छोटा है लेकिन C से लंबा है। C केवल एक खंभे से लंबा है।
(II) H, L से लंबा है।

Ans
✗ A. अकेले कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
✗ B. कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
✓ C. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✗ D. अकेले कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

Q.24 एक यांत्रिक अभियंता को एक ऐसी फ्लैंज संधि (flange joint) का अभिकल्पन करना है जहां दो पाइपों को 45-डिग्री के कोण पर संयोजित किया जाना है। दोनों बेलनाकार पाइपों के तकनीकी ड्राइंग (technical drawing) पर प्रतिच्छेदन रेखा को सटीक रूप से निरूपित करने के लिए अभियंता को किस विधि का उपयोग करना चाहिए?

Ans
✗ A. सहायक दृश्यों के बिना केवल मानक लंबकोणीय प्रक्षेप का उपयोग करें
✗ B. पार्श्व दृश्य में प्रतिच्छेदन को एक सीधी रेखा के रूप में निरूपित करें
✗ C. शीर्ष दृश्य (top view) में संधि पर एक साधारण वृत्त का आरेखन करें
✓ D. सहायक प्रक्षेप (auxiliary projection) का उपयोग करके प्रतिच्छेदन की वास्तविक आकृति का आरेखन करें

Q.25 दो विद्यार्थी एक जैसे बक्सों को 10 m की दूरी तक ले जाते हैं। विद्यार्थी A, 50 N का बल अनुप्रयुक्त करता है, जबकि विद्यार्थी B, 100 N का बल अनुप्रयुक्त करता है। दोनों विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्य में कितना अंतर है?

Ans
✓ A. 500 J
✗ B. 50 J
✗ C. 1000 J
✗ D. 0 J

Q.26 ₹420 की धनराशि को A, B, C और D के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A : B = 4 : x, B : C = x : 7, C : D = 6 : (x − 3) है। यदि B और C को कुल ₹210 मिलते हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 39
✗ B. 42
✗ C. 53
✗ D. 27

Q.27 एक लोलक 24 दोलन पूरे करने में 60 सेकंड लेता है। यदि इसकी लंबाई बढ़ा दी जाए और अब यह उतने ही दोलनों के लिए 72 सेकंड लेता है, तो इसके आवर्तकाल में क्या परिवर्तन हुआ है?

Ans
✗ A. यह 2.5 सेकंड ही बना रहता है
✓ B.
यह बढ़कर 3.0 सेकंड हो गया है
✗ C. यह घटकर 1.5 सेकंड हो गया है
✗ D. यह घटकर 2.0 सेकंड हो गया है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.28 एक ट्रेन X, विपरीत दिशा में चल रही दूसरी ट्रेन Y में बैठे एक व्यक्ति को 8 सेकंड में पार करती है। हालांकि, जब दोनों ट्रेनें एक ही दिशा में चल रही होती हैं, तो ट्रेन X द्वारा उसी व्यक्ति को पार करने में 20 सेकंड लगते हैं। यदि ट्रेन X की लंबाई 360 मीटर है और ट्रेन Y (जिसमें व्यक्ति बैठा है) की लंबाई 240 मीटर है, तो ट्रेन Y की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 45.3 km/h
- ✓ B. 48.6 km/h
- ✗ C. 45.8 km/h
- ✗ D. 46.5 km/h

Q.29 आयतन के अनुसार पृथ्वी के वायुमंडल का सबसे बड़ा हिस्सा किस घटक से बना है?

Ans
- ✗ A. कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ B. आर्गन
- ✓ C. नाइट्रोजन
- ✗ D. ऑक्सीजन

Q.30 नामिया पश्चिम की ओर अभिमुख होकर खड़ी है। वह बाईं ओर मुड़कर 15 m चलती है। फिर बाईं ओर मुड़कर 25 m चलती है। वह दोबारा बाईं ओर मुड़ती है और 40 m चलती है। अंत में बाईं ओर मुड़कर 40 m चलकर वह अपने घर पहुंचती है। आरंभिक बिंदु के सापेक्ष उसका घर किस दिशा में है?

Ans
- ✓ A. उत्तर-पश्चिम
- ✗ B. उत्तर-पूर्व
- ✗ C. दक्षिण-पूर्व
- ✗ D. दक्षिण-पश्चिम

Q.31 प्रयोगशाला के रिकॉर्ड में दो बिंदुओं के बीच की दूरी 0.004 किलोमीटर दर्शाई गई है। वैज्ञानिक रिपोर्ट के लिए इसे लंबाई के SI मात्रकों में किस प्रकार लिखा जाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 400 cm
- ✗ B. 4000 mm
- ✓ C. 4 m
- ✗ D. 0.4 m

Q.32 यदि रोहन की आय 20% बढ़ जाती है और उसका व्यय 10% बढ़ जाता है, तो उसकी बचत में ₹1,200 की वृद्धि होती है। यदि उसकी मूल आय ₹12,000 थी, तो उसका मूल व्यय कितना था? (मान लीजिए कि, बचत = आय − व्यय)

Ans
- ✗ A. ₹10,000
- ✓ B. ₹12,000
- ✗ C. ₹9,000
- ✗ D. ₹11,000

Q.33 इंजीनियरिंग ड्राइंग में, प्रत्यक्ष रूप से दिखाई न देने वाली प्रच्छन्न कोर को निरूपित करने के लिए सामान्यतः किस रेखा प्रतीक का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. टेढ़ी-मेढ़ी रेखा (Zigzag line)
- ✗ B. ठोस मोटी रेखा (Solid thick line)
- ✗ C. शृंखलित पतली रेखा (Chain thin line)
- ✓ D. असतत रेखा (Dashed line)

Q.34 5 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के बिंदु P पर खींची गई स्पर्श रेखा PQ, केंद्र O से होकर जाने वाली रेखा से बिंदु Q पर इस प्रकार मिलती है कि OQ = 12 cm है। PQ की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\sqrt{107}$ cm
- ✓ B. $\sqrt{119}$ cm
- ✗ C. $\sqrt{117}$ cm
- ✗ D. $\sqrt{97}$ cm

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.35 निम्नलिखित अक्षर तथा प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Z @ B R J # D * Q A M S % P L V O U S N T W Z (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans
- ✔ A. चार
- ✘ B. तीन
- ✘ C. दो
- ✘ D. एक भी नहीं

Q.36 जब एक गतिमान कार में अचानक ब्रेक लगाया जाता है, तो उसकी गतिज ऊर्जा मुख्यत: किस प्रकार की ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है?

Ans
- ✘ A. ध्वनि ऊर्जा
- ✔ B. ऊष्मा ऊर्जा
- ✘ C. प्रकाश ऊर्जा
- ✘ D. स्थितिज ऊर्जा

Q.37 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

QOI 5, OMG 10, MKE 15, KIC 20, ?

Ans
- ✘ A. JHZ 24
- ✘ B. HIZ 30
- ✘ C. IHS 23
- ✔ D. IGA 25

Q.38 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ गिलास, चम्मच हैं।
सभी चम्मच, फोर्क हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ गिलास, फोर्क हैं।
(II) सभी फोर्क, चम्मच हैं।

Ans
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✔ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.39 व्यंजक $\left[\frac{\cos A}{(1 - \tan A)}\right] + \left[\frac{\sin A}{(1 - \cot A)}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. cos A + sin A
- ✘ B. sin A − cos A
- ✘ C. 1
- ✘ D. 0

Q.40 8 संख्याओं का औसत 45 है। यदि एक संख्या, 59, को हटा दिया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 43
- ✘ B. 42
- ✘ C. 41.5
- ✘ D. 42.5

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.41 कार्यशाला में किसी भी मशीन को परिचालित करने से पहले सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुरक्षा जांच कौन-सी है?

Ans

✔ A. मशीन के ढीले या क्षतिग्रस्त पुर्जों का निरीक्षण करें

✘ B. उपयोग करने से पहले मशीन को सूखे कपड़े से पोंछें

✘ C. जांच करें कि मशीन ठीक से प्लग-इन है या नहीं

✘ D. सुनिश्चित करें कि मशीन क्षेत्र उचित रूप से प्रकाशित हो

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण, इंजीनियरिंग ड्राइंग में BIS ड्राइंग मानक की आवश्यकता है?

Ans

✘ A. यादृच्छिक चौड़ाई की सीमा रेखाएं (Margin lines)

✔ B. विशिष्ट जानकारी वाला शीर्षक ब्लॉक (Title block)

✘ C. बिना पैमाने के मुक्तहस्त रेखाचित्र (Freehand sketches)

✘ D. स्पष्टता (clarity) के लिए रंगीन पेंसिलों का उपयोग

Q.43 निम्न डेटा की माध्यिका ज्ञात कीजिए।
25, 15, 23, 25, 17, 27, 20, 18, 24, 30, 19, 28, 35, 10, 31, 40

Ans

✘ A. 20.5

✘ B.
25

✔ C. 24.5

✘ D. 23.5

Q.44 72, 78 और 90 का LCM ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 4680

✘ B. 4120

✘ C. 4250

✘ D. 4280

Q.45 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है तथा 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

28 A 16 C 3 B 12 D 4 = ?

Ans

✘ A. 71

✘ B. 72

✔ C. 73

✘ D. 70

Q.46 निम्नलिखित में से कौन-सा, भौतिकी में 'कार्य' को सटीक रूप से परिभाषित करता है?

Ans

✘ A. संचलन की उपेक्षा करते हुए कार्य तब होता है जब भी कोई बल अनुप्रयुक्त किया जाता है।

✘ B. कार्य तब होता है जब कोई बल गति के सापेक्ष किसी भी कोण पर कार्य करता है।

✘ C. कार्य तब होता है जब किसी वस्तु में ऊर्जा संग्रहीत होती है।

✔ D. कार्य तब होता है जब कोई बल किसी वस्तु को बल की दिशा में विस्थापित करता है।

Q.47 15 डिग्री सेल्सियस वाले एक प्रतिदर्श जल को 35 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है। तापमान परिवर्तन (केल्विन में) कितना है?

Ans

✘ A. तापमान परिवर्तन 15 K है।

✘ B. तापमान परिवर्तन 30 K है।

✘ C. तापमान परिवर्तन 50 K है।

✔ D. तापमान परिवर्तन 20 K है।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.48 फ्यूज तार का कौन-सा गुणधर्म यह सुनिश्चित करता है कि अतिरिक्त धारा प्रवाहित होने पर यह शीघ्र पिघल जाए?

Ans
✗ A. उच्च विद्युत प्रतिरोध
✗ B. उच्च गलनांक
✗ C. मोटा तार
✓ D. निम्न गलनांक

Q.49 एक धावक 200 मीटर के एक वृत्ताकार पथ का एक चक्कर 50 सेकंड में पूरा करता है। धावक की औसत चाल क्या है?

Ans
✗ A. 4.5 मीटर प्रति सेकंड
✓ B. 4 मीटर प्रति सेकंड
✗ C. 3 मीटर प्रति सेकंड
✗ D. 3.5 मीटर प्रति सेकंड

Q.50 एक पिता ने अपने पुत्रों P, Q, R और S में दो विभिन्न राशियां बांटी। पहली राशि को 5 : 4 : 3 : 2 के अनुपात में बांटी गई और दूसरी राशि को 6 : 7 : 8 : 9 के अनुपात में बांटी गई। यदि दूसरी राशि, राशि पहली राशि की तिगुनी है, तो किस पुत्र को अधिकतम राशि प्राप्त होगी?

Ans
✓ A. S
✗ B. P
✗ C. Q
✗ D. R

Q.51 निम्नलिखित को सरल कीजिए।
60 - {(-8) × (-16 - 19 - 2)} ÷ [5 × {2 + (-1) × (-1)}]

Ans
✗ A. $\frac{594}{15}$
✗ B. $\frac{608}{15}$
✓ C. $\frac{604}{15}$
✗ D. $\frac{614}{15}$

Q.52 1200 kg द्रव्यमान वाली एक कार सीधी सड़क पर विरामावस्था से 20 m/s की चाल तक त्वरित होती है। यदि कार द्वारा प्राप्त गतिज ऊर्जा पूर्णतया इंजन द्वारा किए गए कार्य के कारण है तो निम्नलिखित में से कौन-सा, इस गति पर कार द्वारा प्राप्त कुल गतिज ऊर्जा को यथार्थ रूप से दर्शाता है?

Ans
✗ A. 24,000 जूल
✓ B. 240,000 जूल
✗ C. 12,000 जूल
✗ D. 480,000 जूल

Q.53 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। S के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। T और S के बीच ठीक एक बॉक्स रखा गया है। T और U के बीच ठीक तीन बॉक्स रखे गए हैं, और U को S के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। V को U के ठीक नीचे रखा गया है। W को P के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। Q को T के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को सबसे नीचे रखा गया है?

Ans
✓ A. P
✗ B. Q
✗ C. V
✗ D. S

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.54 एक निश्चित कूट भाषा में, 'KING' को '9713' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ITCH' को '2945' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 9
- ✘ B. 7
- ✘ C. 4
- ✘ D. 2

Q.55 O, P, Q, U और V की लंबाई अलग-अलग है। V और Q की लंबाइयों के बीच केवल तीन व्यक्तियों की लंबाई है। P, U से लंबा है लेकिन O से छोटा है। V, Q से लंबा है।
कितने व्यक्ति P से छोटे हैं?

Ans
- ✘ A. चार
- ✘ B. तीन
- ✔ C. दो
- ✘ D. एक

Q.56 E, F, G, H, L और M एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। G के ऊपर केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। L और E के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। M और G के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। E, G के नीचे लेकिन F के ऊपर रहता है। H के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✘ A. चार
- ✘ B. एक
- ✘ C. दो
- ✔ D. तीन

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) की विशेषताओं और उसमें ईथरनेट (Ethernet) की भूमिका को सही से दर्शाता है?

Ans
- ✘ A. LAN को लंबी दूरी के संचार के लिए डिजाइन किया जाता है और ईथरनेट का उपयोग मुख्य रूप से वायरलेस डेटा एक्सचेंज के लिए किया जाता है
- ✘ B. LAN को कार्य करने के लिए हमेशा गीगाबिट ईथरनेट की आवश्यकता होती है और यह असुरक्षित होता है क्योंकि यह सभी नेटवर्क डिवाइसों को ओपन एक्सेस प्रदान करता है
- ✔ C. ईथरनेट एक ऐसा मानक है जो यह नियंत्रित करता है कि LAN में मौजूद डिवाइस तारयुक्त कनेक्शन के माध्यम से किस प्रकार संचार करते हैं; जो 10 Mbps से लेकर 1000 Mbps तक की स्पीड को सपोर्ट करता है
- ✘ D. LAN में ईथरनेट लो-स्पीड डेटा ट्रांसफर प्रदान करता है और उपयोगकर्ताओं को पब्लिक इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर से कनेक्ट करता है

Q.58 G, Y की माता है। Y, V की बहन है। S, L का पिता है। L, V का पति है। G का S से क्या संबंध है?

Ans
- ✔ A. पुत्र की पत्नी की माता
- ✘ B. माता की माता
- ✘ C. पुत्र की पत्नी
- ✘ D. पुत्र की पत्नी की बहन

Q.59 एक कार राजमार्ग पर चल रही है और उसका ओडोमीटर 8:00 am पर 180 km और 9:30 am पर 240 km रीडिंग रिकॉर्ड करता है। इस जानकारी के आधार पर, कौन-सा कथन इस अंतराल के दौरान कार की औसत चाल का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
- ✘ A. कार की औसत चाल 240 km प्रति घंटा है क्योंकि 9:30 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।
- ✔ B. कार की औसत चाल 40 km प्रति घंटा है, जिसकी गणना ओडोमीटर रीडिंग और समय अंतराल के आधार पर की जाती है।
- ✘ C. कार की औसत चाल 60 km प्रति घंटा है, यह केवल ओडोमीटर रीडिंग में हुए परिवर्तन पर आधारित है।
- ✘ D. कार की औसत चाल 180 km प्रति घंटा है क्योंकि 8:00 am पर ओडोमीटर पर यही रीडिंग थी।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.60 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न ('?') के स्थान पर क्या आएगा?

14 A 30 B 45 C 15 D 9 = ?

Ans
✗ A. 25
✗ B. 28
✓ C. 27
✗ D. 29

Q.61 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 16 का संबंध 260 से है। उसी तर्क के अनुसार, 25 का संबंध 630 से है। समान तर्क के अनुसार, 9 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ A. 78
✗ B. 729
✓ C. 84
✗ D. 732

Q.62 एक साइकिल चालक एक सीधी सड़क पर 16 सेकंड में 120 मीटर की दूरी तय करता है, फिर तुरंत एक समान सड़क खंड पर 24 सेकंड में 180 मीटर की दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान साइकिल चालक की औसत चाल क्या है?

Ans
✓ A. 7.5 मीटर प्रति सेकंड
✗ B. 6.5 मीटर प्रति सेकंड
✗ C. 8.0 मीटर प्रति सेकंड
✗ D. 7.0 मीटर प्रति सेकंड

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर PJAE का संबंध एक निश्चित तरीके से JOWH से है। उसी प्रकार, OIVC का संबंध INRF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NEZF का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✗ A. IJVJ
✗ B. HKVJ
✗ C. IKUH
✓ D. HJVI

Q.64 परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों का मुख्य प्रयोजन क्या है?

Ans
✗ A. ऐतिहासिक प्रदूषण प्रवृत्तियों का मानचित्रण करने के लिए नियमित रूप से वायु के नमूने लेना सुनिश्चित करना
✗ B. सभी उद्योगों के लिए उत्सर्जन में बिल्कुल समान प्रतिशत की कमी करना अनिवार्य बनाना
✓ C. जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए विशिष्ट प्रदूषकों की कानूनी रूप से अनुमेय सीमाएं निर्धारित करना
✗ D. अन्य क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए केवल औद्योगिक परिचालनों पर ध्यान केंद्रित करना

Q.65 ₹16,000 की धनराशि अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने वर्षों में ₹18,522 हो जाएगी?

Ans
✓ A. 1.5 वर्ष
✗ B. 2 वर्ष
✗ C. 2.5 वर्ष
✗ D. 1 वर्ष

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.66 तृतीय कोणीय प्रक्षेपण (Third Angle Projection) में, वस्तु (object) को प्रक्षेप तल के सापेक्ष कहाँ रखा जाता है?

Ans
✗ A. वस्तु को चतुर्थ चतुर्थांश में रखा जाता है
✗ B. वस्तु को द्वितीय चतुर्थांश में रखा जाता है
✗ C. वस्तु को प्रथम चतुर्थांश में रखा जाता है
✓ D. वस्तु को तृतीय चतुर्थांश में रखा जाता है

Q.67 एक शंक्वाकार तंबू के आधार की त्रिज्या 14 m और ऊंचाई 48 m है। यह कितनी घन मीटर वायु धारण कर सकता है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
✗ A. 9865
✓ B. 9856
✗ C. 9568
✗ D. 8956

Q.68 निम्नलिखित में से कौन सा ई-अपशिष्ट के अनुचित निस्तारण से संबंधित एक प्रमुख पर्यावरणीय चिंता का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ A. बहुमूल्य धातुओं की पुनर्चक्रण (recycling) दरों में वृद्धि
✗ B. अपघटन से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन
✗ C. प्लास्टिक का उन्नत जैव-निम्नीकरण
✓ D. मृदा और जल में विषाक्त धातुओं का निर्मुक्त होना

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ A. QK-VA
✗ B. WQ-CG
✗ C. EY-KO
✗ D. TN-ZD

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

UMD ZQG EUJ JYM ?

Ans
✗ A. PDP
✗ B. NBQ
✗ C. NDO
✓ D. OCP

Q.71 निम्नलिखित समीकरणों के निकाय को हल कीजिए।

$$-3x+2y-z=-1,\ 6x-6y+7z=-7,\ 3x-4y+4z=-6$$

Ans
✗ A. $x=-2, y=2, z=11$
✗ B. $x=2, y=1, z=-3$
✓ C. $x=2, y=2, z=-1$
✗ D. $x=1, y=2, z=2$

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.72 एक इंजीनियरिंग विद्यार्थी को असेंबली ड्राइंग (assembly drawing) के लिए एक जटिल मशीन पुर्जे का विस्तृत पार्श्व दृश्य बनाने का कार्य दिया गया है। कौन-सा उपागम पार्श्व से दिखाई देने वाले सभी अभिलक्षणों को सर्वाधिक सटीक रूप से निरूपित करेगा, और साथ ही प्रच्छन्न अतिव्यापन या गलत व्याख्याओं (misinterpretations) से बचेगा?

Ans
- ✗ A. मुख्य दृश्य से प्रक्षेपों का उपयोग किए बिना पार्श्व दृश्य को स्वतंत्र रूप से आरेखित करें
- ✗ B. सभी अभिलक्षणों को शामिल करें, यहां तक कि वे भी जो चयनित पार्श्व दृश्य से दिखाई नहीं दे रही हैं
- ✓ C. पार्श्व से सभी दृश्यमान अवयवों का प्रक्षेप करें और आवश्यकता न होने पर प्रच्छन्न अभिलक्षणों का लोप कर दें
- ✗ D. दृश्य में दूर की ओर के अभिलक्षणों को निरूपित करने के लिए केवल प्रच्छन्न रेखाओं का उपयोग करें

Q.73 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

98, 104, 116, 134, 158, ?

Ans
- ✗ A. 184
- ✓ B. 188
- ✗ C. 190
- ✗ D. 186

Q.74 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

31 B 35 D 7 A 9 C 2 = ?

Ans
- ✗ A. 46
- ✗ B. 48
- ✓ C. 44
- ✗ D. 42

Q.75 यदि $\left(x+\frac{1}{x}\right)=3$ है, तो $\left(x^3+\frac{1}{x^3}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 18
- ✗ B. 16
- ✗ C. 20
- ✗ D. 15

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. DJ – GM
- ✗ B. AF – DI
- ✓ C. CH – EK
- ✗ D. BG – EJ

Q.77 ईमेल (email) का उपयोग किस लिए किया जाता है?

Ans
- ✗ A. डॉक्यूमेंट क्रिएट करने के लिए
- ✓ B. मैसेज भेजने के लिए
- ✗ C. डेटा प्रोसेसिंग के लिए
- ✗ D. फाइल स्टोरेज के लिए

Q.78 यदि एक स्कूटर 25 km प्रति घंटे की नियत चाल से यात्रा करता है, तो वह 4 घंटे में कितनी दूरी तय करेगा?

Ans
- ✗ A. 80 km
- ✗ B. 75 km
- ✓ C. 100 km
- ✗ D. 120 km

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.79 औद्योगिक क्षेत्र के निकट मृदा प्रदूषण, घटती फसल उत्पादकता और निम्न सूक्ष्मजैविक गतिविधि के समाधान के लिए कौन-सी एकीकृत रणनीति सर्वोत्तम है?

Ans

✗ A. शहरी क्षेत्रों का कृषि भूमि में विस्तार करना

✗ B. निकटवर्ती शहरी केंद्रों में पुनर्वनीकरण

✓ C. संधारणीयता के लिए औद्योगिक अपशिष्ट को नियंत्रित करना

✗ D. सभी क्षेत्रीय रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगाना

Q.80 एक इंजीनियर, कारखाने में मशीन से संबंधित क्षति का आकलन करने के लिए भ्रंश वृक्ष विश्लेषण (fault tree analysis) का उपयोग करता है। मानक प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम कौन-सा कदम उठाया जाना चाहिए?

Ans

✓ A. क्षति का कारण बनने वाली शीर्ष घटना को परिभाषित करना

✗ B. जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय स्थापित करना

✗ C. कार्यस्थल डेटा का उपयोग करके विश्लेषण को मान्य करना

✗ D. विफलताओं के सभी संभावित कारणों को सूचीबद्ध करना

Q.81 निम्नलिखित में से कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में मल्टी-व्यू ड्राइंग के प्रयोजन का सटीक वर्णन है?

Ans

✗ A. किसी वस्तु को केवल एक ही दिशा से दर्शाना

✓ B. किसी वस्तु के विभिन्न पार्श्वों को समतल पृष्ठ पर स्पष्ट रूप से दर्शाना

✗ C. बेहतर दृश्यता के लिए, किसी वस्तु को विभिन्न रंगों में प्रदर्शित करना

✗ D. वस्तु को केवल एकल त्रि-विमीय दृश्य रूप में प्रस्तुत करना

Q.82 माइक्रोसॉफ्ट विंडोज (Microsoft Windows) में टच जेस्चर यूजर्स को क्या करने की सुविधा देते है?

Ans

✓ A. उंगलियों के गतिविधि का उपयोग करके क्रियाएं करने

✗ B. स्क्रीन की ब्राइटनेस बढ़ाने

✗ C. बाह्य डिवाइस को कनेक्ट करने

✗ D. कीबोर्ड पर तेजी से टाइप करने

Q.83 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 40 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60
बारंबारता	30	27	44	29	X

Ans

✓ A. 82

✗ B. 93

✗ C. 99

✗ D. 98

Q.84 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि, 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि, 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि, 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि, 'A, B का पिता है'।

यदि 'श्रेया + देव − तरण × हर्षित % महक' है, तो श्रेया का महक से क्या संबंध है?

Ans

✓ A. माता की माता

✗ B. पिता की माता

✗ C. पिता की बहन

✗ D. माता की बहन

Railway BABA

Q.85 एक रोलर कोस्टर में उसके ट्रैक के शीर्ष पर अधिकतम स्थितिज ऊर्जा होती है। जैसे-जैसे यह नीचे उतरता है और इसकी गति में वृद्धि होती है, घर्षण और वायु प्रतिरोध की उपेक्षा करने पर इसकी गतिज और स्थितिज ऊर्जा का योग नियत होने के कारण की व्याख्या कौन-सा सिद्धांत करता है?

Ans
✗ A. जड़त्व का नियम
✗ B. जड़त्व का सिद्धांत
✗ C. अध्यारोपण सिद्धांत
✓ D. ऊर्जा संरक्षण का नियम

Q.86 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BIP : EMU
GNU : JRZ

Ans
✗ A. VCD : GRD
✓ B.
FMT : IQY
✗ C.
XDE : PON
✗ D.
CGW : NHT

Q.87 इंजीनियरिंग ड्राइंग में 'बिंदु' का सबसे सटीक वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans
✗ A. एक बिंदु एक छोटा रेखाखंड होता है जिसका उपयोग मापन को चिह्नित करने के लिए किया जाता है।
✓ B. एक बिंदु एक सटीक अवस्थिति को इंगित करता है लेकिन इसका कोई आमाप, लंबाई या चौड़ाई नहीं होती है।
✗ C. एक बिंदु लंबाई और चौड़ाई दोनों के साथ एक छोटे क्षेत्र को दर्शाता है।
✗ D. एक बिंदु दो रेखाओं का प्रतिच्छेदन बिंदु होता है और इसकी लंबाई सदैव मापी जा सकती है।

Q.88 कार्यस्थल सुरक्षा प्रणाली में फायर हाइड्रेंट (fire hydrant) का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
✗ A. क्षेत्र से संकटजनक धूम को हटाना
✗ B. धुएं का संसूचन करना और कर्मचारियों को चेतावनी देना
✓ C. आग बुझाने के लिए बड़ी मात्रा में जल की आपूर्ति करना
✗ D. आपात स्थिति में स्वचालित रूप से फायर अलार्म सक्रिय करना

Q.89 एक निश्चित राशि पर 15% की वार्षिक दर से 3 वर्ष में ₹2,700 साधारण ब्याज के रूप में अर्जित होता है। वह राशि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹9,000
✗ B. ₹5,000
✗ C. ₹8,000
✓ D. ₹6,000

Q.90 विद्यालय के प्रयोगों में उपयोग किए जाने वाले किसी प्रयोगशाला थर्मामीटर द्वारा कवर की जाने वाली विशिष्ट तापमान सीमा कितनी होती है?

Ans
✗ A. 0 से 200 डिग्री सेल्सियस
✗ B. 35 से 42 डिग्री सेल्सियस
✓ C. -10 से 110 डिग्री सेल्सियस
✗ D. -50 से 50 डिग्री सेल्सियस

Q.91 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, औसत वेग और उसके SI मात्रक का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ A. औसत वेग कुल दूरी को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक मीटर प्रति सेकंड होता है
✗ B. औसत वेग कुल विस्थापन को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक किलोमीटर प्रति घंटा होता है।
✓ C. औसत वेग कुल विस्थापन को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक मीटर प्रति सेकंड होता है
✗ D. औसत वेग कुल दूरी को कुल समय से भाग देने पर प्राप्त होता है, और इसका मात्रक किलोमीटर प्रति घंटा होता है

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.92 A, B, C, D, X, Y और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के दाईं ओर से गिनने पर, X और Z के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Z और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✔ A. C
- ✘ B. A
- ✘ C. X
- ✘ D. Z

Q.93 एक पिंड का द्रव्यमान 10 किलोग्राम है। चंद्रमा पर इसका भार, पृथ्वी पर इसके भार की तुलना में कैसा है?

Ans
- ✘ A. पिंड का भार चंद्रमा और पृथ्वी दोनों पर बराबर है
- ✘ B. चंद्रमा पर पिंड का भार शून्य है
- ✔ C. पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा पर पिंड का भार कम है
- ✘ D. पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा पर पिंड का भार अधिक है

Q.94 तीन पाइप A, B और C एक टंकी को क्रमशः 12 घंटे, 18 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। तल में एक रिसाव के कारण भरी हुई टंकी 36 घंटे में खाली हो सकती है। यदि सभी पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी कितने घंटे में भर जाएगी? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✘ A. 5.56 घंटे
- ✔ B. 6.55 घंटे
- ✘ C. 3.33 घंटे
- ✘ D. 9.45 घंटे

Q.95 किसी इंजीनियर को मशीन के एक पुर्जे के लिए एक खोखला शंकु बनाने का कार्य सौंपा गया है, जहाँ भित्ति की मोटाई एकसमान होनी चाहिए और असेम्बली के लिए तिर्यक ऊँचाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतिम डिज़ाइन में शंकु के सटीक रूप से फिट होने को सुनिश्चित करने हेतु कौन-सा कारक सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✔ A. यह सुनिश्चित करना कि तिर्यक ऊंचाई असेम्बली की आवश्यकता से सुमेलित हो
- ✘ B. केवल शंकु की समग्र ऊंचाई से सुमेलित होना
- ✘ C. अन्य विशेषताओं की तुलना में भित्ति की एकसमान मोटाई को प्राथमिकता देना
- ✘ D. सटीक फिट के लिए केवल आधार के व्यास पर फोकस करना

Q.96 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया, फिटिंग कार्यों के दौरान हस्त रेती (hand file) का उपयोग करते समय टूल सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुपालन को दर्शाती है?

Ans
- ✘ A. रेतीयन करते समय अत्यधिक अधोमुखी बल लगाना
- ✘ B. रेतीयन कार्य (filing work) के दौरान रेती को उसके टैंग के पास पकड़ना
- ✔ C. टैंग (tang) पर उपयुक्त हत्थे को मजबूती से फिट करना
- ✘ D. बेहतर उत्तोलन (leverage) के लिए कंधे की ऊंचाई से ऊपर रेतीयन करना

Q.97 किसी इंजीनियर को एक यांत्रिक पुर्जे का फ्रंट व्यू (front view) बनाने का कार्य सौंपा गया है। पुर्जे का आधार आयताकार है, जिसके बीच से एक ऊर्ध्वाधर वृत्तीय छिद्र गुजरता है, और उसके ऊपर एक त्रिकोणीय प्रिज्म संलग्न है। नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से बताता है कि फ्रंट व्यू में क्या दिखाई देगा?

Ans
- ✔ A. आयताकार आधार और त्रिकोणीय प्रिज्म की आउटलाइन दृश्यमान होगी, लेकिन छिद्र दृश्यमान नहीं होगा
- ✘ B. फ्रंट व्यू ड्राइंग पर केवल त्रिभुजाकार प्रिज्म ही स्पष्ट रूप से दृश्यमान होगा
- ✘ C. फ्रंट व्यू ड्राइंग पर केवल आयताकार आधार की आउटलाइन दृश्यमान होगी
- ✘ D. केवल फ्रंट व्यू पर ही त्रिकोणीय प्रिज्म और वृत्तीय छिद्र की आउटलाइन दृश्यमान होगी

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.98 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) A T D E B R C L M Q O N P J M Q E A O Z W F U K S L (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 1
- ✓ C. 3
- ✗ D. 0

Q.99 एक व्यापारी ₹23 प्रति पेन की दर से 187 पेन खरीदता है। परिवहन के दौरान, 7 पेन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और उन्हें बेचा नहीं जा सकता। वह शेष पेन ₹27 प्रति पेन की दर से बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (अपना उत्तर दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित करें)

Ans
- ✓ A. 13.0%
- ✗ B. 13.7%
- ✗ C. 12.6%
- ✗ D. 14.1%

Q.100 एक तापमापी 37 डिग्री सेल्सियस का पाठ्यांक दर्शाता है। केल्विन में संगत तापमान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 270 K
- ✗ B. 300 K
- ✓ C. 310 K
- ✗ D. 320 K

Section : **PART-B**

Q.1 फिटिंग से पहले पिस्टन वलयों की दरारों (cracks) की जांच क्यों की जानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. सुचारू पिस्टन घूर्णन सुनिश्चित करने के लिए
- ✗ B. वलय पर कार्बन जमा होने से रोकने के लिए
- ✓ C. समयपूर्व इंजन विफलता से बचने के लिए
- ✗ D. प्रचालन के दौरान घर्षण कम करने के लिए

Q.2 डीजल इंजन में वाल्व ओवरलैप (Valve overlap) का उपयोग मुख्यत: निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है?

Ans
- ✗ A. क्रैंकशैफ्ट बेयरिंग का स्नेहन करने के लिए
- ✗ B. स्पार्क प्लग को स्वचालित रूप से साफ करने के लिए
- ✓ C. अपमार्जन और सिलेंडर भरण में सुधार के लिए
- ✗ D. सिलेंडर में तापमान कम करने के लिए

Q.3 पावर टिलर (power tiller) में इंजन से उपकरणों तक शक्ति संचारित करने वाला घटक कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. फ्रंट स्टैंड (Front stand)
- ✗ B. मुख्य क्लच लीवर (Main clutch lever)
- ✓ C. पावर टेक-ऑफ शैफ्ट (Power take off shaft)
- ✗ D. स्टीयरिंग लीवर (Steering lever)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.4 रेचन पाइप (exhaust pipe) का व्यास, इंजन के निष्पादन और दक्षता को किस प्रकार प्रभावित करता है?

Ans

✗ A. बड़े आमाप से ब्रेक पावर (brake power) बढ़ती है

✗ B. छोटे आमाप से वायु निस्यंदन (air filtration) बेहतर होता है

✗ C. सभी आमाप समान रूप से उत्तम कार्य करते हैं।

✓ D. उचित आमाप इष्टतम गैस प्रवाह बनाए रखता है

Q.5 इंजन चालू होने के बाद इग्निशन वॉर्निंग लैंप की सामान्य स्थिति क्या होती है?

Ans

✗ A. यह निरंतर फ़्लैश करता है

✗ B. यह बारंबार रंग परिवर्तित करता है

✗ C. यह उज्ज्वलता से दीप्तिमान रहता है

✓ D. चार्जिंग सामान्य होने पर यह बंद हो जाता है

Q.6 एक नियंत्रण परिपथ में फलन Y = (A • B) + C कार्यान्वित किया जाना है। स्विच किस प्रकार संयोजित किए जाने चाहिए?

Ans

✓ A. स्विच A और B श्रेणी क्रम में संयोजित किए जाने चाहिए, और यह संपूर्ण शाखा स्विच C के समांतर क्रम में संयोजित की जानी चाहिए

✗ B. तीनों स्विच (A, B, और C) एक ही सर्वनिष्ठ समानांतर ब्लॉक में संयोजित किए जाने चाहिए

✗ C. तीनों स्विच (A, B, और C) को एक सतत एकल श्रेणीक्रम में संयोजित किया जाना चाहिए

✗ D. स्विच A और B समांतर संयोजित किए जाने चाहिए, और यह पूरी शाखा स्विच C के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित की जानी चाहिए

Q.7 यदि किसी ट्रैक्टर में असंगत ब्रेक तरलों को मिलाया जाता है तो क्या हो सकता है?

Ans

✗ A. शीतलन तंत्र तेजी से अधितप्त हो सकता है

✓ B. सील क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और ब्रेकिंग का निष्पादन कम हो सकता है

✗ C. हाइड्रोलिक लिफ्ट आर्म्स की गति धीमी हो सकती है

✗ D. इंजन के तेल के दाब में तेजी से पात हो सकता है

Q.8 प्रत्यावर्तित्र में सदोष नियामक के लिए प्रस्तावित उपचार क्या है?

Ans

✗ A. स्नेहन

✓ B. प्रतिस्थापन

✗ C. कसना

✗ D. परिशोधन

Q.9 संदिग्ध अस्थिभंग के लिए प्राथमिक चिकित्सा देते समय, घायल व्यक्ति का स्थान परिवर्तन करने से पहले सबसे महत्वपूर्ण चरण क्या है?

Ans

✗ A. व्यक्ति को घायल हिस्से को हिलाने के लिए कहें

✓ B. घायल हिस्से को स्प्लिंट या सपोर्ट से गतिहीन कर दें

✗ C. रक्तस्राव की जांच करें और घाव पर पट्टी बांधें

✗ D. सूजन को कम करने के लिए कोल्ड पैक लगाएं

Q.10 तेल दाब में पात (drops) की समस्या का निवारण करते समय, तेल निस्यंदक का निरीक्षण क्यों किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. निस्यंदक के कारण टायरों में वायु रिसाव हो सकता है

✓ B. अवरूद्ध निस्यंदक से तेल दाब कम हो सकता है

✗ C. निस्यंदक, शीतक के परिसंचरण को नियंत्रित कर सकता है

✗ D. निस्यंदक, प्रत्यावर्तित्र के आउटपुट को प्रभावित कर सकता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.11 एक वास्तविक कार्यशाला परिदृश्य में, ड्रिल वाइस (drill vice) के अनुचित उपयोग से ड्रिलिंग ऑपरेशन के परिणाम पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?

Ans

✗ A. यह ड्रिल बिट के जीवनकाल को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देता है

✓ B. इसके परिणामस्वरूप अयथार्थ छिद्र हो सकते हैं और संभावित सुरक्षा संबंधी जोखिम हो सकते हैं

✗ C. यह तर्कु की चाल को स्वचालित रूप से बढ़ा देता है

✗ D. यह ड्रिलिंग मशीन को अधिक शांति से प्रचालित करता है

Q.12 डीजल इंजन में उचित संपीडन सुनिश्चित करने के लिए किस वॉल्व का कसकर बंद होना अनिवार्य है?

Ans

✗ A. केवल रेचन वॉल्व

✗ B.
केवल अंतर्गम वॉल्व

✓ C. अंतर्गम और रेचन दोनों वॉल्व

✗ D.
केवल ईंधन अंतःक्षेपित्र

Q.13 शिरोपरि पारेषण लाइनों में, इंसुलेटर का उपयोग किसलिए किया जाता है?

Ans

✓ A. भूमि पर क्षरण धारा को रोकने के लिए

✗ B. चालक धारा में वृद्धि करने के लिए

✗ C. चुंबकीय परिरक्षण उत्पन्न करने के लिए

✗ D. चालक प्रतिरोध को कम करने के लिए

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, ऊष्मा और तापमान के SI मात्रकों के आधार पर उनके बीच सही अंतर निरूपित करता है?

Ans

✗ A. ऊष्मा और तापमान दोनों को जूल में मापा जाता है

✗ B. ऊष्मा को केल्विन में मापा जाता है, जबकि तापमान को जूल में मापा जाता है

✗ C. ऊष्मा और तापमान दोनों को केल्विन में मापा जाता है

✓ D. ऊष्मा को जूल में मापा जाता है, जबकि तापमान को केल्विन में मापा जाता है

Q.15 एक गर्म डीजल इंजन में पुनः ईंधन भरते समय, सबसे सुरक्षित तरीका क्या है?

Ans

✗ A. ईंधन भरने से पहले रेडिएटर कैप खोलें

✓ B. ईंधन भरने से पहले इंजन को ठंडा करें

✗ C. विलंब से बचने के लिए ईंधन जल्दी से भरें

✗ D. समय बचाने के लिए इंजन को चालू रखकर ईंधन भरें

Q.16 एक तकनीशियन को डीजल इंजन से अत्यधिक धुआं निकलता दिखाई देता है। कौन-सी इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट (ECU)-संबंधित समस्या इसका कारण बन सकती है?

Ans

✓ A. गलत ईंधन आपूर्ति

✗ B. अवरुद्ध वायु फिल्टर प्रणाली

✗ C. दोषपूर्ण आल्टर्नेटर आउटपुट

✗ D. कम टायर दाब स्तर

Q.17 हाल के वर्षों में भारत में ट्रैक्टर उद्योग के विकास में किस कारक ने सबसे महत्वपूर्ण योगदान दिया है?

Ans

✓ A. कृषि के मशीनीकरण में वृद्धि हुई है

✗ B.
ट्रैक्टरों की निर्यात माँग में कमी आई है

✗ C.
शहरीकरण में स्थिरता बनी रही है

✗ D. शारीरिक श्रम उपलब्धता में कमी आई है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.18 वॉल्व प्रचालन के लिए घूर्णी गति को रैखिक गति में परिवर्तित करने हेतु कैम्शाफ्ट निम्नलिखित में से किसका उपयोग करता है?

Ans

✗ A. पुली (Pulleys)

✗ B. बेयरिंग (Bearings)

✗ C. गियर (Gears)

✓ D. कैम लोब (Cam lobes)

Q.19 अंतक क्षेत्र में संचालित NPN ट्रांजिस्टर में संग्राहक धारा पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans

✗ A. संग्राहक धारा अधिकतम हो जाती है

✗ B. संग्राहक धारा, निर्धारित मान की आधी हो जाती है

✓ C. संग्राहक धारा शून्य हो जाती है या केवल क्षरण धारा प्रवाहित होती है

✗ D. संग्राहक धारा में तापमान के साथ निरंतर वृद्धि होती है

Q.20 डीजल इंजन में विशिष्ट मोटाई और आकृति वाले बेयरिंग शेल (bearing shell) क्यों डिज़ाइन किए जाते हैं?

Ans

✓ A. उचित लोड वितरण सुनिश्चित करने के लिए

✗ B. शीतलक स्पीड को बढ़ाने के लिए

✗ C. रेचन गैस के प्रवाह को इष्टतम करने के लिए

✗ D. ईंधन अतःक्षेपण को अधिकतम करने के लिए

Q.21 किस प्रकार का फ्रंट एक्सल (front axle), पहियों को असमतल भूमि के अनुकूल होने के लिए स्वतंत्र रूप से ऊपर और नीचे की ओर जाने की सुविधा देता है?

Ans

✓ A. ऑसिलेटिंग फ्रंट एक्सल (Oscillating front axle)

✗ B. फोर-व्हील ड्राइव फ्रंट एक्सल (Four-wheel drive front axle)

✗ C. एडजेस्टेबल फ्रंट एक्सल (Adjustable front axle)

✗ D. रिजिड फ्रंट एक्सल (Rigid front axle)

Q.22 चार्जिंग की समस्या उत्पन्न करने वाली शिथिल ड्राइव बेल्ट का क्या उपाय है?

Ans

✗ A. स्टेटर वाइंडिंग को प्रतिस्थापित करना

✗ B. व्हील बोल्ट को टाइट करना

✓ C. बेल्ट तनाव को समायोजित करना

✗ D. बैटरी टर्मिनल को प्रतिस्थापित करना

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा, ऊष्मा का एक प्रभाव नहीं है?

Ans

✗ A. अवस्था में परिवर्तन

✗ B. तापमान में परिवर्तन

✗ C. आकार में परिवर्तन

✓ D. गुरुत्वीय बल में परिवर्तन

Q.24 एक स्क्रू एक्सट्रैक्टर (screw extractor), टूटे हुए पेंच को निकालने में विफल रहा क्योंकि छिद्र केंद्र से हटकर ड्रिल किया गया था। इस स्थिति में मुख्य जोखिम क्या है?

Ans

✓ A. मूल चूड़ीदार छिद्र का क्षतिग्रस्त होना

✗ B. टूटे हुए पेंच का मृदु होना

✗ C. निष्कर्षण टूल का चिपकना

✗ D. स्क्रू एक्सट्रैक्टर का टूटना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति एक डायल सूचक (dial indicator) में पाठ्यांक त्रुटियों का कारण बन सकती है?

Ans

✗ A. स्वतः त्रुटि संशोधन

✓ B. लंबन त्रुटि

✗ C. चुंबकीय क्षेत्र इम्यूनिटी

✗ D. शून्यांक त्रुटि विलोपन

Q.26 डीजल इंजन में कौन-सी प्रक्रिया प्रत्यक्ष रूप से कैमशैफ्ट द्वारा प्रबंधित की जाती है?

Ans

✗ A. स्पार्क उत्पादन (Spark generation)

✓ B. वाल्व प्रवर्तन (Valve actuation)

✗ C. ईंधन कणीकरण (Fuel atomization)

✗ D. शीतलक परिसंचरण (Coolant circulation)

Q.27 दोषपूर्ण उच्च दाब वाली डीजल ईंधन लाइन से कौन-सी सुरक्षा चिंता जुड़ी होती है?

Ans

✗ A. इंजन के शोर का उत्सर्जन

✓ B. ईंधन स्प्रे का जोखिम

✗ C. विद्युत शॉर्ट सर्किट का जोखिम

✗ D. शीतलक रिसाव का जोखिम

Q.28 लेड अम्ल बैटरी के डिसचार्जिंग (discharging) के दौरान, बैटरी के दोनों प्लेटों पर कौन-सा पदार्थ बनता है?

Ans

✓ A. लेड सल्फेट

✗ B. लेड ब्रोमाइड

✗ C. लेड कार्बोनेट

✗ D. लेड ऐसीटेट

Q.29

दी गई आकृति में किस प्रकार का बार सेक्शन दर्शाया गया है?

Ans

✗ A. सपाट बार सेक्शन (Flat bar section)

✗ B. वृत्ताकार बार सेक्शन (Circular bar section)

✗ C. कोण बार सेक्शन (Angle bar section)

✓ D. चैनल बार सेक्शन (Channel bar section)

Q.30 एक कर्मचारी देखता है कि आपात निकास के मार्ग में अनुपयोगी सामान रखे जाने से वह अवरुद्ध है। उचित हाउसकीपिंग कार्य प्रणाली के अनुसार सबसे उचित तत्काल कार्रवाई क्या है?

Ans

✓ A. अनुपयोगी सामानों को हटा दें और खतरे को रिपोर्ट करें

✗ B. अनुपयोगी सामानों की उपेक्षा करें और कार्य करना जारी रखें

✗ C. अनुपयोगी सामानों को कार्यशाला के दूसरे हिस्से में ले जाएं

✗ D. पर्यवेक्षक के निर्देशों की प्रतीक्षा करें

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.31 ब्रेक रिलीज के दौरान मास्टर सिलिंडर में कम्पेन्सेशन पोर्ट क्या करता है?

Ans

✗ A. तरल स्तर बनाए रखने के लिए खुलता है

✓ B. दाब को भंडार (reservoir) में रिलीज़ करता है

✗ C. वायु प्रवेश को अवरुद्ध करने के लिए बंद होता है

✗ D. पिस्टन में धूल जाने से रोकता है

Q.32 एक कार्यशाला को अत्यंत सटीक सहिष्णुता और दर्पण जैसी सतहों के साथ सिरेमिक भागों (ceramic parts) को परिष्कृत करना है। किस लैपिंग एब्रेसिव (lapping abrasive) का चयन किया जाना चाहिए?

Ans

✓ A. डायमंड पेस्ट (Diamond paste)

✗ B. बोरॉन कार्बाइड स्लरी (Boron carbide slurry)

✗ C. सिलिकॉन कार्बाइड क्रीम (Silicon carbide cream)

✗ D. ऐलुमिनियम ऑक्साइड पाउडर (Aluminum oxide powder)

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, दोहरे सिरे वाले हाइड्रोलिक सिलिंडर के निर्माण का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✗ A. सिलिंडर के केवल एक तरफ छड़ होती है

✓ B. सिलिंडर के दोनों तरफ पिस्टन छड़ निकली होती हैं

✗ C. एकल नली समन्वायोजन में दो पिस्टन होते हैं

✗ D. दोनों कक्षों के लिए एकल केंद्रीय सील का उपयोग होता है

Q.34 हिचिंग डिवाइस (Hitching device) मुख्य रूप से किसमें सहायता करती है?

Ans

✗ A. ईंधन अंतःक्षेपण करने में (Fuel injection)

✗ B. इंजन स्नेहन करने में (Engine lubrication)

✗ C. पहिए को संतुलित करने में (Wheel balancing)

✓ D. उपकरण को जोड़ने में (Implement attachment)

Q.35 एक डिजिटल मल्टीमीटर, _____ में आनुपातिक वोल्टता उत्पन्न करके धारा को मापता है।

Ans

✓ A. शंट प्रतिरोध

✗ B. संधारित्र प्लेट

✗ C. रिले कॉइल

✗ D. ट्रांसफॉर्मर वाइंडिंग

Q.36 किसी ट्रैक्टर पावर टिलर में, इंजन से पहिए तक ट्रांसमिशन के दौरान शक्ति हानि (power loss) को न्यूनतम करने की सबसे अधिक संभावना किस विन्यास में होती है?

Ans

✓ A. अपरिवर्ती मेश गियरन के साथ प्रत्यक्ष शैफ्ट चालन

✗ B. एकल परिपथ तरल का उपयोग करके हाइड्रोलिक ट्रान्सफर

✗ C. समायोज्य तान घिरनी के साथ पट्टा चालन

✗ D. परिवर्ती पिच स्प्रॉकेट के साथ श्रृंखला चालन

60 - {(-8) × (-16 - 19 - 2)} ÷ [5 × {2 + (-1) × (-1)}]

Ans
✗ A. $\frac{594}{15}$
✗ B. $\frac{608}{15}$
✗ C. $\frac{614}{15}$
✓ D. $\frac{604}{15}$

Q.88 चाँदी-ताँबे की दो प्रकार की मिश्रधातुएँ हैं। पहली मिश्रधातु में $93\frac{1}{3}\%$ चाँदी है, जबकि दूसरी मिश्रधातु में $86\frac{2}{3}\%$ चाँदी है। पहली मिश्रधातु की वह मात्रा ज्ञात कीजिए जिसे दूसरी मिश्रधातु की कुछ मात्रा के साथ मिलाने पर 90% चाँदी वाला 100 kg मिश्रण प्राप्त हो।

Ans
✗ A. 48 kg
✗ B. 52 kg
✗ C. 45 kg
✓ D. 50 kg

Q.89 इंजीनियरिंग ड्राइंग में 'बिंदु' का सबसे सटीक वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans
✗ A. एक बिंदु एक छोटा रेखाखंड होता है जिसका उपयोग मापन को चिह्नित करने के लिए किया जाता है।
✗ B. एक बिंदु लंबाई और चौड़ाई दोनों के साथ एक छोटे क्षेत्र को दर्शाता है।
✗ C. एक बिंदु दो रेखाओं का प्रतिच्छेदन बिंदु होता है और इसकी लंबाई सदैव मापी जा सकती है।
✓ D. एक बिंदु एक सटीक अवस्थिति को इंगित करता है लेकिन इसका कोई आमाप, लंबाई या चौड़ाई नहीं होती है।

Q.90 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

31 B 35 D 7 A 9 C 2 = ?

Ans
✓ A. 44
✗ B. 42
✗ C. 48
✗ D. 46

Q.91 एक यांत्रिक अभियंता को एक ऐसी फ्लैंज संधि (flange joint) का अभिकल्पन करना है जहां दो पाइपों को 45-डिग्री के कोण पर संयोजित किया जाना है। दोनों बेलनाकार पाइपों के तकनीकी ड्राइंग (technical drawing) पर प्रतिच्छेदन रेखा को सटीक रूप से निरूपित करने के लिए अभियंता को किस विधि का उपयोग करना चाहिए?

Ans
✗ A. शीर्ष दृश्य (top view) में संधि पर एक साधारण वृत्त का आरेखन करें
✗ B. पार्श्व दृश्य में प्रतिच्छेदन को एक सीधी रेखा के रूप में निरूपित करें
✓ C. सहायक प्रक्षेप (auxiliary projection) का उपयोग करके प्रतिच्छेदन की वास्तविक आकृति का आरेखन करें
✗ D. सहायक दृश्यों के बिना केवल मानक लंबकोणीय प्रक्षेप का उपयोग करें

Q.92 5 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के बिंदु P पर खींची गई स्पर्श रेखा PQ, केंद्र O से होकर जाने वाली रेखा से बिंदु Q पर इस प्रकार मिलती है कि OQ = 12 cm है। PQ की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\sqrt{117}$ cm
✗ B. $\sqrt{107}$ cm
✓ C. $\sqrt{119}$ cm
✗ D. $\sqrt{97}$ cm

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.93 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, रासायनिक ऊर्जा के यांत्रिक ऊर्जा में रूपांतरण को सटीक रूप से प्रदर्शित करता है?

Ans

✗ A. एक पत्थर मेज से जमीन पर गिर जाता है।

✗ B. नई बैटरी डालने के बाद टॉर्च चालू हो जाती है।

✓ C.
एक धावक आगे की ओर तेज दौड़ने के लिए भोजन से प्राप्त संचित ऊर्जा का उपयोग करता है।

✗ D. एक तानित रबर बैंड वापस अपनी मूल आकृति में आ जाता है।

Q.94 तीन पाइप A, B और C एक टंकी को क्रमशः 12 घंटे, 18 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। तल में एक रिसाव के कारण भरी हुई टंकी 36 घंटे में खाली हो सकती है। यदि सभी पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी कितने घंटे में भर जाएगी? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans

✗ A. 9.45 घंटे

✗ B. 5.56 घंटे

✓ C. 6.55 घंटे

✗ D. 3.33 घंटे

Q.95 निम्नलिखित अक्षर तथा प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Z @ B R J # D * Q A M S % P L V O U S N T W Z (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans

✗ A. दो

✗ B. तीन

✓ C. चार

✗ D. एक भी नहीं

Q.96 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। S के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। T और S के बीच ठीक एक बॉक्स रखा गया है। T और U के बीच ठीक तीन बॉक्स रखे गए हैं, और U को S के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। V को U के ठीक नीचे रखा गया है। W को P के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। Q को T के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को सबसे नीचे रखा गया है?

Ans

✗ A. S

✗ B. V

✓ C. P

✗ D. Q

Q.97 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
पाँच खंभों—I, N, C, H, और L—में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा खंभा सबसे लंबा है?
(I) I, N से छोटा है लेकिन C से लंबा है। C केवल एक खंभे से लंबा है।
(II) H, L से लंबा है।

Ans

✗ A. अकेले कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

✓ B. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

✗ C. अकेले कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

✗ D. कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Q.98 एक निश्चित राशि पर 15% की वार्षिक दर से 3 वर्ष में ₹2,700 साधारण ब्याज के रूप में अर्जित होता है। वह राशि ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹5,000

✗ B. ₹8,000

✓ C. ₹6,000

✗ D. ₹9,000

RailwayBABA

Q.99 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि, 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि, 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि, 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि, 'A, B का पिता है'।

यदि 'श्रेया + देव – तरण × हर्षित % महक' है, तो श्रेया का महक से क्या संबंध है?

Ans
✔ A. माता की माता
✘ B. पिता की बहन
✘ C. पिता की माता
✘ D. माता की बहन

Q.100 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर PJAE का संबंध एक निश्चित तरीके से JOWH से है। उसी प्रकार, OIVC का संबंध INRF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NEZF का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✘ A. HKVJ
✔ B. HJVI
✘ C. IJVJ
✘ D. IKUH

Section : **PART-B**

Q.1 व्हीटस्टोन सेतु (Wheatstone bridge) में धारामापी द्वारा शून्य विक्षेप दर्शाने का क्या अर्थ है?

Ans
✘ A. चार में से ठीक तीन प्रतिरोध बराबर हैं
✘ B. विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से विसंबंधित है
✘ C. सेतु में एक लघु-परिपथित पथ है
✔ D. सेतु संतुलित अवस्था में पहुंच गया है

Q.2 अग्नि सुरक्षा के लिए बड़े व्यावसायिक सार्वजनिक भवनों में किस प्रकार के केंद्रीय निगरानी वाले अग्नि संसूचन और अलार्म तंत्र का उपयोग किया जाता है?

Ans
✘ A. केवल हस्तचालित अग्नि अलार्म कॉल पॉइंट तंत्र
✘ B. स्वाश्रयी आवासीय धूम संसूचक यूनिट्स
✔ C. पता-योग्य अग्नि संसूचन और अलार्म तंत्र
✘ D. पारंपरिक ताप संसूचक अलार्म तंत्र

Q.3 एक DC शंट मोटर पूर्ण लोड पर प्रचालित हो रही है। निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया इसके अनुमतांक मान से परे इसकी चाल में वृद्धि करेगी?

Ans
✘ A. आर्मेचर प्रतिरोध में वृद्धि
✘ B. मोटर पर लोड में वृद्धि
✘ C. आपूर्ति वोल्टता में कमी
✔ D. क्षेत्र वाइंडिंग धारा में कमी

Q.4 वोल्टता स्तरों को बदले बिना दोषों को अलग करके नेटवर्क की विश्वसनीयता में वृद्धि करने के लिए उच्च वोल्टता ट्रांसमिशन लाइन पर किस प्रकार के सबस्टेशन को रणनीतिक रूप से संस्थापित किया जाएगा?

Ans
✘ A. संकर्षण सबस्टेशन (Traction substation)
✔ B. स्विचन सबस्टेशन (Switching substation)
✘ C. उच्चायी ट्रांसफार्मर सबस्टेशन (Step-up transformer substation)
✘ D. अपचायी ट्रांसफार्मर सबस्टेशन (Step-down transformer substation)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.5 घरेलू उपकरणों में कौन-सा सेफ्टी फीचर क्षरण धारा को ग्राउंड तक पहुंचाने का मार्ग प्रदान करके विद्युत-आघात से बचाने में सहायता करता है?

Ans

✗ A. फ्यूज

✗ B. विद्युत-रोधन

✓ C. अर्थिंग कनेक्शन

✗ D. न्यूट्रल तार

Q.6 एक तकनीशियन को पैनल के अंदर 230V के नियंत्रण परिपथ को जोड़ने के लिए तार का चयन करना है। इस अनुप्रयोग के लिए कौन-सा विनिर्देशन सबसे महत्वपूर्ण होता है?

Ans

✗ A. केवल धारावाही क्षमता

✓ B. वोल्टता रेटिंग और इन्सुलेशन गुणवत्ता

✗ C. अनुमार्गन में सुगमता के लिए लचीलापन

✗ D. पहचान के लिए रंग कोड

Q.7 एक औद्योगिक इलेक्ट्रिशियन तीन-क्रोड केबल पर विद्युतरोधन प्रतिरोध परीक्षित्र (insulation resistance tester) का उपयोग करता है। क्रोड और भू-संपर्क (earth) के बीच मापा गया प्रतिरोध 900 मेगाओम है। यह मान केबल की विद्युतरोधन स्थिति के बारे में क्या इंगित करता है?

Ans

✗ A. निम्न सामर्थ्य के कारण केबल औद्योगिक परिवेश के लिए अनुपयुक्त है।

✓ B. विद्युतरोधन उत्तम स्थिति में है और प्रचालन के लिए सुरक्षित है।

✗ C. विद्युतरोधन खराब हो चुका है और इसे तुरंत प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है।

✗ D. केबल में गंभीर आर्द्रता प्रवेश कर गई है और इसके शुष्कन की आवश्यकता है।

Q.8 विद्युत अपघटन के नियमों के अनुसार, यदि विद्युत अपघट्य के माध्यम से प्रवाहित होने वाली विद्युत की मात्रा को बढ़ा दिया जाए, तो इलेक्ट्रोड पर निक्षेपित पदार्थ के द्रव्यमान का क्या होता है?

Ans

✗ A. निक्षेपित द्रव्यमान घटता है

✓ B. निक्षेपित द्रव्यमान में वृद्धि होती है

✗ C. निक्षेपित द्रव्यमान नियत रहता है

✗ D. निक्षेपित द्रव्यमान अप्रत्याशित रूप से परिवर्तित होता है

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण, उपकेंद्रों में प्रोत्कर्ष सुरक्षा (surge protection) प्रदान करता है?

Ans

✗ A. लाइन विलगक (Line isolator)

✗ B. अति-धारा रिले (Overcurrent relay)

✓ C. तड़ित निरोधक (Lightning arrester)

✗ D. मुख्य बसबार (Main busbar)

Q.10 ITI फिटिंग शॉप में निम्नलिखित में से किस कार्य के लिए चूड़ी प्रमापी (thread gauge) सबसे उपयुक्त होता है?

Ans

✗ A. बोल्ट के नट को कसना

✗ B. छड़ का व्यास मापना

✗ C. चूड़ी से मलबा साफ करना

✓ D. चूड़ी के अंतराल की जाँच करना

Q.11 एनालॉग मल्टीमीटर के साथ धारा का मापन करने से पहले, परिपथ में मीटर को कैसे संयोजित किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. विद्युत आपूर्ति के आर-पार

✓ B. लोड के साथ श्रेणीक्रम में

✗ C. भू-संपर्कन तल से

✗ D. लोड के समानांतर

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.12 विवृत परिपथ परीक्षण के दौरान, ट्रांसफॉर्मर क्रोड हानि _____ पर निर्भर करती है।

Ans

✔ A. अधिकतम क्रोड फ्लक्स घनत्व

✘ B. द्वितीयक लोड धारा

✘ C. केवल वाइंडिंग प्रतिरोध

✘ D. क्षरण प्रतिघात

Q.13 किसी घरेलू MCCB पर 25A, 6 kA, 230V AC अंकित है। यह MCCB किस दोष धारा को सुरक्षित रूप से अवरोधित कर सकता है?

Ans

✘ A. 25A से अधिक का कोई भी लघु परिपथ

✘ B. 25 A तक का कोई भी ओवरलोड

✔ C. 6,000 A तक की कोई भी दोष धारा

✘ D. 230 V AC पर कोई धारा

Q.14 जब कोई इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन से कनेक्ट किया जाता है, तो कौन-सी प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि केवल ऑथराइज्ड यूजर ही सुरक्षित और कुशलतापूर्वक चार्जिंग सेवाओं का उपयोग कर सकें?

Ans

✔ A. EVSE–CMS के माध्यम से यूजर ऑथराइजेशन

✘ B. EVSE–CMS के माध्यम से ग्रिड निगरानी

✘ C. EVSE–CMS के माध्यम से बिलिंग जानकारी का प्रबंधन करना

✘ D. EVSE–CMS के माध्यम से चार्जिंग-संबंधी डेटा एकत्र करना

Q.15 विद्युत वाहनों के लिए AC चार्जिंग प्रणाली में चार्जिंग नियंत्रक का कार्य क्या है?

Ans

✘ A. विद्युत वाहन की चाल को नियंत्रित करना

✘ B. वाहन की मोटर को प्रत्यक्ष शक्ति प्रदान करना

✘ C. प्रयुक्त चार्जिंग केबल के प्रकार का चयन करना

✔ D. वाहनों के चार्जिंग संचार का प्रबंधन करना

Q.16 इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रतीकात्मक निरूपण को उपयोग करने का क्या प्रयोजन होता है?

Ans

✘ A. ड्राइंग को सजावटी रूप से अधिक आकर्षक बनाना

✘ B. अतिरिक्त ज्यामितीय आकृतियों का उपयोग करके ड्राइंग को सजाना

✘ C. ड्राइंग में अनावश्यक जटिलता उत्पन्न करना

✔ D. मानक प्रतीकों का उपयोग करके सूचना संप्रेषित करना

Q.17 निर्माण परिवेशों में जोखिम संचार (Hazard Communication) अत्यंत महत्वपूर्ण क्यों है?

Ans

✘ A. यह निर्माण स्थल से सभी संभावित जोखिमों को समाप्त कर देता है

✘ B. यह मुख्य रूप से कार्यस्थल दुर्घटनाओं और घटनाओं की रिपोर्टिंग पर फोकस करता है

✔ C. यह श्रमिकों को जोखिमों और सुरक्षा सावधानियों को समझने में सहायता करता है

✘ D. यह श्रमिकों को सुरक्षात्मक उपकरणों के बिना कार्य करने में सक्षम करता है

Q.18 कौन-सी वायरिंग प्रणाली, अपनी अस्थायी यांत्रिक टेक व्यवस्था (support arrangement) और निम्न चिरस्थायित्व के कारण स्थायी वाणिज्यिक विद्युत संस्थापनों के लिए तकनीकी रूप से अनुपयुक्त है?

Ans

✘ A. ट्रंकिंग वायरिंग प्रणाली (Trunking wiring system)

✔ B. क्लीट वायरिंग प्रणाली (Cleat wiring system)

✘ C. कंड्यूट वायरिंग प्रणाली (Conduit wiring system)

✘ D. केसिंग और कैपिंग वायरिंग प्रणाली (Casing and capping wiring system)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.19 प्रवर्तन (starting) के दौरान बाहरी प्रतिरोधों को सर्पी वलय प्रेरण मोटर के रोटर परिपथ से क्यों संयोजित किया जाता है?

Ans

✗ A. आयरन क्रोड हानि को पूर्णतः समाप्त करने के लिए

✓ B. प्रवर्तन बल-आघूर्ण में पर्याप्त वृद्धि करने के लिए

✗ C.
आपूर्ति वोल्टता को जानबूझकर कम करने के लिए

✗ D. स्टेटर आवृत्ति को आनुपातिक रूप से कम करने के लिए

Q.20 यदि एक उभयधारा मोटर (universal motor) निम्न स्पीड पर सुचारू रूप से प्रचालित होती है लेकिन उच्च स्पीड पर तेज आवाज (high-pitched noise) उत्पन्न करती है, तो इसका संभावित कारण क्या है?

Ans

✗ A. खुली क्षेत्र वाइंडिंग (Open field winding)

✗ B. दोषपूर्ण अपकेंद्री स्विच (Faulty centrifugal switch)

✗ C. शिथिल लेमिनेशन स्टैक (Loose lamination stack)

✓ D. त्रुटिपूर्ण ब्रश-कोण (Incorrect brush angle)

Q.21 एक इलेक्ट्रीशियन दो कमरों के मकान के लिए वायरिंग की योजना बना रहा है। प्रत्येक कमरे में एक सीलिंग लाइट और दो सॉकेट आउटलेट की आवश्यकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा वायरिंग अभिविन्यास, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तार का सर्वाधिक कुशल उपयोग प्रदान करता है?

Ans

✗ A. प्रत्येक कमरे के लिए दो पृथक वलय परिपथों का उपयोग करना

✗ B. एक ही वलय परिपथ पर सॉकेट और लाइट को संयोजित करना

✓ C. सॉकेट के लिए एक वलय परिपथ और लाइट के लिए एक त्रिज्य परिपथ का उपयोग करना

✗ D. सभी लोड के लिए एकल त्रिज्य परिपथ का उपयोग करना

Q.22 एक 3-फेज तुल्यकालिक मोटर AC आपूर्ति से संयोजित है। यदि क्षेत्र उत्तेजन को एकक शक्ति गुणांक प्रचालन (unity power factor operation) के लिए आवश्यक मान से कम कर दिया जाए, तो मोटर शक्ति गुणांक पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

Ans

✗ A. शक्ति गुणांक एकक बना रहता है

✗ B. शक्ति गुणांक अग्रगामी (leading) हो जाता है

✗ C. मोटर शक्ति गुणांक शून्य हो जाता है

✓ D. शक्ति गुणांक पश्चगामी (lagging) हो जाता है

Q.23 औद्योगिक संस्थापनों में केबल का साइज निर्धारित करते समय वोल्टता पात का प्राक्कलन करना क्यों महत्वपूर्ण होता है?

Ans

✗ A. संस्थापन लागत को कम करने के लिए

✗ B. इन्सुलेशन के रंग का चयन करने के लिए

✗ C. अधिकतम धारा अनुमतांक निर्धारित करने के लिए

✓ D. यह सुनिश्चित करने के लिए कि उपकरण को पर्याप्त वोल्टता प्राप्त हो

Q.24 लेड अम्ल सेल में कौन-सा घटक, विशेष रूप से बार-बार आवेशित और निरावेशित करके निर्मित किया जाता है?

Ans

✓ A. प्लांटे प्लेट (Plante plates)

✗ B. विद्युत अपघट्य (Electrolyte)

✗ C. पृथक्कित्र (Separators)

✗ D. कंटेनर (Container)

Q.25 DC शंट जनित्र द्वारा किसी बैटरी बैंक को सफलतापूर्वक आवेशित करने के लिए किस शर्त को पूरा करना आवश्यक होता है?

Ans

✗ A. आर्मेचर प्रतिरोध अधिकतम होना चाहिए

✗ B. जनित्र की टर्मिनल वोल्टता, बैटरी वोल्टता के बराबर होनी चाहिए

✗ C. जनित्र का क्षेत्र प्रतिरोध न्यूनतम होना चाहिए

✓ D. जनित्र की टर्मिनल वोल्टता बैटरी वोल्टता से अधिक होनी चाहिए

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.26 कारखाने की सुरक्षा और स्वच्छता में निर्धारित भंडारण क्षेत्रों की क्या भूमिका होती है?

Ans

✗ A. वे नियमित सफाई गतिविधियों की आवश्यकता को कम करते हैं।

✗ B. वे मशीनों की प्रचालन की गति में प्रतिदिन सुधार करते हैं

✓ C. वे अव्यवस्था को रोकने और कार्यस्थल में व्यवस्था बनाए रखने में सहायक होते हैं

✗ D. वे कर्मचारियों के कृत्यों और कार्य निष्पादन को मॉनिटर करते हैं

Q.27 सौर सेल को अन्य किन उपकरणों के निर्माण खंडों के रूप में भी जाना जाता है?

Ans

✓ A. प्रकाश वोल्टीय मॉड्यूल

✗ B. विद्युत तार

✗ C. ट्रांसफॉर्मर

✗ D. बैटरियां

Q.28 एक औद्योगिक PLC नियंत्रण पैनल को विद्युत-चुंबकीय संगतता (EMC) मानकों का अनुपालन करना आवश्यक है। कौन-सा डिज़ाइन परिवर्तन, EMC परफॉरमेंस को सर्वोत्तम रूप से बढ़ाता है?

Ans

✗ A. केबल इन्सुलेशन रंग में विविधता को कम करना

✗ B. सभी पैनल केबलों के इन्सुलेशन ग्रेड को बढ़ाना

✗ C. सभी वायरिंग प्रवेशों (wiring entry) के लिए प्लास्टिक केबल ग्लैंड का उपयोग करना

✓ D. सभी प्रवेश केबलों के लिए धात्विक केबल ग्लैंड (cable glands) को संस्थापित करना और उचित ग्राउंडिंग करना

Q.29 इस्पातों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) कोडीकरण प्रणाली का प्राथमिक लाभ क्या है?

Ans

✓ A. यह इस्पात ग्रेड को महत्वपूर्ण भौतिक गुणधर्मों से संबंधित करता है

✗ B. यह वैश्विक स्तर पर प्रत्येक देश द्वारा समान रूप से स्वीकृत है

✗ C. यह इस्पात की पहचान के लिए मुख्य रूप से दृश्य विधियों पर निर्भर करती है

✗ D. यह केवल ऐतिहासिक इस्पात रिकॉर्ड तक सीमित जानकारी प्रदान करता है

Q.30 विद्युत नेटवर्क में किस स्थिति में AC ट्रांसमिशन की तुलना में DC ट्रांसमिशन को प्राथमिकता दी जाती है?

Ans

✗ A. ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी ट्रांसमिशन लाइनों के लिए

✗ B. शहरी नेटवर्क में वितरण के लिए

✓ C. बहुत लंबी दूरी के जलमग्न केबलों के लिए

✗ D. स्थानीय सबस्टेशन कनेक्शनों के लिए

Q.31 उस रिले प्रकार का चयन कीजिए जो एक संरक्षित क्षेत्र में दोषों का पता लगाने के लिए दो बिंदुओं पर विद्युत धाराओं की तुलना करता है।

Ans

✗ A. तात्कालिक अतिप्रवाह रिले (Instantaneous overcurrent relay)

✗ B. दूरी रिले (Distance relay)

✗ C. प्रतिलोप समय अतिप्रवाह रिले (Inverse time overcurrent relay)

✓ D. विभेदी रिले (Differential relay)

Q.32 निम्नलिखित में से कौन-सा जनरेटर प्ररूप नियत वोल्टता अनुप्रयोगों के लिए न्यूनतम उपयुक्त है?

Ans

✗ A. यौगिक DC जेनरेटर

✗ B.
अन्यतः उत्तेजित DC जेनरेटर

✓ C. श्रेणी DC जेनरेटर

✗ D.
शंट DC जेनरेटर

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.33 संचयी रूप से संयोजित DC जनित्र के संदर्भ में, नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा कथन श्रेणी क्षेत्र कुंडलन के उद्देश्य को परिभाषित करता है?

Ans

✔ A. यह लोड धारा बढ़ने पर चुंबकीय फ्लक्स बढ़ाकर आंतरिक वोल्टता पात की क्षतिपूर्ति करती है

✘ B.
यह आर्मेचर में प्रेरित प्रत्यावर्ती धारा को टर्मिनलों पर दिष्ट धारा में परिवर्तित करती है

✘ C. यह उच्च-चाल प्रचालन के दौरान रोटर शाफ्ट के यांत्रिक घर्षण को कम करती है

✘ D.
यह वोल्टता वर्धन प्रक्रिया (voltage buildup process) शुरू करने के लिए आवश्यक प्रारंभिक अवशिष्ट चुंबकत्व प्रदान करती है

Q.34 शिरोपरि ट्रांसमिशन लाइनों की मरम्मत करते समय, उच्च धारा वहन अपेक्षाओं वाले दो गुंफित चालकों (stranded conductors) को जोड़ने के लिए किस प्रकार का वायर जॉइंट (wire joint) सबसे उपयुक्त होता है?

Ans

✔ A. मैरिड जॉइंट (Married joint)

✘ B. नॉटेड टैप जॉइंट (Knotted tap joint)

✘ C. वेस्टर्न यूनियन जॉइंट (Western Union joint)

✘ D. ब्रिटानिया जॉइंट (Britannia joint)

Q.35 इंजीनियरिंग ड्राइंग में स्थानिक फलक (spot face) को दर्शाने के लिए किस प्रतीक का उपयोग किया जाता है?

Ans

✘ A. एक वृत्त जिसके नीचे एक क्षैतिज रेखा खींची गई है

✘ B. आंतरिक क्रॉस युक्त एक छोटा वृत्त

✔ C. बिना आंतरिक चिह्नों वाला एक प्लेन वृत्त

✘ D. बिना केंद्र चिह्नों वाला एक प्लेन आयत

Q.36 BIS कोड 2330 प्राथमिक रूप से क्या इंगित करता है?

Ans

✔ A. यह उच्च निकैल अंश वाले निकैल इस्पात को इंगित करता है।

✘ B. यह इंजीनियरिंग में प्रयुक्त क्रोमियम स्टील को दर्शाता है।

✘ C. यह एक साधारण कार्बन स्टील ग्रेड सामग्री को निरूपित करता है।

✘ D. यह सुकर्तनीय स्टील ग्रेड प्रकार की पहचान करता है।

Q.37 ड्रिलिंग के दौरान छिद्र से चिप्स (chips) का निष्कासन मरोड़ी ड्रिल (twist drill) के किस भाग द्वारा किया जाता है?

Ans

✔ A. फ्लूट (flutes)

✘ B. पॉइंट (point)

✘ C. शैन्क (shank)

✘ D. वेब (web)

Q.38 किसी नियंत्रण पैनल डिजाइन के लिए ऐसे केबल मार्करों की आवश्यकता है जो ज्वाला मंदक और अपघर्षण प्रतिरोधी हों। इस आवश्यकता के लिए कौन-सा पदार्थ सबसे उपयुक्त है?

Ans

✘ A. विनाइल इलेक्ट्रिकल टेप

✘ B. क्लिप-ऑन प्लास्टिक टैग

✔ C. पॉलिओलिफिन हीट-श्रिंक स्लीव

✘ D. स्व-आसंजी पेपर लेबल

Q.39 एक जलवायु-नियंत्रित प्रयोगशाला में जहाँ सौंदर्यबोध और न्यूनतम विद्युत चुंबकीय व्यतिकरण प्राथमिकताएँ हैं, वहाँ कौन-सी तार-स्थापन प्रणाली (wiring system) सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans

✔ A. अचुंबकीय पाइपों के साथ प्रच्छन्न कंड्यूट तार-स्थापन

✘ B. प्लास्टिक आवरण के साथ केसिंग-कैपिंग तार-स्थापन

✘ C. काष्ठ बैटन के साथ बैटन तार-स्थापन

✘ D. सिरेमिक क्लीट के साथ क्लीट तार-स्थापन

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.40 विद्युत योजनाबद्ध ड्राइंग में नियंत्रण परिपथ को सामान्यतः शक्ति परिपथ से पृथक रूप से क्यों तारकृत (wired) किया जाता है?

Ans

✗ A. चालकों की लागत कम करने के लिए

✗ B. धारा वहन क्षमता बढ़ाने के लिए

✓ C. आसान अनुरक्षण और पहचान को सुगम बनाने के लिए

✗ D. शक्ति और नियंत्रण परिपथों को संयोजित करने के लिए

Q.41 शिरोपरि पारेषण लाइन स्थापित करने के लिए सही अनुक्रम का चयन कीजिए।
1. नींव कार्य (Foundation work)
2. टावर खड़ा करना (Tower erection)
3. चालक स्ट्रिंगिंग (Conductor stringing)
4. इंसुलेटर संस्थापन (Insulator installation)

Ans

✓ A. नींव कार्य, टावर खड़ा करना, इंसुलेटर संस्थापन, चालक स्ट्रिंगिंग

✗ B. टावर खड़ा करना, नींव कार्य, चालक स्ट्रिंगिंग, इंसुलेटर संस्थापन

✗ C. नींव कार्य, चालक स्ट्रिंगिंग, टावर खड़ा करना, इंसुलेटर संस्थापन

✗ D. इंसुलेटर संस्थापन, नींव कार्य, टावर खड़ा करना, चालक स्ट्रिंगिंग

Q.42 यदि किसी प्रकाश परिपथ को 230 V की आपूर्ति के लिए डिजाइन किया गया है तथा एक लैंप को 110 V पर रेट किया गया है और यदि लैंप को दूसरे 230 V लैंप के साथ सीधे समांतर क्रम में जोड़ा जाए, तो क्या होगा?

Ans

✗ A. 110 V का लैंप सामान्य दीप्ति पर कार्य करेगा

✓ B. 110 V का लैंप अतिवोल्टता के कारण जल्दी खराब हो जाएगा

✗ C. 110 V का लैंप दूसरे लैंप की तुलना में मंद होगा

✗ D. 110 V का लैंप दूसरे लैंप की तुलना में बहुत अधिक रोशनी देगा और ऐसा ही करता रहेगा

Q.43 एक उभयधारा मोटर (universal motor) को वर्कशॉप में लाया गया है, जिसमें लोड के अंतर्गत कम्यूटेटर (commutator) पर अत्यधिक स्पार्किंग की शिकायत है। सबसे पहले किस कारण की जाँच करनी चाहिए?

Ans

✗ A. लघुकृत कम्यूटेटर बार (Shorted commutator bar)

✗ B. क्षतिग्रस्त फील्ड वाइंडिंग (Damaged field winding)

✓ C. घिसे हुए कार्बन ब्रश (Worn out carbon brushes)

✗ D. दोषपूर्ण आर्मेचर वाइंडिंग (Faulty armature windings)

Q.44 निम्नलिखित में से कौन-सी, ब्लॉक आरेख की विशेषता नहीं है?

Ans

✗ A. यह अलग-अलग महत्वपूर्ण उपतंत्रों को दर्शाने के लिए सरल ज्यामितीय ब्लॉकों का उपयोग करता है।

✓ B. इसमें अलग-अलग घटकों की आंतरिक संरचना संबंधी विस्तृत सूचना शामिल होती है।

✗ C. यह मुख्य तंत्र घटकों के बीच कार्यात्मक संबंधों को रेखांकित करता है।

✗ D. यह जटिल कनेक्शन पथों को दर्शाए बिना समग्र तंत्र कार्यों को प्रदर्शित करता है।

Q.45 एक मशीन असेंबली क्षेत्र के लिए प्रकाश व्यवस्था की योजना बनाते समय, एक इंजीनियर आवश्यक विद्युत् दीपों की संख्या की गणना करता है। यदि क्षेत्रफल 60 वर्ग मीटर है और अनुशंसित प्रदीप्ति स्तर 300 lux है, तो क्षेत्र के लिए आवश्यक कुल ज्योति फ्लक्स कितना है?

Ans

✗ A. 9000 ल्यूमेन

✓ B. 18000 ल्यूमेन

✗ C. 21000 ल्यूमेन

✗ D. 12000 ल्यूमेन

Q.46 लाइसेंस प्राप्त वायरमैन के प्रशिक्षण हेतु संस्थान का चयन करते समय, वायरमैन परमिट की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए किस कारक को प्राथमिकता दी जानी चाहिए?

Ans

✗ A. न्यूनतम शिक्षण शुल्क का चयन करना

✓ B. सरकारी प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान का चयन करना

✗ C. घर के सबसे निकटतम संस्थान का चयन करना

✗ D. उपलब्ध सबसे लघु प्रशिक्षण अवधि का चयन करना

RailwayBABA
Join @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.47 एक कारखाने का निर्माण एक ऐसे क्षेत्र में किया जा रहा है जहाँ प्रायः विद्युत तूफान आते हैं। इंजीनियरों को एक अर्थिंग सिस्टम डिज़ाइन करना है। सुरक्षा और उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके डिज़ाइन में किस कारक को प्राथमिकता देना सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans

✗ A. संभवतः सबसे मोटी अर्थिंग केबल का उपयोग करना

✗ B.
अर्थिंग के लिए एकल GI पाइप का उपयोग करना

✓ C.
अर्थिंग रॉड्स की संख्या में वृद्धि करना

✗ D.
अर्थिंग रॉड्स को निकट स्थापित करना

Q.48 औद्योगिक वायरिंग परियोजना में, आपको बारिश के संपर्क में आने वाले आउटडोर उपयोग हेतु एक आवेष्टन (enclosure) का चयन करना है। कौन-सा IP कोड, इस अपेक्षा को सबसे उपयुक्त रूप से पूर्ण करता है?

Ans

✓ A. IP55

✗ B. IP20

✗ C. IP41

✗ D. IP30

Q.49 यदि अर्थ इलेक्ट्रोड का प्रतिरोध 6 ओम मापा जाता है, तो IEE विनियमों के अनुसार क्या किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. अधिष्ठापन को यथावत रहने दें

✓ B.
अधिक रॉड लगाकर या जल डालकर अर्थिंग में सुधार करें

✗ C.
पतले अर्थ वायर का उपयोग करें

✗ D. परिपथ की आपूर्ति वोल्टता में वृद्धि करें

Q.50 निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग बिना उत्खनन किए गए भूमिगत तेल से भरे केबल जोड़ में तेल रिसाव का पता लगाने के लिए किया जाता है?

Ans

✗ A. केबल से आने वाली असामान्य आवाज़ों पर ध्यान देना

✗ B. थर्मल इमेजिंग कैमरे का उपयोग करना

✗ C. जोड़ के आवरण का दृश्य निरीक्षण करना

✓ D. तेल तंत्र में दाब पात को मॉनिटर करना

Q.51 यदि तीन प्रकाश बल्बों को श्रेणीक्रम परिपथ में जोड़ा जाता है और उनमें से एक बल्ब फ्यूज (खराब) हो जाता है, तो शेष अन्य बल्बों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans

✗ A. अन्य बल्ब मंद दीप्तिमान होते हैं

✓ B. अन्य बल्ब दीप्तिमान होना (जलना) बंद हो जाते हैं

✗ C. अन्य बल्ब सामान्य रूप से दीप्तिमान होना जारी रखते हैं

✗ D. अन्य बल्ब अधिक उज्जवलता से दीप्तिमान (जलना) होते हैं

Q.52 एक सौर शक्ति संयंत्र को चालू करने से पहले गुणवत्ता मानकों के अनुसार निम्नलिखित में से किस मापदंड का परीक्षण किया जाना अनिवार्य है?

Ans

✓ A. रोधन प्रतिरोध मापन

✗ B. मॉड्यूल सफाई अनुसूची

✗ C. ग्रिड वोल्टता सेटिंग

✗ D. केबल रंग कोडिंग

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.53 एक तकनीशियन को एक आवासीय विद्युत संस्थापन योजना प्राप्त होती है और उसे प्रकाश और तापन दोनों परिपथों के लिए सामग्री और लागत आकलन तैयार करना होगा। मानक विद्युत प्राक्कलन पद्धति के अनुसार किस प्रक्रिया का अनुसरण किया जाना चाहिए?

Ans

✔ A. प्रत्येक परिपथ के लिए अलग-अलग सामग्री सूचियाँ तैयार करें और कुल लागत की गणना करें।

✘ B. लागत की गणना को सरल बनाने के लिए आकलन में लघु उपसाधनों को शामिल न करें।

✘ C. केवल सामान्य रूप से उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के लिए अनुमानित मात्रा का उपयोग करके लागत का आकलन करें।

✘ D. एक एकल संयुक्त सामग्री सूची तैयार करें और कुल लागत का एक साथ आकलन करें।

Q.54 एक वोल्टमापी को DC परिपथ में एक विवृत स्विच से संयोजित किया जाता है। स्विच का एक सिरा आपूर्ति वोल्टता से संयोजित है, जबकि दूसरा सिरा लोड के माध्यम से आपूर्ति के विपरीत टर्मिनल से संयोजित है। एक आदर्श वोल्टमापी और शून्य धारा मानते हुए, मीटर कितना वोल्टेज दर्शाएगा?

Ans

✘ A. वोल्टमापी आपूर्ति वोल्टता का आधा मान दर्शाएगा

✔ B. वोल्टमापी पूर्ण आपूर्ति वोल्टता दर्शाएगा

✘ C. वोल्टमापी शून्य वोल्ट दर्शाएगा

✘ D. वोल्टमापी एक उच्चावचनी मान दर्शाएगा

Q.55 किसी सरल विद्युत परिपथ में विद्युत वाहक बल के स्रोत के रूप में सामान्यतः किस युक्ति का उपयोग किया जाता है?

Ans

✘ A. विद्युत मोटर

✔ B. विद्युत बैटरी

✘ C. तापदीप्त लैंप

✘ D. अपरिवर्ती प्रतिरोधक

Q.56 किसी औजार की कीमत ₹400 से बढ़कर ₹500 हो जाती है। मूल कीमत के आधार पर प्रतिशत वृद्धि की गणना कीजिए।

Ans

✘ A. 30%

✘ B. 20%

✔ C. 25%

✘ D. 35%

Q.57 किस प्रकार का लैंप अपनी उच्च दक्षता और दीर्घ जीवन-काल के कारण स्ट्रीट लाइटिंग के लिए उपयुक्त होता है?

Ans

✘ A. मर्करी वाष्प लैंप

✘ B. तापदीप्त लैंप

✔ C.
सोडियम वाष्प लैंप

✘ D. प्रतिदीप्त लैंप

Q.58 प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (PLC) में रिले लैडर लॉजिक (RLL) को रिले कंट्रोल सर्किट के समान ग्राफिकल रूप में क्यों निरूपित किया जाता है?

Ans

✔ A. रिले लॉजिक ट्रबलशूटिंग से परिचित तकनीशियनों हेतु PLC प्रोग्रामिंग को सुगम बनाने के लिए

✘ B. PLC हार्डवेयर को आवश्यक प्रचालन वोल्टता को कम करने के लिए

✘ C. औद्योगिक मशीनों के अंदर सभी विद्युतीय वायरिंग संयोजनों को प्रतिस्थापित करने के लिए

✘ D. प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर की मेमोरी क्षमता बढ़ाने के लिए

Q.59 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, सौर शक्ति संयंत्र डिजाइन में देशांतर प्रभावों (longitude effects) की उपेक्षा करने का वास्तविक परिणाम दर्शाता है?

Ans

✘ A. सौर पैनल मौसम की निगरानी के इनपुट की उपेक्षा करते हैं।

✘ B. सौर पैनल गलत अक्षांश पर स्थापित हैं।

✔ C. सौर पैनलों को, गलत संरेखित ट्रैकिंग शेड्यूल के कारण उपेष्टतम सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है।

✘ D. सौर पैनल, क्षेत्र के लिए अनुपयुक्त सामग्री का उपयोग करते हैं।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.60 किसी श्रेणी DC परिपथ में, यदि कोई एक घटक खराब हो जाए या विवृत-परिपथ बन जाए, तो क्या होगा?

Ans

✔ A. संपूर्ण परिपथ कार्य करना बंद कर देता है

✘ B. धारा विपरीत दिशा में प्रवाहित होती है

✘ C. विद्युत धारा केवल कार्यशील घटकों से ही प्रवाहित होती है

✘ D. विद्युत धारा खराब हुए घटक को बायपास कर देती है

Q.61 वायरिंग आरेख में कौन-सा घटक, विशेष रूप से अतिधारा से सुरक्षा प्रदान करने के लिए उपयोग किया जाता है?

Ans

✘ A. लैम्प का प्रतीक

✔ B. फ्यूज का प्रतीक

✘ C. पुशबटन का प्रतीक

✘ D. रिले का प्रतीक

Q.62 सौर शक्ति संयंत्र संस्थापन के लिए आनति कोण (inclination angle) की गणना करते समय आवश्यक चरणों के सही क्रम का चयन कीजिए।

Ans

✘ A. मौसमी परिवर्तनों को ध्यान में रखना, पैनल कोण निर्धारित करना, छायांकन का आकलन करना, अक्षांश ज्ञात करना

✘ B. पैनल कोण निर्धारित करना, अक्षांश ज्ञात करना, मौसमी परिवर्तनों को ध्यान में रखना, छायांकन का आकलन करना

✔ C. अक्षांश ज्ञात करना, छायांकन का आकलन करना, मौसमी परिवर्तनों को ध्यान में रखना, पैनल कोण निर्धारित करना

✘ D. छायांकन का आकलन करना, पैनल कोण निर्धारित करना, अक्षांश ज्ञात करना, मौसमी परिवर्तनों को ध्यान में रखना

Q.63 प्रतिरोधक का निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म यह निर्धारित करता है कि यह DC परिपथ में विद्युत धारा के प्रवाह का कितना विरोध करता है?

Ans

✘ A. शक्ति अनुमतांक

✘ B. रंग कोड

✔ C.
प्रतिरोध मान

✘ D.
भौतिक आकार

Q.64 यदि किसी घरेलू संस्थापन में कोई ELCB बिना किसी स्पष्ट दोष के कभी-कभी ट्रिप करता है, तो इसका संभावित कारण क्या हो सकता है?

Ans

✘ A. आपूर्ति से अचानक वोल्टता प्रोत्कर्ष

✘ B. ELCB रेटिंग से अधिक कुल लोड में वृद्धि

✔ C. संचयी साधित्र के इन्सुलेशन में अवनति से अल्प क्षरण धाराएँ

✘ D. फेज और न्यूट्रल लाइनें रिवर्स हैं

Q.65 थिएटर लाइटिंग डिज़ाइनर को यह सुनिश्चित करना है कि मंच के प्रत्येक भाग को ओवरहेड लाइटों से समान मात्रा में प्रदीप्ति मिले। यदि लाइटों और मंच के बीच की दूरी दोगुनी कर दी जाए, तो प्रदीप्ति के नियमों के अनुसार, सभी क्षेत्रों में समान प्रदीप्ति बनाए रखने के लिए कौन-सी कार्रवाई की जानी चाहिए?

Ans

✘ A. आधी संख्या में लाइटों का उपयोग करें, लेकिन उनकी तीव्रता समान रखें

✔ B.
प्रत्येक लाइट स्रोत की ज्योति तीव्रता को चार गुना बढ़ाएँ

✘ C. प्रत्येक लाइट स्रोत की ज्योति तीव्रता को दोगुना करें

✘ D.
लाइट के आपतन कोण को बढ़ाएँ

Q.66 यदि किसी जोड़ में कॉपर तार को ऐलुमिनियम तार से बदल दिया जाए, तो कौन-सा विद्युत गुण सबसे अधिक प्रभावित होगा?

Ans

✘ A. तार की चुंबकीय पारगम्यता

✘ B. जोड़ की चुंबकीय सुग्राहिता

✔ C. जोड़ का विद्युत प्रतिरोध

✘ D. चालक की इन्सुलेशन सामर्थ्य

Railway BABA

Q.67 सिलिकॉन-आधारित सौर सेल में विद्युत धारा के संग्रहण को सक्षम करने के लिए कौन-सा चरण सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है?

Ans

✔ A. बाह्यतम परतों पर धात्विक पट्टियाँ जोड़ना

✘ B. सिलिकॉन को पतले वेफर्स में काटना

✘ C. अशुद्धियों के साथ वेफर्स का अपमिश्रण (doping) करना

✘ D. अपमिश्रित और अनापमिश्रित (undoped) वेफर्स को सैंडविच करना

Q.68 किसी डेल्टा-संयोजित 3-फेज प्रणाली में, लाइन वोल्टता और फेज वोल्टता के बीच क्या संबंध होता है?

Ans

✘ A. लाइन वोल्टता शून्य होती है

✔ B. लाइन वोल्टता, फेज वोल्टता के बराबर होती है

✘ C. लाइन वोल्टता, फेज वोल्टता से कम होता है

✘ D. लाइन वोल्टता, फेज वोल्टता की दोगुनी होती है

Q.69 यदि किसी कुंडली में धारा, वोल्टता से 60° पश्चगामी है, तो परिपथ का शक्ति गुणक क्या होगा?

Ans

✘ A. $\frac{\sqrt{3}}{2}$ पश्चगामी

✔ B. 0.5 पश्चगामी

✘ C. 0.5 अग्रगामी

✘ D. $\frac{\sqrt{3}}{2}$ अग्रगामी

Q.70 भूमिगत केबलों में केबल शीथ कंटिन्यूटी टेस्ट (Cable Sheath Continuity Test) का प्रयोजन क्या है?

Ans

✘ A. केबल के इन्सुलेशन प्रतिरोध का मापन करना

✔ B. यह जांच करना कि क्या धात्विक आच्छद या कवच अविच्छिन्न है

✘ C. केबल चालक प्रतिरोध की जांच करना

✘ D. केबल की कुल लंबाई का निर्धारण करना

Q.71 डेल्टा-स्टार संबद्ध 3-फेज ट्रांसफॉर्मर में, प्राथमिक और द्वितीयक वोल्टताओं के बीच फेज विस्थापन _____ होता है।

Ans

✘ A. 90°

✘ B. 0°

✘ C. 60°

✔ D. 30°

Q.72 7 cm त्रिज्या वाले वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए। π=22/7 का उपयोग कीजिए।

Ans

✘ A. 66 cm

✔ B. 44 cm

✘ C. 88 cm

✘ D. 22 cm

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, विलगकारी स्विच (isolating switch) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✘ A. यह एक स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक स्विच है।

✔ B. यह मैन्युअल रूप से प्रचालित एक यांत्रिक स्विच है।

✘ C. यह एक रिमोट-नियंत्रित हाइड्रोलिक स्विच है।

✘ D. यह एक प्रोग्रामन योग्य डिजिटल स्विच है।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.74 पतली शीट धातु पर फिटिंग प्रचालनों (fitting operations) के लिए, कौन-सा कर्तन औजार, सर्वोत्तम नियंत्रण और परिशुद्धता प्रदान करता है?

Ans
- ✔ A. हस्त स्निप (Hand snips)
- ✘ B. मानक हैक्सॉ (Standard hacksaw)
- ✘ C. अताप छैनी (Cold chisel)
- ✘ D. सपाट हस्त रेती (Flat hand file)

Q.75 किसी पदार्थ का वह गुण जिसके द्वारा विरूपण बल हटने के बाद वह अपनी मूल आकृति और साइज़ को पुनः प्राप्त कर लेता है, _____ कहलाता है।

Ans
- ✘ A. सुघट्यता
- ✔ B. प्रत्यास्थता
- ✘ C. भंगुरता
- ✘ D. कठोरता

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025

सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

Test Date	28/07/2026
Test Time	2:30 PM - 5:00 PM
Subject	ALP Stage 2 Electronics Mechanic

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **PART-A**

Q.1 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'सतीश + दीप × पीयूष – हितेश % मयंक' है, तो सतीश का मयंक से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. माता के भाई की पत्नी की बहन
✗ B. माता के भाई की पत्नी की माता
✗ C. पिता के भाई की पत्नी की बहन
✓ D. पिता के भाई की पत्नी की माता

Q.2 एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु 7 cm ऊँचा है, तथा इसके आधार की त्रिज्या 22.2 cm है। इसे पिघलाकर एक लंब वृत्तीय शंकु बनाया जाता है, जिसकी आधार त्रिज्या 3.7 cm है। तब शंकु की ऊँचाई (cm में) _____ है।

Ans
✓ A. 252
✗ B. 159
✗ C. 267
✗ D. 185

Q.3 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

GXM 5, JVN 11, MTO 24, PRP 51, ?

Ans
✗ A. SPQ 107
✓ B. SPQ 106
✗ C. TPQ 107
✗ D. TPQ 106

Q.4 एक क्रेन 200 kg के लोड को 10 सेकंड में 15 मीटर की ऊंचाई तक उठाती है। गुरुत्वीय त्वरण को 10 m/s^2 और ऊर्जा हानि को नगण्य मानते हुए, इस क्रिया के दौरान क्रेन का शक्ति आउटपुट कितना होगा?

Ans
✗ A. 1000 W
✓ B. 3000 W
✗ C. 1500 W
✗ D. 2000 W

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.5 इंजीनियरिंग शीट पर बार-बार 67° के कोण बनाते समय, कौन-सा तरीका संचयी संरेखण त्रुटियों को न्यूनतम करने में सबसे अधिक सहायक होता है?

Ans
✗ A. अंतिम रूप देने से पहले पेंसिल द्वारा सभी कोणों को हल्के से चिह्नित करना
✗ B. मध्यवर्ती सत्यापन किए बिना सतत रूप से सभी कोण आरेखित करना
✗ C. सभी कोणों के लिए केवल प्रारंभिक चांदा संरेखण पर निर्भर रहना
✓ D. सभी पुनरावृत्त कोणों के लिए एक ही निर्देश रेखा का उपयोग करना

Q.6 एक वस्तु ₹300 में खरीदी जाती है और उसका मूल्य 5.5% बढ़ा दिया जाता है। तत्पश्चात, परिणामी मूल्य में 8% की कमी कर दी जाती है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹284.45
✗ B. ₹288.24
✓ C. ₹291.18
✗ D. ₹296.46

Q.7 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZOT - TLP
NIL - HFH

Ans
✗ A. BOC - VZT
✗ B.
ABD - VZZ
✓ C.
BCD - VZZ
✗ D.
VZZ - BCD

Q.8 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?

Ans
✗ A. (28, 49)
✗ B. (14, 28)
✓ C. (17, 54)
✗ D. (21, 33)

Q.9 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
42 × 6 ÷ 7 – 35 + 19 = ?

Ans
✗ A. 63
✗ B. 69
✗ C. 67
✓ D. 65

Q.10 घरेलू उपकरणों में विद्युत तारों पर सामान्यत: प्लास्टिक या रबर का आवरण क्यों चढ़ाया जाता है?

Ans
✓ A. रोधन के द्वारा विद्युत आघात से सुरक्षा के लिए
✗ B. विद्युत धारा के प्रवाह को बढ़ाने के लिए
✗ C. तारों को भारी बनाने के लिए
✗ D. अधिक ऊष्मा उत्पन्न करने के लिए

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी मुख्य पर्यावरणीय चुनौतियों का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ A. तापीय प्रदूषण और प्रभावी कम्पोस्टिंग
✗ B. तीव्र जैवनिम्नीकरण और रासायनिक निक्षालन
✗ C. निष्प्रभावन और आसान पुनर्चक्रण
✓ D. पर्यावरण में दीर्घस्थायित्व और माइक्रोप्लास्टिक निर्माण

Railway BABA

Q.12 सड़क पर यात्रियों को किलोमीटर प्रस्तर (kilometer stone) क्या जानकारी प्रदान करता है?

Ans
✗ A. वाहन की चाल
✗ B. यात्रा की दिशा
✓ C. एक संदर्भ बिंदु से दूरी
✗ D. गंतव्य तक पहुंचने में लगने वाला समय

Q.13 कामगारों को संभावित खतरों से सचेत करने के लिए चेतावनी संकेतों में मुख्य रूप से किस रंग का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ A. हरे पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✗ B. नीले पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✗ C. लाल पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✓ D. पीले पृष्ठ पर काले प्रतीक या टेक्स्ट

Q.14 एक साइकिल चालक 3 घंटे में 120 km की दूरी तय करता है, 1 घंटे विश्राम करता है, और फिर 2 घंटे में 80 km की अतिरिक्त दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए साइकिल चालक की औसत चाल निर्धारित करने हेतु, निम्नलिखित में से किन राशियों का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
✗ A. कुल विस्थापन / कुल समय
✗ B. वेग में परिवर्तन / कुल समय
✗ C. एक निश्चित दिशा में तय दूरी / समय
✓ D. तय की गई कुल दूरी / कुल समय

Q.15 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) H S A N D D I A D F P A J O S K I O Z O T X (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर भी है?

Ans
✓ A. चार
✗ B. तीन
✗ C. पांच
✗ D. छह

Q.16 एक हीरे की कीमत उसके भार के वर्ग के अनुक्रमानुपाती है। एक हीरा चार टुकड़ों में टूट गया, जिनका भार 2:4:1:3 के अनुपात में था। यदि इसे चार बराबर टुकड़ों में तोड़ा जाता, तो ₹60,000 की हानि होती है। हीरे की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹75,000
✗ B. ₹78,000
✓ C. ₹80,000
✗ D. ₹82,000

Q.17 पाँच संख्याओं का औसत 30 है। यदि उनमें से चार संख्याएँ 25, 35, 28 और 32 हैं, तो पाँचवीं संख्या कितनी है?

Ans
✗ A. 28
✓ B. 30
✗ C. 32
✗ D. 35

Q.18 A, B, C, D और E की लंबाई अलग-अलग है। E, C से लंबा है लेकिन A से छोटा है। केवल एक व्यक्ति A से लंबा है। D, C से छोटा है। उनमें से तीसरा सबसे लंबा कौन है?

Ans
✗ A. C
✗ B. A
✗ C. B
✓ D. E

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.19 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 7 20 61 ?

Ans
✗ A. 181
✗ B. 183
✗ C. 185
✓ D. 182

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, सक्रिय कार्यस्थल सुरक्षा व्यवहार को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता करता है?

Ans
✓ A. दुर्घटनाएं होने से पहले खतरों की पहचान करना और उन्हें ठीक करना
✗ B. पर्यवेक्षक द्वारा खतरों पर ध्यान देने की प्रतीक्षा करना
✗ C. घटनाएं (incidents) होने के बाद खतरों की रिपोर्ट करना
✗ D. बैठकों में केवल पिछली सुरक्षा समस्याओं (past safety problems) पर चर्चा करना

Q.21 यदि '+' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
5 ÷ 3 + 15 x 5 - 3 = ?

Ans
✓ A. 15
✗ B. 18
✗ C. 9
✗ D. 12

Q.22 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
11, 22, 44, 88, 176, ?

Ans
✗ A. 358
✗ B. 342
✓ C. 352
✗ D. 356

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. HB-IC
✗ B. FZ-GA
✗ C. PJ-QK
✓ D. RL-SN

Q.24 कुछ रासायनिक प्रशीतक-द्रव्यों को प्रतिबंधित करने से ओजोन परत को होने वाली क्षति में प्रभावी रूप से कमी क्यों आती है?

Ans
✓ A. प्रशीतक-द्रव्य ऐसे पदार्थ मुक्त करते हैं जो ओजोन विघटन को उत्प्रेरित करते हैं।
✗ B. प्रशीतक-द्रव्यों में ऐसे कण होते हैं जो हानिकारक UV प्रकाश को अवशोषित करते हैं।
✗ C. प्रशीतक-द्रव्य, ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे ओजोन पुनःप्राप्ति में सहायता मिलती है।
✗ D. प्रशीतक-द्रव्य, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित करते हैं जो समतापमंडल को गर्म करती हैं।

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त घनाभ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✓ A. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसमें छह आयताकार फलक होते हैं और सम्मुख फलक बराबर होते हैं
✗ B. घनाभ के सभी फलक समान आमाप के वर्ग के रूप में होते हैं
✗ C. घनाभ की सभी भुजाएं और कोण बराबर होते हैं, जिस कारण यह घन के समान होता है
✗ D. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसके सभी फलक समांतर चतुर्भुज होते हैं, परंतु उनका आयत होना आवश्यक नहीं है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.26 एक कार बिंदु A से बिंदु B तक टेढ़े-मेढ़े पथ पर चलती है, और कुल 200 मीटर की दूरी तय करती है। यदि A और B के बीच न्यूनतम ऋजु-रेखीय दूरी 120 मीटर है, तो कौन-सा कथन कार की दूरी और विस्थापन का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ A. दूरी 120 मीटर है; विस्थापन 200 मीटर है
✗ B. दूरी 120 मीटर है; विस्थापन 120 मीटर है
✗ C. दूरी 200 मीटर है; विस्थापन 200 मीटर है
✓ D. दूरी 200 मीटर है; विस्थापन 120 मीटर है

Q.27 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।)

(बाएँ) Q K Q N X K G G V M L A W T W K N G V (दाएँ)

ऐसे कितने व्यंजन हैं जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans
✗ A. दो
✗ B. एक भी नहीं
✓ C. एक
✗ D. तीन

Q.28 इंजीनियरिंग ड्राइंग में पार्श्व दृश्य (side view) का सबसे सटीक वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans
✗ A. यह वस्तु के सभी दृश्यों का संयोजन दर्शाता है
✗ B. यह वस्तु को सम्मुख रूप से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है
✗ C. यह वस्तु को ऊपर या नीचे से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है
✓ D. यह वस्तु को बाएं या दाएं पार्श्व से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है

Q.29 निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए।

11 of 7 + 125 ÷ 5 + 99 ÷ 11 × 7 − 17 of 7 + 7 × 6 - (91 ÷ 7 + 7 × 5)

Ans
✗ A. 48
✗ B. 44
✗ C. 36
✓ D. 40

Q.30 ₹5,70,000 की धनराशि पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 1.5 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जहां ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
✓ A. ₹89,846.25
✗ B. ₹92,846.25
✗ C. ₹89,946.25
✗ D. ₹88,846.25

Q.31 एक 42-लीटर विलयन में चीनी और पानी का अनुपात 2 : 5 है। यदि वाष्पीकरण के कारण विलयन का आयतन 35% कम हो जाता है और केवल पानी वाष्पित होता है, तो चीनी और पानी का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
✗ A. 51 : 42
✓ B. 40 : 51
✗ C. 31 : 50
✗ D. 40 : 41

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.32 एक रैंप का उपयोग एक बॉक्स को 2 m ऊंचे चबूतरे तक उठाने के लिए किया जाता है। आवश्यक आयास को कम करने के लिए, रैंप की लंबाई 4 m से बढ़ाकर 8 m कर दी जाती है। घर्षण को नगण्य मानते हुए, निम्नलिखित में से कौन-सा अपरिवर्तित रहता है?

Ans
✗ A. यांत्रिक लाभ
✗ B. अभीष्ट बल
✓ C. बॉक्स को ऊपर उठाने में किया गया कार्य
✗ D. रैंप के अनुदिश तय की जाने वाली दूरी

Q.33 सामान्य नगरपालिका अपशिष्ट की तुलना में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के लिए विशेष प्रबंधन की आवश्यकता क्यों होती है?

Ans
✓ A. इसमें संक्रामक कारक हो सकते हैं जो स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करते हैं
✗ B. अन्य प्रकार के अपशिष्टों की तुलना में इसके पुनर्चक्रित होने की संभावना अधिक होती है
✗ C. इसमें अधिक रासायनिक सामग्री होती हैं और यह सदैव विषाक्त होता है
✗ D. यह सदैव रेडियोधर्मी होता है और इसके लिए अत्यधिक परिरक्षण की आवश्यकता होती है

Q.34 सात बक्से S, T, U, V, W, X और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। U को ऊपर से ठीक तीसरे स्थान पर रखा गया है। U और T के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। W को T के ठीक ऊपर रखा गया है। X और S के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। V को Y के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। U और S के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। ऊपर से दूसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा रखा गया है?

Ans
✗ A. V
✓ B. X
✗ C. T
✗ D. U

Q.35 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOIL' को '1547' के रूप में और 'COIL' को '7124' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 4
✗ B. 7
✗ C. 1
✓ D. 2

Q.36 11 संख्याओं का माध्य 10.9 है। यदि पहली 6 संख्याओं का माध्य 10.5 है और अंतिम 6 संख्याओं का माध्य 11.4 है, तो छठी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 10
✓ B. 11.5
✗ C. 11
✗ D. 10.5

Q.37 कंप्यूटर सिस्टम में सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) की प्राथमिक भूमिका क्या है?

Ans
✗ A. स्क्रीन पर आउटपुट प्रदर्शित करना
✗ B. नेटवर्क कनेक्शनों को प्रबंधित करना
✗ C. दीर्घकालिक डेटा संग्रहीत करना
✓ D. प्रोग्राम अनुदेशों को निष्पादित करना

Q.38 कक्ष तापमापी को सामान्यतः दीवार पर ऊर्ध्वाधर रूप से क्यों माउंट किया जाता है?

Ans
✗ A. यह तापमापी को सरलता से टूटने से सुरक्षित रखता है
✗ B. यह तापमापी के अंदर द्रव के हिमीकरण को रोकता है
✗ C. यह तापमापी द्वारा शीघ्रता से शरीर का तापमान मापने में सहायक होता है
✓ D. यह बल्ब को कक्षीय वायु के [illegible]

Railway BABA
Join: @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, WAN की विशेषता का सही वर्णन करता है?

Ans

✗ A. WAN हमेशा पब्लिक नेटवर्क होते हैं जिन्हें केवल इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) मैनेज करते हैं

✗ B. WAN, 1 से 2km के रेडियस में डिवाइस को कनेक्ट करने तक ही सीमित हैं

✗ C. WAN सामान्यतः दूरस्थ LAN को कनेक्ट करने के लिए केवल वायरलेस मीडिया का उपयोग करते हैं

✓ D. WAN को वायर्ड या वायरलेस लिंक के माध्यम से अनेक LAN को कनेक्ट करके बनाया जा सकता है

Q.40 निम्नलिखित में कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में सम्मुख दृश्य (front view) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans

✗ A. यह वस्तु की केवल एक विमा को दर्शाता है

✗ B. यह पार्श्व से देखने पर वस्तु की गभीरता और ऊंचाई को दर्शाता है

✗ C. यह वस्तु का केवल निचले या दाएं पार्श्व को दर्शाता है

✓ D. यह सामने से देखने पर वस्तु की ऊंचाई और चौड़ाई को दर्शाता है

Q.41 A, B, C, D, X, Y और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाईं ओर से गिनने पर, Y और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A, Y के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Z, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। X के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✓ A. A

✗ B. D

✗ C. C

✗ D. Y

Q.42 एक साइकिल सवार 60 मीटर उत्तर की ओर, फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर और अंत में 70 मीटर उत्तर की ओर साइकिल चलाता है। साइकिल सवार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans

✗ A. 150 मीटर

✗ B. 60 मीटर

✓ C. 210 मीटर

✗ D. 10 मीटर

Q.43 दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) A X T N K R Q K C P S I D F J U D O R G Z M B E L (दाएं)

दी गई अक्षर-श्रृंखला के दाएं छोर से चौथे अक्षर और बाएं छोर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans

✗ A. 4

✗ B. 5

✓ C. 6

✗ D. 3

Q.44 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 45 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60
बारंबारता	23	30	31	45	X

Ans

✗ A. 188

✗ B. 162

✓ C. 160

✗ D. 180

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.45 एक इंजीनियर कंट्रोल पैनल के लिए स्कीम मानचित्र को अपडेट कर रहा है और उसे एक सामान्यत: क्लोज्ड पुश बटन (closed push button) को दर्शाने की आवश्यकता है। कौन-सा तरीका यह सुनिश्चित करने के लिए सबसे उपयुक्त है कि मानक इंजीनियरिंग ड्राइंग का संदर्भ लेने वाले इंजीनियरों के बीच यह प्रतीक सार्वभौमिक रूप से सुबोध हो?

Ans
✗ A. स्कीम मानचित्र में नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के बारे में स्पष्टतया शब्दों में वर्णन करना
✗ B. नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के प्रतीक को सामान्य स्विच के प्रतीक से प्रतिस्थापित करना
✓ C. कन्वेंशनों के अनुसार, नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के लिए निर्धारित मानक प्रतीक का प्रयोग करना
✗ D. पुश बटन का हस्त निर्मित प्रतिरूप बनाना और उसके कार्य की व्याख्या युक्त एक नोट लिखना

Q.46 यदि $x + \frac{1}{x} = 5$ है, तो $\frac{x^3 - 5x^2 + 5x}{x^2 + 1}$ किसके बराबर है?

Ans
✓ A. $\frac{4}{5}$
✗ B. $\frac{2}{5}$
✗ C. $\frac{3}{5}$
✗ D. $\frac{1}{5}$

Q.47 P, Q तथा R तीन बल्लेबाज हैं। एक निश्चित मैच में उनके द्वारा बनाए गए रनों का अनुपात इस प्रकार था:

P : Q = 5 : 7 तथा Q : R = 2 : 3

यदि उन्होंने कुल 765 रन बनाए, तो R द्वारा बनाए गए रनों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 357
✗ B. 378
✗ C. 350
✗ D. 336

Q.48 एक व्यापारी ₹2,750 में एक मेज खरीदता है। वह पहले उस पर 28% की वृद्धि करके मूल्य अंकित करता है, फिर ग्राहक को 12% की छूट देता है। यदि ग्राहक विक्रय मूल्य पर 5% GST का भी भुगतान करता है, तो व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत (GST को छोड़कर) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 15.12 %
✗ B. 10.36 %
✗ C. 13.81 %
✓ D. 12.64 %

Q.49 एक इंजीनियरिंग फर्म को एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए तकनीकी ड्राइंग का एक सेट तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। क्लाइंट की शर्त है कि सभी घटक, ड्राइंग के पैमाने को कम किए बिना एक ही शीट पर फिट होने चाहिए, और अभीष्ट ड्राइंग का कुल क्षेत्रफल लगभग 1 वर्ग मीटर है। मानक ड्राइंग शीट साइज़ के आधार पर, फर्म को इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कौन-सी शीट का चयन करना चाहिए?

Ans
✗ A. A1 साइज़ शीट
✓ B. A0 साइज़ शीट
✗ C. A3 साइज़ शीट
✗ D. A2 साइज़ शीट

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MDB PHE SLH VPK ?

Ans
✗ A. ZUO
✓ B. YTN
✗ C. XSM
✗ D. ZTM

Railway BABA

Q.51 एक तकनीशियन को रूम हीटर के लिए फ्यूज तार का चयन करना है। विद्युत धारा के तापन प्रभाव के आधार पर सुरक्षा के लिए किस गुणधर्म को सबसे महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए?

Ans
✔ A. अतिरिक्त धारा के दौरान परिपथ को विच्छेदित करने के लिए फ्यूज तार का गलनांक निम्न होना चाहिए।
✘ B. दक्ष शीतलन के लिए फ्यूज तार का पृष्ठ चमकदार होना चाहिए।
✘ C. पिघलने से रोकने के लिए फ्यूज तार को उच्च प्रतिरोध वाला और मोटा होना चाहिए।
✘ D. फ्यूज तार के चिरस्थायित्व के लिए उच्च गलनांक होना चाहिए।

Q.52 निम्नलिखित में से कौन-सा, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का सर्वोत्तम उदाहरण है?

Ans
✘ A. अस्पताल का बायोमेडिकल अपशिष्ट
✘ B. औद्योगिक प्रक्रिया अपशिष्ट
✔ C. घरेलू रसोई का कचरा
✘ D. खनन पुच्छन

Q.53 संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करते हुए कूट का सही संयोजन ही आपका उत्तर है।
नोट: यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो तालिका में दिए गए अनुसार संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक	3	@	8	4	$	&	2	%	#	1	+	9	7	5
कूट	U	G	B	K	M	F	X	R	E	Q	S	C	V	T

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक विषम संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट आपस में बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि द्वितीय और तृतीय दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तृतीय अवयव को द्वितीय अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
& 8 $ 9 5

Ans
✘ A. FCBMT
✘ B. TCMBF
✘ C. FBMCT
✔ D. TBMCF

Q.54 G, Y की माता है। Y, V की बहन है। S, L का पिता है। L, V का पुत्र है। G और L का क्या संबंध है?

Ans
✘ A. माता की बहन
✘ B. बहन
✘ C. माता
✔ D. माता की माता

Q.55 पाइप A और B एक टंकी को क्रमशः 8 घंटे और 12 घंटे में पूर्ण रूप से भर सकते हैं। टंकी एक-चौथाई भरी हुई है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो टंकी के शेष भाग को भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
✔ A. 3 घंटे 36 मिनट
✘ B.
3 घंटे 16 मिनट
✘ C.
3 घंटे 26 मिनट
✘ D.
3 घंटे 6 मिनट

Railway BABA

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर SANZ का संबंध एक निश्चित तरीके से YUTT से है। उसी प्रकार, MTHM का संबंध SNNG से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LJRE का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✔ A. RDXY
- ✘ B. QEYZ
- ✘ C. REXZ
- ✘ D. QDYY

Q.57 तकनीकी ड्राइंग में एकल स्ट्रोक अक्षरांकन की प्रमुख विशेषता क्या होती है?

Ans
- ✘ A. प्रत्येक अक्षर को ड्राइंग बनाने के बाद छायांकित किया जाता है
- ✘ B. प्रत्येक अक्षर की आउटलाइन बनाई जाती है और फिर उसे भरा जाता है
- ✔ C. प्रत्येक अक्षर एक ही सतत स्ट्रोक से बनाया जाता है
- ✘ D. प्रत्येक अक्षर कई समानांतर रेखाओं से बना होता है

Q.95 चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि हुई है। मनोज अपनी आय से चीनी पर होने वाले व्यय में केवल 15% की वृद्धि कर सकता है। अपने व्यय को संतुलित करने के लिए, उसे चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए?

Ans
✔ A. $4\frac{1}{6}\%$
✘ B. $5\frac{1}{3}\%$
✘ C. 5%
✘ D. 6.5%

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.96 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZOT - TLP
NIL - HFH

Ans
✔ A. BCD - VZZ

✘ B.
VZZ - BCD

✘ C.
ABD - VZZ

✘ D.
BOC - VZT

Q.97 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त घनाभ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✘ A. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसके सभी फलक समांतर चतुर्भुज होते हैं, परंतु उनका आयत होना आवश्यक नहीं है

✔ B. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसमें छह आयताकार फलक होते हैं और सम्मुख फलक बराबर होते हैं

✘ C. घनाभ के सभी फलक समान आमाप के वर्ग के रूप में होते हैं

✘ D. घनाभ की सभी भुजाएं और कोण बराबर होते हैं, जिस कारण यह घन के समान होता है

Q.98 दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) A X T N K R Q K C P S I D F J U D O R G Z M B E L (दाएं)

दी गई अक्षर-श्रृंखला के दाएं छोर से चौथे अक्षर और बाएं छोर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans
✔ A. 6

✘ B. 5

✘ C. 3

✘ D. 4

Q.99 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?

Ans
✘ A. (14, 28)

✔ B. (17, 54)

✘ C. (21, 33)

✘ D. (28, 49)

Q.100 एक पंप एक टंकी को 3 घंटे में भर सकता है। टंकी में रिसाव के कारण, उसे भरने में 4.5 घंटे लगते हैं। यदि कोई अन्य प्रवेश या निकास मार्ग खुला न हो, तो पूरी भरी हुई टंकी रिसाव से कितने समय में खाली हो सकती है?

Ans
✔ A. 9 घंटे

✘ B. 8 घंटे

✘ C. 6 घंटे

✘ D. 7 घंटे

Section : **PART-B**

Q.1 CNC लेथ पर छोटे से लंबे टूल में बदलते समय, मशीनन यथार्थता बनाए रखने के लिए कौन-सा समायोजन करना चाहिए?

Ans
✘ A. वर्क टेबल ऑफसेट मान को अद्यतन करना

✘ B. स्पिंडल फीड दर को समायोजित करना

✔ C. टूल लंबाई के ऑफसेट मान को अद्यतन करना

✘ D. एक भिन्न पार्ट प्रोग्राम का चयन करना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.2 2 kW पावर रेटिंग वाली एक मशीन निरंतर 5 घंटों के लिए प्रचालित होती है। इस अवधि के दौरान मशीन द्वारा कुल कितनी विद्युत ऊर्जा की खपत होती है?

Ans

✗ A. 2.5 kWh

✓ B. 10 kWh

✗ C. 0.4 kWh

✗ D. 7 kWh

Q.3 मिलिंग ऑपरेशन (milling operation) के दौरान, स्पिंडल का कौन-सा पहलू वर्कपीस पर सटीक मशीनन और पृष्ठ परिसज्जा सुनिश्चित करता है?

Ans

✗ A. केवल स्नेहित स्पिंडल बेयरिंग का उपयोग करना

✗ B. स्पिंडल चाल को अनुशंसित स्तर से अधिक बढ़ाना

✗ C. बड़े कर्तकों के लिए हेवी-ड्यूटी स्पिंडल का उपयोग करना

✓ D. स्पिंडल का उचित संरेखण और न्यूनतम अधिधाव

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, CNC VMC प्रोग्रामिंग में वर्क ऑफसेट सेट करने के उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✗ A. एक वर्क ऑफसेट, यथार्थ मशीनिंग के लिए CNC VMC में प्रोग्राम सेटअप (program setup) के दौरान टूल की लंबाई को संशोधित करता है।

✓ B. एक वर्क ऑफसेट (work offset), यथार्थ मशीनिंग के लिए मशीन जीरो और पार्ट जीरो के बीच के संबंध को स्थापित करता है।

✗ C. एक वर्क ऑफसेट का उपयोग यथार्थ मशीनिंग के लिए विशेष रूप से CNC VMC में टूल परिवर्तन (tool change) प्रचालन के दौरान किया जाता है।

✗ D. एक वर्क ऑफसेट, यथार्थ मशीनिंग (accurate machining) के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक टूल के लिए CNC मशीन की होम पोजीशन को परिवर्तित करता है।

Q.5 लागत-निर्धारण के संदर्भ में 'मशीन-घंटा दर (machine hour rate)' का क्या अर्थ है?

Ans

✗ A. एक वर्ष के लिए आवंटित मशीन-संबंधी कुल लागत

✗ B. प्रति मशीन दिन अर्जित कुल प्रचालन लाभ

✗ C. प्रति शिफ्ट अर्जित कुल मशीन-जनित संप्राप्ति

✓ D. प्रति मशीन घंटे पर लगने वाली फैक्ट्री उपरिव्यय लागत

Q.6 फिट (fits) में BIS सहिष्णुता संकेतन, शैफ्ट पदनाम से पहले छिद्र पदनाम (hole designation) को क्यों निर्दिष्ट करता है?

Ans

✓ A. फिट के लिए उपयोग किए जाने वाले छिद्र आधारित या शैफ्ट आधारित संबंध को इंगित करने के लिए

✗ B. छिद्र से पहले शैफ्ट के सहिष्णुता परिमाण को निर्दिष्ट करने के लिए

✗ C. मापन के दौरान निरीक्षण अनुक्रम की पहचान करने के लिए

✗ D.
मशीनन के बाद प्राप्त वास्तविक साइज़ को निरूपित करने के लिए

Q.7 CNC VMC मशीनों के संवृत-लूप नियंत्रण में एन्कोडर जैसे फीडबैक डिवाइस का महत्व क्या है?

Ans

✓ A. यह नियंत्रक को मशीनिंग के दौरान उपकरण की गति में त्रुटियों को सुधार करने की सुविधा प्रदान करता है।

✗ B.
यह सूचना हेतु प्रचालक के लिए स्क्रीन पर स्थिति की जानकारी प्रदर्शित करता है।

✗ C.
यह स्पिंडल की प्रारंभिक चाल निर्धारित करता है लेकिन उसकी स्थिति की निगरानी नहीं करता है।

✗ D.
यह अपनी चाल को समायोजित करने के लिए मशीन से किसी भी फीडबैक के बिना स्वतंत्र रूप से प्रचालित होता है।

Q.8 कर्तन के दौरान त्वरित ताप परिवर्तन से किस पदार्थ के प्रभावित होने की संभावना न्यूनतम है?

Ans

✗ A. सिरेमिक टूल सामग्री

✓ B.
उच्च-चाल इस्पात (HSS)

✗ C.
ढलवां मिश्रधातु इस्पात

✗ D.
कार्बन टूल इस्पात

Railway BABA

Q.9 उपकरणों का नियमित निरीक्षण क्यों किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. नियमित निरीक्षण चेकलिस्ट को शेड्यूल के भीतर पूर्ण करने के लिए

✗ B. अनुरक्षण अभिलेख और प्रलेखन प्रयासों को कम करने के लिए

✓ C. बड़ी विफलता होने से पूर्व संभावित समस्याओं की पहचान करने के लिए

✗ D. मशीन आउटपुट और उत्पादन दक्षता में वृद्धि करने के लिए

Q.10 किसी भ्रमिकर्तन प्रचालन (milling operation) में, वास्तविक चक्र काल, प्राक्कलित चक्र काल से अधिक है। यदि सभी अन्य मापदंड अपरिवर्ती रहते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कारक इस विसंगति का सबसे संभावित कारण है?

Ans

✗ A. प्रचालन के दौरान पदार्थ के गुण समान रहते हैं

✗ B. मशीन की स्पीड सदैव स्थिर रहती है

✓ C. बार-बार उपकरण को बदलना, विलंब का कारण बन रहा है

✗ D. प्रचालक कौशल अपरिवर्तित है

Q.11 किसी ऐसे परिदृश्य में जहां किसी CNC वर्टिकल मशीनिंग सेंटर को विस्तारित प्रोडक्शन रन के दौरान अत्यंत सख्त सह्यता बनाए रखने की आवश्यकता हो, तो प्रोग्राम किए गए टूल पथ से विचलनों की पहचान करने और उन्हें रिपोर्ट करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा संवृत-लूप नियंत्रण (closed-loop control) घटक प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी है?

Ans

✗ A. शीतलक वितरण यूनिट (Coolant distribution unit)

✓ B. स्थितिक पुनर्निवेश ट्रांसड्यूसर (Position feedback transducer)

✗ C. स्पिंडल मोटर ड्राइव (Spindle motor drive)

✗ D. विद्युत प्रदाय मॉड्यूल (Power supply module)

Q.12 कार्बाइड ड्रिल (carbide drill) के लिए सबसे उपयुक्त अनुप्रयोग कौन-सा है?

Ans

✗ A. केवल लकड़ी की वस्तुओं में ड्रिलिंग

✗ B. मैन्युअल धातु का बंकन

✓ C. कठोर पदार्थों की उच्च-चाल मशीनन

✗ D. प्लास्टिक पदार्थों की आंतरिक सतहों की फिनिशिंग

Q.13 एक विवृत-लूप CNC नियंत्रण प्रणाली (open-loop CNC control system) में, मशीनन के दौरान लोड विक्षोभ आने पर क्या होता है?

Ans

✗ A. प्रणाली ऑपरेटर को रोकने के लिए एक अलार्म भेजती है

✗ B. प्रणाली स्वतः विक्षोभ की क्षतिपूर्ति कर देती है

✗ C. त्रुटि को समायोजित करने के लिए प्रणाली मंद हो जाती है

✓ D. प्रणाली त्रुटि का संसूचन नहीं कर सकती है या उसे ठीक नहीं कर सकती है

Q.14 परिशुद्ध स्थिति मापन के लिए, CNC VMC मशीनों में सर्वाधिक किस प्रकार के एनकोडर का उपयोग किया जाता है?

Ans

✗ A. ऑप्टिकल सेंसर (Optical sensor)

✗ B. लीनियर एनकोडर (Linear encoder)

✗ C. लिमिट स्विच (Limit switch)

✓ D. रोटरी एनकोडर (Rotary encoder)

Q.15 निम्नलिखित में से किस परिदृश्य में लंबकोणीय प्रक्षेप में एकाधिक सहायक दृश्यों (auxiliary views) के उपयोग की आवश्यकता होती है?

Ans

✗ A. एक बेलन जिसका अक्ष सभी तलों के लंबवत हो।

✓ B. एक भाग जिसकी कई पृष्ठ अलग-अलग कोणों पर आनत हों।

✗ C. एक वस्तु जिसके सभी पृष्ठ, मुख्य तलों के समानांतर हों।

✗ D. एक आयताकार खंड जिसकी फलक पूरी तरह से सपाट और सीधी हों।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.16 यदि बेंच वाइस (bench vice) में क्लैम्पिंग दाब असमान है, तो सबसे पहले कौन-सा अनुरक्षण चरण निष्पादित किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. हैंडल की लंबाई कम करना

✗ B.
संपूर्ण वाइस को प्रतिस्थापित करना

✗ C.
स्नेहन मात्रा में वृद्धि करना

✓ D.
जबड़े के संरेखण की जाँच करना और माउंटिंग बोल्ट को कसना

Q.17 निवारक अनुरक्षण के दौरान, किसी CNC VMC में ATC की ग्रिपिंग भुजाओं (gripping arms) पर असामान्य निघर्षण देखा गया है। यदि इस निघर्षण को तुरंत ठीक नहीं किया जाता है, तो किस परिचालन समस्या के होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans

✗ A. ATC सही टूल नंबर पहचानने में विफल हो सकता है

✗ B. टूल बदलने के दौरान गलत स्पिंडल स्पीड का चयन किया जा सकता है

✓ C. टूल गिर सकते हैं या स्पिंडल में सुरक्षित रूप से लोड होने में विफल हो सकते हैं

✗ D. टूल परिवर्तनों के दौरान शीतलक प्रदान नहीं किया जा सकेगा

Q.18 कार्यशाला में किस असुरक्षित पद्धति से विद्युत संबंधी दुर्घटनाएं हो सकती हैं?

Ans

✗ A. कार्य के दौरान सुरक्षा जूते पहनना

✗ B. स्विच का प्रचालन करते समय सूखे हाथों का उपयोग करना

✗ C. उपस्कर का उपयोग करने से पहले वोल्टता की जांच करना

✓ D. मशीनों पर सुरक्षा अंतःपाश को बायपास करना

Q.19 लोहाकाट आरी फलक की पिच (प्रति इंच दंतों की संख्या) उसकी कर्तन की क्षमता को कैसे प्रभावित करती है?

Ans

✗ A. पिच केवल कर्तन के दौरान ऊष्मा उत्पादन को प्रभावित करती है

✗ B. सभी सामग्रियों के लिए स्थूलतर पिच बेहतर होता है

✗ C. पिच सामग्री केवल फलक के जीवनकाल को प्रभावित करती है

✓ D. सूक्ष्मतर पिच से अधिक मसृण कट प्राप्त होते हैं

Q.20 लोड के अधीन खराद की दृढ़ता को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक क्या है?

Ans

✗ A. बेड के ऊपर स्विंग

✗ B.
स्पिंडल बोर व्यास

✗ C.
स्पिंडल चाल रेंज

✓ D.
बेड की चौड़ाई और डिजाइन

Q.21 किस कार्य के लिए चौरस रेती (square file) की तुलना में अर्धगोल रेती (half round file) का उपयोग करना सबसे अधिक लाभकारी होगा?

Ans

✗ A. षट्कोणीय छिद्र (hexagonal hole) रूपित करने के लिए

✓ B. वक्रित खांच (curved groove) के संमिश्रण के लिए

✗ C. सपाट पृष्ठ (flat surface) के समतलन के लिए

✗ D. तीक्ष्ण कोना (sharp corner) बनाने के लिए

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.22 एक विद्यार्थी का दावा है कि V-ब्लॉक का उपयोग गोल जॉब (round jobs) की तरह ही सपाट जॉब (flat jobs) को पकड़ने के लिए प्रभावी रूप से किया जा सकता है। यह कथन गलत क्यों है?

Ans

✗ A. क्योंकि V-ब्लॉक केवल बृहत जॉब के लिए बनाए जाते हैं

✗ B.
क्योंकि V-ब्लॉक फ्लैट जॉब को क्षति पहुँचाते हैं

✓ C.
क्योंकि V-ब्लॉक में फ्लैट जॉब का पृष्ठ संपर्क कम होता है

✗ D.
क्योंकि फ्लैट जॉब अति-भारी होते हैं

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा, सामान्यतः मशीन के डाउनटाइम (downtime) का कारण नहीं है?

Ans

✗ A. अनुक्रमिका अनुरक्षण (Scheduled maintenance)

✓ B. निरंतर उत्पादन रन (Continuous production run)

✗ C.
उपकरण विफलता (Equipment failure)

✗ D. विद्युत प्रदाय अंतरायन (Power supply interruption)

Q.24 एक मशीनिस्ट, स्टील घटक के कठोरन (hardening) के बाद अगले चरण के रूप में टैम्परन (tempering) का चयन करता है। इस ऊष्मा उपचार प्रक्रिया में टैम्परन के परिणामस्वरूप किस गुण में सुधार होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans

✓ A. चीमड़पन बढ़ता है जबकि भंगुरता घटती है

✗ B. तन्यता कम होने के साथ कठोरता बढ़ती है

✗ C. सूक्ष्म कण संरचना के साथ सामर्थ्य घटता है

✗ D. तन्यता में बिना किसी परिवर्तन के कण का आकार बढ़ता है

Q.25 खराद मशीन पर ऐलुमिनियम मशीनन को बेहतर बनाने के लिए सामान्यतः किस तरल का उपयोग किया जाता है?

Ans

✗ A. शीतलक के रूप में शुद्ध जल

✗ B. संश्लेषित कर्तन तरल

✗ C. बिना योज्य वाला किरोसिन

✓ D. विलेय तेल-आधारित शीतलक

Q.26 खराद (lathe) का कौन-सा भाग, बेड के बाएं सिरे पर माउंट किया जाता है?

Ans

✗ A. कैरिज (Carriage)

✓ B. हेडस्टॉक (Headstock)

✗ C. टेलस्टॉक (Tailstock)

✗ D. टूल पोस्ट (Tool post)

Q.27 शुंडाकार खरादन (taper turning) के लिए टेलस्टॉक ऑफसेट विधि में, टेलस्टॉक का मुख्य कार्य क्या है?

Ans

✗ A. प्रचालन के दौरान स्पिंडल चाल को समायोजित करना

✗ B. टूल फीड की दिशा निर्धारित करना

✓ C. शुंडाकार बनाने के लिए संरेखण निर्धारित करना

✗ D. थ्रेडिंग प्रचालनों में सहायता करना

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, कुंडलिनी (helix) को एक सरल सर्पिल (spiral) से विभेदित करती है?

Ans

✗ A. कुंडलिनी एक संवृत लूप बनाती है, जबकि सर्पिल सदैव विवृतांत (open-ended) रहती है।

✓ B. कुंडलिनी एक अक्ष के परितः त्रि-विमीय रूप में विस्तारित होती है, जबकि सर्पिल एक तल में सपाट रहता है।

✗ C. कुंडलिनी और सर्पिल दोनों एकल तल (single plane) में होती हैं, लेकिन आकार में भिन्न होती हैं।

✗ D. कुंडलिनी सदैव एक ही बिंदु से शुरू होती है, जबकि सर्पिल ऐसा नहीं करती है।

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.29 CNC लेथ के प्रचालन के दौरान, टूल के अप्रत्याशित संचलन के कारण टूल, चक (chuck) के संपर्क में आ जाता है। इस संघट्ट से किस प्रकार की मशीन क्षति होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans

✔ A. चक जबड़ा विरूपण (Chuck jaw deformation)

✘ B. आधार कुसंरेखण (Bed misalignment)

✘ C. स्पिंडल बेयरिंग में विफलता (Spindle bearing failure)

✘ D. शीतलक रिसाव (Coolant leakage)

Q.30 प्रत्यगामी टेबल विधि का उपयोग करते समय, अपघर्षण पहिये के सापेक्ष पृष्ठ अपघर्षित्र टेबल (surface grinder table) का प्राथमिक संचलन क्या है?

Ans

✘ A. पार्श्व-पार्श्व रैखिक गति (Side-to-side linear motion)

✘ B. घूर्णी वर्तुल गति (Rotary circular motion)

✔ C. पश्च-अग्र रैखिक गति (Back-and-forth linear motion)

✘ D. ऊपर-नीचे ऊर्ध्वाधर गति (Up-and-down vertical motion)

Q.31 एक इस्पात प्लेट का द्रव्यमान 8.516 kg है। यदि इसका आयतन 1089 cm^3 है, तो इसका घनत्व (gm/cm^3 में) कितना होगा?

Ans

✘ A. 8.00

✘ B. 8.50

✔ C. 7.82

✘ D. 7.25

Q.32 फेस मिलिंग (face milling) प्रचालन में कर्तन के लिए मुख्यतः मिलिंग कटर (milling cutter) के कौन-से पार्ट उपयोग किए जाते हैं?

Ans

✘ A. कर्तक पार्श्व कोर (Cutter side edge)

✔ B. कर्तक फलक कोर (Cutter face edges)

✘ C. आर्बर शैफ्ट फलक (Arbor shaft face)

✘ D. मशीन स्पिंडल बॉडी (Machine spindle body)

Q.33 एक CNC टर्निंग सेंटर में, ऑपरेटर यह पाता है कि प्रोग्राम किए गए पुर्जे के तीक्ष्ण कोने स्वचालित रूप से एक लघु त्रिज्या के साथ मिश्रित हो जाते हैं। तीक्ष्ण कोनों को पुनः प्राप्त करने के लिए किस टूल कंपनसेशन सेटिंग की जाँच की जानी चाहिए?

Ans

✘ A. कर्तन के दौरान शीतलक दाब समायोजन

✘ B. परिसज्जन के दौरान स्पिंडल पावर सेटिंग

✘ C. टरेट में टूल परिवर्तन स्थिति

✔ D. वर्तमान टूल के लिए टूल त्रिज्या का ऑफसेट मान

Q.34 एक मशीनिस्ट यह अवलोकन करता है कि दीर्घकालीन उपयोग के बाद CNC लेथ की स्पिंडल मोटर (spindle motor) अतितापित हो जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए स्पिंडल ड्राइव सिस्टम के किस पहलू की प्राथमिक रूप से जांच की जानी चाहिए?

Ans

✘ A. स्नेहन प्रणाली स्थिति

✔ B. शीतलन तंत्र दक्षता

✘ C. विद्युत वायरिंग इंसुलेशन

✘ D. ड्राइव बेल्ट संरेखण

Q.35 जब किसी जॉब ड्राइंग की व्याख्या की जाती है, तो पारंपरिक निरूपण के आधार पर आप एक विपाटित पिन (split pin) को ठोस पिन (solid pin) से कैसे विभेदित कर सकते हैं?

Ans

✘ A. विपाटित पिन केंद्र डॉट वाले वृत्त की भांति दिखाई देता है

✘ B. विपाटित पिन निरूपण के लिए ज़िगज़ैग लाइनों का उपयोग करता है

✔ C. विपाटित पिन दृश्य अंतराल के साथ दो लेग्स दर्शाता है

✘ D. विपाटित पिन ड्राइंग में क्रॉसिंग लाइनों का उपयोग करता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.36 रीमर (reamer) को छिद्र से बाहर निकालते समय पीछे की ओर (उल्टा) क्यों नहीं घुमाना चाहिए?

Ans

✗ A. यह टूल के तापमान को कम करता है

✗ B.
इससे पृष्ठ के परिष्करण में सुधार होगा

✗ C. यह छीलन को बाहर निकलने से रोकता है

✓ D. यह कर्तन कोरों और यथार्थता को क्षति पहुंचाता है

Q.37 10 mm ट्विस्ट ड्रिल और 0.15 mm/rev की अनुशंसित फीड दी गई है, तो 20 परिक्रमणों के बाद कुल फीड क्या है?

Ans

✗ A. 0.75 मिलीमीटर

✗ B. 1.50 मिलीमीटर

✓ C. 3.00 मिलीमीटर

✗ D. 2.00 मिलीमीटर

Q.38 बेंच वाइस (bench vice) में स्पिंडल का मुख्य कार्य क्या है?

Ans

✓ A. घूर्णी गति को रैखिक गति में परिवर्तित करना

✗ B. जबड़ों की सुरक्षा करना

✗ C. वर्कपीस पर घर्षण बढ़ाना

✗ D. आधार को आलंब प्रदान करना

Q.39 यदि तप्त कार्य (hot work) के दौरान स्फुर अग्नि (flash fire) की घटना होती है, तो श्रमिक की तत्काल प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए?

Ans

✓ A. निकटतम फायर अलार्म को सक्रिय करना और आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार क्षेत्र को खाली करना

✗ B. कार्यशाला के जारी प्रचालनों में व्यवधान से बचने के लिए घटना को अस्थायी रूप से छिपाने का प्रयास करना

✗ C. अग्नि आपातकाल के प्रति कार्रवाई करने से पहले वर्तमान तप्त कार्य गतिविधि को पूरा करना

✗ D. आस-पास के श्रमिकों या पर्यवेक्षकों को सूचित करने से पहले अकेले ही स्फुर अग्नि के शमन का प्रयास करना

Q.40 यदि V-ब्लॉक की स्पर्शी पृष्ठ घिस जाएं, तो सबसे उचित कार्रवाई _____ है।

Ans

✗ A. निघर्षण को अनदेखा करना

✓ B. V-ब्लॉक को बदलना या पुनः मरम्मत करना

✗ C. पृष्ठ को पेंट करना

✗ D. क्लैम्पन बल को बढ़ाना

Q.41 कौन-सा पद किसी रेती (file) पर प्रति इंच दंतों की संख्या को संदर्भित करता है?

Ans

✗ A. पिच (Pitch)

✗ B. लंबाई (Length)

✗ C. आकार (Shape)

✓ D. कट (Cut)

Q.42 कठोर मिश्रधातु घटक में एक छिद्र परिष्कृति करने के लिए एक मशीनिस्ट की आवश्यकता होती है। किस परिवेधक पदार्थ (reamer material) का चयन किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. तांबा (Copper)

✗ B. पीतल (Brass)

✗ C. मृदु इस्पात (Mild Steel)

✓ D. कार्बाइड (Carbide)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.43 किस प्रकार की प्रवेधन मशीनों को विशेष रूप से एकाधिक स्पिंडल को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि एक ही समय में विभिन्न प्रवेधन कार्य किए जा सकें?

Ans

✔ A. गैंग प्रवेधन मशीन (Gang drilling machine)

✘ B. त्रिज्य प्रवेधन मशीन (Radial drilling machine)

✘ C. बेंच प्रवेधन मशीन (Bench drilling machine)

✘ D. उदग्र प्रवेधन मशीन (Upright drilling machine)

Q.44 CNC खराद पर अक्ष ओवर-ट्रैवल (axis over-travel) की समस्या का समाधान करने के बाद, प्रोग्राम को पुनः आरंभ करने से पहले कौन-सी कार्रवाई की जानी चाहिए?

Ans

✘ A. रेफरेंस जीरो रिटर्न (reference zero return) की उपेक्षा करें और मशीनिंग जारी रखें

✔ B. अक्ष की स्थिति सत्यापित करें और यदि आवश्यक हो, तो रेफरेंस जीरो रिटर्न (reference zero return) करें

✘ C. प्रोग्राम को वहीं से तुरंत रीस्टार्ट (Restart) करें जहाँ वह रुका था

✘ D. कार्यवस्तु (workpiece) को बदलें और एक नया सेटअप शुरू करें

Q.45 1:40 टेपर को कंपाउंड रेस्ट (compound rest) का उपयोग करके घुमाया जाता है। यदि वर्कपीस की लंबाई 200 mm है, तो अभीष्ट कंपाउंड रेस्ट कोण कितना होना चाहिए?

Ans

✘ A. 0.36 डिग्री

✘ B. 1.43 डिग्री

✔ C. 0.72 डिग्री

✘ D. 1.15 डिग्री

Q.46 प्रभाव कार्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले टूल के प्रघात प्रतिरोध को अधिकतम करने के लिए ऊष्मा उपचार प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। अभीष्ट गुण संवृद्धि प्राप्त करने के लिए कौन-सी प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए?

Ans

✘ A. टैम्परन के बिना मज्जशीतन

✔ B. मज्जशीतन के बाद टैम्परन

✘ C. उच्च ताप पर पूर्ण अनीलन

✘ D. ग्रेन संरचना को परिष्कृत करने के लिए नार्मलाइजन

Q.47 निर्धारित मानक के अनुसार, इंजीनियरिंग ड्राइंग शीट पर शीर्षक ब्लॉक कहां स्थित होना चाहिए?

Ans

✘ A. ऊपर दाईं ओर के कोने में

✘ B. ऊपर बाईं ओर के कोने में

✘ C. नीचे बाईं ओर के कोने में

✔ D. नीचे दाईं ओर के कोने में

Q.48 यदि एक मशीन-मिस्त्री को अलौह धातु को ग्राइंड करना है, तो किस प्रकार का ग्राइंडिंग व्हील उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त होगा?

Ans

✘ A. अलौह धातुओं के लिए एल्युमीनियम ऑक्साइड व्हील आदर्श है

✘ B. घनाकार बोरॉन नाइट्राइड व्हील अलौह धातुओं के लिए सर्वोत्तम है

✘ C. डायमंड व्हील का उपयोग अलौह धातुओं के लिए किया जाता है

✔ D. सिलिकॉन कार्बाइड व्हील, अलौह धातुओं के लिए उपयुक्त है

Q.49 एक मैकेनिक, भंडारण के बावजूद एक रेती पर जंग के धब्बे प्रेक्षित करता है। इस परिदृश्य में अनुरक्षण का कौन-सा चरण संभवतः छोड़ दिया गया था?

Ans

✘ A. एमरी वस्त्र से पॉलिश करना

✔ B.
भंडारण से पूर्व हल्के तेल का अनुप्रयोग करना

✘ C.
रेती के दंतों को तीक्ष्ण करना

✘ D.
प्लास्टिक के हैंडल का उपयोग करना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.50 एक मशीनिस्ट, प्रत्यक्ष इंडेक्सिंग (direct indexing) का उपयोग करके एक वर्कपीस को 8 बराबर भागों में विभाजित करना चाहता है। 24-छिद्र वाली प्लेट पर प्रत्येक विभाजन के बीच कितने छिद्र आगे बढ़ाए जाने चाहिए?

Ans

✗ A. प्रत्येक बार 2 छिद्र आगे बढ़ाना

✓ B. प्रत्येक बार 3 छिद्र आगे बढ़ाना

✗ C. प्रत्येक बार 6 छिद्र आगे बढ़ाना

✗ D. प्रत्येक बार 4 छिद्र आगे बढ़ाना

Q.51 इंजीनियरिंग ड्राइंग में सिंगल-स्ट्रोक अक्षरांकन (single-stroke lettering) के लिए किस ग्रेड की पेंसिल की अनुशंसा की जाती है?

Ans

✗ A. B ग्रेड

✓ B. HB ग्रेड

✗ C. F ग्रेड

✗ D. 2H ग्रेड

Q.52 स्ट्रैडल मिलिंग (straddle milling) प्रचालन के दौरान, मशीनन के बाद दोनों समानांतर पृष्ठों पर चैटर चिह्न प्रेक्षित किए जाते हैं। कौन-सा समायोजन इस दोष को कम करने की सर्वाधिक संभावना रखता है?

Ans

✗ A. टेबिल फीड (table feed) में काफी वृद्धि करना

✗ B. स्पिंडल स्पीड (spindle speed) को काफी हद तक बढ़ाना

✗ C. स्थूलतर फीड दर (coarser feed rate) का उपयोग करना

✓ D. आर्बर पर कटर ओवरहैंग (cutter overhang) को कम करना

Q.53 घटकों की प्राकृतिक विकृति (deterioration) उत्पादन को किस प्रकार से प्रभावित करती है?

Ans

✗ A. यह उत्पादन की स्पीड और प्रचालन दक्षता में सुधार करता है

✗ B. यह उत्पादन गतिविधियों के दौरान उपकरण के व्यवरोध काल को कम करता है

✓ C. इससे उत्पादन में और अधिक बधाएं और रुकावटें उत्पन्न होती हैं

✗ D. यह उपकरण के अनुरक्षण की आवश्यकताओं को समाप्त कर देता है

Q.54 यदि किसी घन का आयतन 3375 cm^3 है, तो इसकी एक भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 12 cm

✗ B. 20 cm

✓ C. 15 cm

✗ D. 18 cm

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा, बहु-बिंदु कर्तन टूल (multipoint cutting tool) है?

Ans

✗ A. प्रवेधन दंड (Boring bar)

✗ B. खराद टूल (Lathe tool)

✗ C. पृथक्कारी टूल (Parting tool)

✓ D. भ्रमि कर्तक (Milling cutter)

Q.56 एक प्रशिक्षु गलती से स्वचालित टूल चेंजर (tool changer) को सक्रिय कर देता है जबकि हाथ टरेट (turret) के पास है। पैनल कंट्रोल का उपयोग करके सबसे सुरक्षित तत्काल कार्रवाई क्या है?

Ans

✗ A. प्रोग्राम निष्पादन को रोकने के लिए साइकिल पॉज़ बटन (cycle pause button) दबाएं

✓ B. मशीन संचलन को तुरंत रोकने के लिए आपातकालीन स्टॉप (emergency stop) को सक्रिय करें

✗ C. ओवरराइड डायल (override dial) का उपयोग करके अक्षीय संचलन चाल को कम करें

✗ D. पैनल कंट्रोल पर मैनुअल मोड (manual mode) पर स्विच करें

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.57 एक मशीनिस्ट बेलनाकार ग्राइंडिंग के दौरान कार्यवस्तु के पृष्ठ पर आवधिक निशान का अवलोकन करता है। मशीन की शिथिलता और व्हील के संतुलन की जांच करने के बाद, यदि निशान बने रहते हैं, तो चैटर (chatter) को समाप्त करने के लिए किस समायोजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए?

Ans

✗ A. ग्राइंडिंग व्हील की फीड दर कम करना

✓ B. कार्यवस्तु सपोर्ट की दृढ़ता बढ़ाना

✗ C. मृदु ग्रेड वाले ग्राइंडिंग व्हील का उपयोग करना

✗ D. ग्राइंडिंग व्हील की चाल बढ़ाना

Q.58 जब कंपाउंड रेस्ट (Compound rest) को भ्रामी (Swiveling) करने के स्थान पर शुंडाकार खरादन संलग्नी (Taper turning attachment) का उपयोग किया जाता है, तो कौन-सी मशीनन क्षमता महत्वपूर्ण रूप से बढ़ जाती है?

Ans

✗ A. इससे टूल होल्डर हल्का हो जाता है, जिससे इसका प्रहस्तन आसान हो जाता है

✓ B. यह यथार्थ रूप से लंबे टेपरों के उत्पादन को सक्षम बनाता है

✗ C. यह कार्यवस्तु पर चूड़ी कर्तन करने की सुविधा प्रदान करता है

✗ D. यह कार्यवस्तु पदार्थ की कठोरता को कम करता है

Q.59 1 कैलोरी में कितने जूल होते हैं?

Ans

✗ A. 2.500 जूल

✗ B. 1.000 जूल

✓ C. 4.186 जूल

✗ D. 10.000 जूल

Q.60 जब वर्कपीस को केंद्रों के बीच सपोर्ट दिया जाता है और घुमाया जाता है, तब सिलिंड्रिकल ग्राइंडिंग की किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans

✓ A. ट्रैवर्स ग्राइंडिंग विधि (Traverse grinding method)

✗ B. एंड फ़ीड ग्राइंडिंग विधि (End feed grinding method)

✗ C. थ्रू-फ़ीड ग्राइंडिंग विधि (Through feed grinding method)

✗ D. इनफ़ीड सेंटर-लेस विधि (Infeed center-less method)

Q.61 भारी मिलिंग ऑपरेशन के लिए सेटअप करते समय, यह सुनिश्चित करना क्यों महत्वपूर्ण है कि ओवरआर्म (overarm) और रैम (ram) अपनी स्थिति पर सुरक्षित रूप से लॉक हों?

Ans

✓ A. कर्तन के दौरान अवांछित संचलन को रोकता है

✗ B. स्पिंडल की घूर्णी चाल को बढ़ाता है

✗ C. टेबल की ट्रैवल दूरी को बढ़ाता है

✗ D. शीतलक प्रवाह दर में सुधार करता है

Q.62 सिलेंडरिकल ग्राइंडर (cylindrical grinder) का कौन-सा भाग ग्राइंडिंग प्रचालन के दौरान वर्कपीस को होल्ड करता और घुमाता है?

Ans

✗ A. कैरिज (Carriage)

✓ B. हेडस्टॉक (Headstock)

✗ C. ग्राइंडिंग व्हील (Grinding wheel)

✗ D. टेलस्टॉक (Tailstock)

Q.63 एक समांतर चतुर्भुज कब एक आयत बन जाता है?

Ans

✗ A. जब चारों परिसीमा भुजाओं की लंबाई असमान हो जाती है

✗ B. जब दो आसन्न भुजाओं की लंबाई बराबर हो जाती है

✗ C. जब दोनों विकर्ण रेखाएँ लंबवत हो जाती हैं

✓ D. जब चारों आंतरिक कोण समकोण बन जाते हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.64 टूल्स को निघर्षण का प्रतिरोध करने और पुनरावर्ती प्रचालनों के दौरान विश्वसनीयता के साथ कार्य करने की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए ऊष्मा उपचार द्वारा सामान्यतः कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक बढ़ाया जाता है?

Ans
- ✗ A. मशीननीयता
- ✗ B. प्रत्यास्थता
- ✓ C. निघर्षण प्रतिरोध
- ✗ D. चीमड़पन

Q.65 पावर विफलता (power failure) के दौरान, कार्यशालाओं में सुरक्षित आवागमन के लिए सामान्यतः किस प्रकाश व्यवस्था का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. कार्य प्रकाश व्यवस्था (Task lighting)
- ✗ B. सजावटी प्रकाश व्यवस्था (Decorative lighting)
- ✗ C. परिवेश प्रकाश व्यवस्था (Ambient lighting)
- ✓ D. आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था (Emergency lighting)

Q.66 किसी CNC खराद के प्रचालन के समय, टूल के अप्रत्याशित संचलन के कारण वह चक (chuck) के संपर्क में आ जाता है। इस संघट्टन के कारण मशीन में किस प्रकार की क्षति होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans
- ✗ A. टूल परिवर्तन के दौरान टूल मैगजीन जैमिंग
- ✓ B. टरेट अपसरेखण या क्षति
- ✗ C. चक्र के दौरान अस्थिर स्पिंडल चाल
- ✗ D. CNC कंट्रोलर सॉफ्टवेयर त्रुटियाँ

Q.67 वर्टिकल मिलिंग प्रचालनों (vertical milling operations) के दौरान प्रभावी शीतलन और स्नेहन दोनों सुनिश्चित करने के लिए शीतलक द्रव (coolant fluid) का कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. मशीनन के दौरान सुगम दृश्यता के लिए शीतलक का रंग चमकीला होना चाहिए
- ✗ B. कार्यवस्तु को छीलन से बचाने के लिए शीतलक में फेन उत्पन्न करने की क्षमता होनी चाहिए
- ✗ C. मशीन सुरक्षा के लिए शीतलक में उच्च विद्युत चालकता होनी चाहिए
- ✓ D. मशीनन के लिए शीतलक में उपयुक्त श्यानता और ऊष्मीय चालकता होनी चाहिए

Q.68 स्लॉटिंग मशीन पर कीवे (keyways) के कर्तन के लिए सामान्यतः किस टूल का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. फॉर्म्ड टूल टाइप (Formed tool type)
- ✗ B. डायमंड पॉइंट टूल (Diamond point tool)
- ✓ C. सिंगल पॉइंट टूल (Single point tool)
- ✗ D. राउंड नोज टूल (Round nose tool)

Q.69 CNC VMC मिलिंग के दौरान, एक ऑपरेटर को ऊष्मा-संवेदी कार्य के लिए स्पिंडल शुरू करने से पहले मशीन को शीतलक प्रवाह सक्रिय करने के लिए प्रोग्राम करना चाहिए। कर्तन क्षेत्र में शीतलक वितरित को सुनिश्चित करने के लिए स्पिंडल शुरू करने से पहले कौन-सा ISO M कोड प्रोग्राम किया जाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. M05
- ✗ B. M09
- ✓ C. M08
- ✗ D. M03

Q.70 सिलिंडरी अपघर्षण प्रचालन के दौरान, एक प्रचालक वर्कपीस के पृष्ठ पर निकट अंतराली वाले, पुनरावर्ती चिह्नों का प्रेक्षण करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा इन चैटर चिह्नों के निर्माण के लिए सर्वाधिक उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. गलत कार्य स्पीड जिसके कारण दग्ध होते हैं
- ✓ B. शिथिल स्पिंडल बेयरिंग जिसके कारण कंपन होता है
- ✗ C. व्हील पर अत्यधिक शीतक प्रवाह
- ✗ D. व्हील लोडिंग जिसके परिणामस्वरूप ग्लेजन होता है

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.71 किसी कार्यशाला में विद्युत जोखिमों से बचने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा PPE उपयुक्त होता है?

Ans

✗ A. सूती दस्ताने

✗ B. लेटेक्स दस्ताने

✓ C. रोधी दस्ताने

✗ D. चमड़े के दस्ताने

Q.72 एक पंचर प्ररूप स्लॉटर (puncher type slotter) में, कर्तन टूल का प्राथमिक संचलन क्या है?

Ans

✗ A. विकर्णतः गतिमान

✓ B.
ऊर्ध्वाधर रूप से प्रत्यागामी

✗ C.
क्षैतिज रूप से घूर्णी

✗ D.
वृत्तों में दोलनी

Q.73 मशीनों की मरम्मत के लिए अनुरक्षण कर्मचारियों की प्रतीक्षा करने के कारण एक उत्पादन लाइन में बार-बार विलंब होता है। एक मशीनिस्ट के तौर पर, इस परिदृश्य में व्यवरोध काल (down time) को न्यूनतम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्रियात्मक परिवर्तन सबसे उपयुक्त होगा?

Ans

✗ A. अनुरक्षण कर्मचारियों की उपलब्धता के अनुसार शिफ्ट्स को पुनर्निर्धारित करना

✗ B. उपलब्ध अनुरक्षण कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करना

✗ C. मरम्मत के लिए मशीन वारंटी करारों का विस्तार करना

✓ D. नियमित अनुरक्षण कार्यों के लिए ऑपरेटरों को प्रशिक्षित करना

Q.74 एक मशीनिस्ट, सरल इंडेक्सिंग का उपयोग करके 20 दंतों वाला गियर बनाना चाहता है। मानक 40:1 विभाजक हेड पर किस सेटिंग का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. 10 पूर्ण घूर्णन

✗ B. 4 पूर्ण घूर्णन

✗ C. 5 पूर्ण घूर्णन

✓ D. 2 पूर्ण घूर्णन

Q.75 प्लेट कैम (plate cam) का उत्पादन करते समय, विनिर्माण के दौरान टेम्पलेट (template) या पैटर्न का उपयोग करना क्यों आवश्यक है?

Ans

✗ A. यह कैम विनिर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री की कठोरता को बढ़ाता है

✗ B. यह सुनिश्चित करता है कि ऊष्मा उपचार प्रक्रिया के कारण आवलन न हो

✓ C. यह सुनिश्चित करता है कि कैम परिच्छेदिका, आवश्यक परिच्छेदिका के अनुसार परिशुद्ध रूप से पुनरुत्पादित हो

✗ D. यह प्रक्रिया को गति देता है और मिलिंग के लिए सही सेटअप सुनिश्चित करता है

Railway BABA

"

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन - ०१/२०२५ - CEN - 01/2025

सहायक लोको पायलट की भर्ती/ Recruitment of Assistant Loco Pilot

सत्यमेव जयते

Test Date	28/07/2026
Test Time	2:30 PM - 5:00 PM
Subject	ALP Stage 2 Mechanic Diesel

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **PART-A**

Q.1 **कुछ रासायनिक प्रशीतक-द्रव्यों को प्रतिबंधित करने से ओजोन परत को होने वाली क्षति में प्रभावी रूप से कमी क्यों आती है?**

Ans
- ✗ A. प्रशीतक-द्रव्य, ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे ओजोन पुनःप्राप्ति में सहायता मिलती है।
- ✓ B. प्रशीतक-द्रव्य ऐसे पदार्थ मुक्त करते हैं जो ओजोन विघटन को उत्प्रेरित करते हैं।
- ✗ C. प्रशीतक-द्रव्यों में ऐसे कण होते हैं जो हानिकारक UV प्रकाश को अवशोषित करते हैं।
- ✗ D. प्रशीतक-द्रव्य, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित करते हैं जो समतापमंडल को गर्म करती हैं।

Q.2 **कंप्यूटर सिस्टम में सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) की प्राथमिक भूमिका क्या है?**

Ans
- ✓ A. प्रोग्राम अनुदेशों को निष्पादित करना
- ✗ B. नेटवर्क कनेक्शनों को प्रबंधित करना
- ✗ C. स्क्रीन पर आउटपुट प्रदर्शित करना
- ✗ D. दीर्घकालिक डेटा संग्रहीत करना

Q.3 **निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी मुख्य पर्यावरणीय चुनौतियों का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans
- ✗ A. तापीय प्रदूषण और प्रभावी कम्पोस्टिंग
- ✗ B. तीव्र जैवनिम्नीकरण और रासायनिक निक्षालन
- ✗ C. निष्प्रभावन और आसान पुनर्चक्रण
- ✓ D. पर्यावरण में दीर्घस्थायित्व और माइक्रोप्लास्टिक निर्माण

Q.4 **दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।**

कथन:
सभी रग, पंखे हैं।
कोई भी पंखा, कार नहीं है।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, कारें हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ पंखें, रग हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.5 एक अंतरिक्ष यात्री का पृथ्वी पर भार 600 N है। चंद्रमा मिशन के दौरान, वह चंद्रमा पर अपना वजन मापने के लिए एक प्रयोग करती है। कौन-सा मान, चंद्रमा पर उसके अनुमानित भार के सबसे सन्निकट है, और क्यों?

Ans

✗ A. 300 N, क्योंकि चंद्रमा का गुरुत्व, पृथ्वी के गुरुत्व का लगभग आधा होता है।

✗ B. 200 N, क्योंकि चंद्रमा का गुरुत्व, पृथ्वी के गुरूत्व का लगभग एक-तिहाई होता है।

✓ C. 100 N, क्योंकि चंद्रमा का गुरूत्व, पृथ्वी के गुरूत्व का लगभग $\frac{1}{6}$ होता है।

✗ D. 600 N, क्योंकि चंद्रमा पर किसी भी व्यक्ति का भार अपरिवर्तित रहता है।

Q.6 एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु 7 cm ऊँचा है, तथा इसके आधार की त्रिज्या 22.2 cm है। इसे पिघलाकर एक लंब वृत्तीय शंकु बनाया जाता है, जिसकी आधार त्रिज्या 3.7 cm है। तब शंकु की ऊँचाई (cm में) _____ है।

Ans

✗ A. 159

✗ B. 185

✗ C. 267

✓ D. 252

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 7 20 61 ?

Ans

✓ A. 182

✗ B. 185

✗ C. 181

✗ D. 183

Q.8 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
11, 22, 44, 88, 176, ?

Ans

✓ A. 352

✗ B. 356

✗ C. 342

✗ D. 358

Q.9 एक प्रश्न और उसके बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 छड़ों, B, U, N, M और D में से, जहाँ सभी की लंबाई अलग-अलग है, सबसे छोटी छड़ कौन-सी है?
(I) D, U से छोटी है। M, B से छोटी है।
(II) M, D से बड़ी है।

Ans

✓ A. कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

✗ B. कथन I और II एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

✗ C. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

✗ D. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Q.10 इंजीनियरिंग ड्राइंग में पार्श्व दृश्य (side view) का सबसे सटीक वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans

✗ A. यह वस्तु के सभी दृश्यों का संयोजन दर्शाता है

✗ B. यह वस्तु को ऊपर या नीचे से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है

✗ C. यह वस्तु को सम्मुख रूप से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है

✓ D. यह वस्तु को बाएं या दाएं पार्श्व से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.11 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZOT - TLP
NIL - HFH

Ans
✗ A. ABD - VZZ

✓ B.
BCD - VZZ

✗ C.
BOC - VZT

✗ D.
VZZ - BCD

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त घनाभ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✓ A. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसमें छह आयताकार फलक होते हैं और सम्मुख फलक बराबर होते हैं

✗ B. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसके सभी फलक समांतर चतुर्भुज होते हैं, परंतु उनका आयत होना आवश्यक नहीं है

✗ C. घनाभ के सभी फलक समान आमाप के वर्ग के रूप में होते हैं

✗ D. घनाभ की सभी भुजाएं और कोण बराबर होते हैं, जिस कारण यह घन के समान होता है

Q.13 G, Y की माता है। Y, V की बहन है। S, L का पिता है। L, V का पुत्र है। G और L का क्या संबंध है?

Ans
✗ A. माता की बहन

✓ B. माता की माता

✗ C. माता

✗ D. बहन

Q.14 दी गई अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) A X T N K R Q K C P S I D F J U D O R G Z M B E L (दाएं)

दी गई अक्षर-शृंखला के दाएं छोर से चौथे अक्षर और बाएं छोर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 4

✗ B. 3

✓ C. 6

✗ D. 5

Q.15 एक इंजीनियरिंग फर्म को एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए तकनीकी ड्राइंग का एक सेट तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। क्लाइंट की शर्त है कि सभी घटक, ड्राइंग के पैमाने को कम किए बिना एक ही शीट पर फिट होने चाहिए, और अभीष्ट ड्राइंग का कुल क्षेत्रफल लगभग 1 वर्ग मीटर है। मानक ड्राइंग शीट साइज़ के आधार पर, फर्म को इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कौन-सी शीट का चयन करना चाहिए?

Ans
✗ A. A2 साइज़ शीट

✗ B. A1 साइज़ शीट

✗ C. A3 साइज़ शीट

✓ D. A0 साइज़ शीट

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.16 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

6 – 16 – 23 – 32; 7 – 19 – 26 – 35

Ans
✗ A. 4 – 14 – 21 – 30
✗ B. 11 – 31 – 38 – 29
✗ C. 8 – 22 – 15 – 24
✓ D. 12 – 34 – 41 – 50

Q.17 निम्नलिखित में कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में सम्मुख दृश्य (front view) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ A. यह वस्तु का केवल निचले या दाएं पार्श्व को दर्शाता है
✗ B. यह वस्तु की केवल एक विमा को दर्शाता है
✓ C. यह सामने से देखने पर वस्तु की ऊंचाई और चौड़ाई को दर्शाता है
✗ D. यह पार्श्व से देखने पर वस्तु की गभीरता और ऊंचाई को दर्शाता है

Q.18 सड़क पर यात्रियों को किलोमीटर प्रस्तर (kilometer stone) क्या जानकारी प्रदान करता है?

Ans
✓ A. एक संदर्भ बिंदु से दूरी
✗ B. वाहन की चाल
✗ C. यात्रा की दिशा
✗ D.
गंतव्य तक पहुंचने में लगने वाला समय

Q.19 मान लीजिए C एक वृत्त है, तथा AB और DE वृत्त C पर दो जीवाएँ इस प्रकार हैं कि AB = BE है। चतुर्भुज ABED में, मान लीजिए AE और BD, F पर प्रतिच्छेद करते हैं, ∠DBE = 55° और ∠BAE = 40° है। ∠FED ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 110°
✗ B. 60°
✓ C. 45°
✗ D. 55°

Q.20 श्रीनू अपने घर से ड्राइव करना आरंभ करता है और दक्षिण की ओर 2 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह फिर दाएं मुड़ता है और दोबारा दाएं मुड़ने तथा 4 km आगे ड्राइव करने से पहले 6 km ड्राइव करता है। श्रीनू अंत में दाएं मुड़ता है और अपने ऑफिस पर रुकने से पहले 4 km ड्राइव करता है। श्रीनू को अपने घर वापस पहुँचने के लिए किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ A. पूर्व
✗ B. पश्चिम
✗ C. उत्तर
✗ D. दक्षिण

Q.21 यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान नियत रखते हुए उसकी ऊँचाई को दोगुना कर दिया जाए, तो उसकी गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा _____।

Ans
✓ A. दोगुनी हो जाएगी
✗ B. घटकर एक-चौथाई
✗ C. आधी हो जाएगी
✗ D. अपरिवर्तित रहेगी

Railway BABA

Q.22 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।)

(बाएँ) Q K Q N X K G G V M L A W T W K N G V (दाएँ)

ऐसे कितने व्यंजन हैं जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद एक व्यंजन है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✓ C. एक
- ✗ D. दो

Q.23 कार्यशाला खराद (lathe) का उपयोग करने के बाद उसकी सफाई करते समय क्षति से बचने के लिए कौन-सा उपकरण सुरक्षा उपाय सर्वोत्तम है?

Ans
- ✓ A. खराद से धातु के छीलन को हटाने के लिए ब्रश का उपयोग करना
- ✗ B. खराद से धातु की धूल हटाने के लिए रैग का उपयोग करना
- ✗ C. खराद के चारों ओर संपीड़ित वायु से छीलन को उड़ाना
- ✗ D. धातु के छीलन को सीधे नग्न हाथों से पोंछना

Q.24 एक 42-लीटर विलयन में चीनी और पानी का अनुपात 2 : 5 है। यदि वाष्पीकरण के कारण विलयन का आयतन 35% कम हो जाता है और केवल पानी वाष्पित होता है, तो चीनी और पानी का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 40 : 51
- ✗ B. 40 : 41
- ✗ C. 31 : 50
- ✗ D. 51 : 42

Q.25 इंजीनियरिंग शीट पर बार-बार 67° के कोण बनाते समय, कौन-सा तरीका संचयी संरेखण त्रुटियों को न्यूनतम करने में सबसे अधिक सहायक होता है?

Ans
- ✗ A. मध्यवर्ती सत्यापन किए बिना सतत रूप से सभी कोण आरेखित करना
- ✓ B. सभी पुनरावृत्त कोणों के लिए एक ही निर्देश रेखा का उपयोग करना
- ✗ C. अंतिम रूप देने से पहले पेंसिल द्वारा सभी कोणों को हल्के से चिह्नित करना
- ✗ D. सभी कोणों के लिए केवल प्रारंभिक चांदा संरेखण पर निर्भर रहना

Q.26 एक साइकिल सवार 52 किलोमीटर चिह्नित पत्थर से 79 किलोमीटर चिह्नित पत्थर तक की यात्रा करता है। साइकिल सवार द्वारा दूरी तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए?

Ans
- ✓ A. 27 किलोमीटर
- ✗ B. 31 किलोमीटर
- ✗ C. 131 किलोमीटर
- ✗ D. 52 किलोमीटर

Q.27 एक इंजीनियर कंट्रोल पैनल के लिए स्कीम मानचित्र को अपडेट कर रहा है और उसे एक सामान्यत: क्लोज्ड पुश बटन (closed push button) को दर्शाने की आवश्यकता है। कौन-सा तरीका यह सुनिश्चित करने के लिए सबसे उपयुक्त है कि मानक इंजीनियरिंग ड्राइंग का संदर्भ लेने वाले इंजीनियरों के बीच यह प्रतीक सार्वभौमिक रूप से सुबोध हो?

Ans
- ✗ A. पुश बटन का हस्त निर्मित प्रतिरूप बनाना और उसके कार्य की व्याख्या युक्त एक नोट लिखना
- ✗ B. नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के प्रतीक को सामान्य स्विच के प्रतीक से प्रतिस्थापित करना
- ✓ C. कन्वेंशनों के अनुसार, नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के लिए निर्धारित मानक प्रतीक का प्रयोग करना
- ✗ D. स्कीम मानचित्र में नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के बारे में स्पष्टतया शब्दों में वर्णन करना

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.28 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी चॉकलेट, पनीर हैं।
कोई पनीर, दूध नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई चॉकलेट, दूध नहीं है।
(II) कुछ दूध, पनीर हैं।

Ans
- ✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ C. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.29 किसी तार में एक निश्चित समय तक विद्युत धारा प्रवाहित होने पर उसमें उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा में कौन-सा कारक वृद्धि करता है?

Ans
- ✔ A. तार के प्रतिरोध में वृद्धि करना
- ✘ B. तार में धारा को कम करना
- ✘ C. तार की लंबाई कम करना
- ✘ D. तार को मोटा बनाना

Q.30 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOIL' को '1547' के रूप में और 'COIL' को '7124' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✔ A. 2
- ✘ B. 4
- ✘ C. 7
- ✘ D. 1

Q.31 व्यावसायिक सुरक्षा में शब्द 'HAZOP' का पूर्ण रूप क्या होता है?

Ans
- ✘ A. Handling and Organizing Safety (हैंडलिंग एंड ऑर्गेनाइजिंग सेफ्टी)
- ✘ B. Hazardous Operation Standard (हैज़र्डस ऑपरेशन स्टैंडर्ड)
- ✘ C. Hazardous Operations Safety (हैज़र्डस ऑपरेशन्स सेफ़्टी)
- ✔ D. Hazard and Operability Study (हैज़र्ड एंड ऑपरेबिलिटी स्टडी)

Q.32 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MDB PHE SLH VPK ?

Ans
- ✘ A. ZTM
- ✘ B. ZUO
- ✔ C. YTN
- ✘ D. XSM

Q.33 P, Q तथा R तीन बल्लेबाज हैं। एक निश्चित मैच में उनके द्वारा बनाए गए रनों का अनुपात इस प्रकार था:

P : Q = 5 : 7 तथा Q : R = 2 : 3

यदि उन्होंने कुल 765 रन बनाए, तो R द्वारा बनाए गए रनों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 336
- ✔ B. 357
- ✘ C. 378
- ✘ D. 350

Railway BABA

Q.34 यदि '+' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
5 ÷ 3 + 15 x 5 - 3 = ?

Ans
✗ A. 12
✗ B. 9
✓ C. 15
✗ D. 18

Q.35 सामान्य नगरपालिका अपशिष्ट की तुलना में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के लिए विशेष प्रबंधन की आवश्यकता क्यों होती है?

Ans
✗ A. यह सदैव रेडियोधर्मी होता है और इसके लिए अत्यधिक परिरक्षण की आवश्यकता होती है
✗ B. अन्य प्रकार के अपशिष्टों की तुलना में इसके पुनर्चक्रित होने की संभावना अधिक होती है
✗ C. इसमें अधिक रासायनिक सामग्री होती हैं और यह सदैव विषाक्त होता है
✓ D. इसमें संक्रामक कारक हो सकते हैं जो स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करते हैं

Q.36 संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करते हुए कूट का सही संयोजन ही आपका उत्तर है।
नोट: यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो तालिका में दिए गए अनुसार संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक	3	@	8	4	$	&	2	%	#	1	+	9	7	5
कूट	U	G	B	K	M	F	X	R	E	Q	S	C	V	T

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक विषम संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट आपस में बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि द्वितीय और तृतीय दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तृतीय अवयव को द्वितीय अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
& 8 $ 9 5

Ans
✗ A. TCMBF
✗ B. FBMCT
✓ C. TBMCF
✗ D. FCBMT

Q.37 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T और P के बीच ठीक दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल Q को U के ऊपर रखा गया है। P के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। S को W के नीचे लेकिन V के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को V के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✗ A. P
✗ B. S
✓ C. W
✗ D. T

Q.38 पाँच संख्याओं का औसत 30 है। यदि उनमें से चार संख्याएँ 25, 35, 28 और 32 हैं, तो पाँचवीं संख्या कितनी है?

Ans
✗ A. 32
✓ B. 30
✗ C. 35
✗ D. 28

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त त्रिभुज का सटीक वर्णन करता है?

Ans

✔ A. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें तीन सीधी भुजाएँ और तीन कोण होते हैं।

✘ B. त्रिभुज की सभी भुजाओं की लंबाई सदैव बराबर होनी चाहिए।

✘ C. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें चार सीधी भुजाएँ और चार कोण होते हैं।

✘ D. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसकी तीनों भुजाएँ वक्रित होती हैं।

Q.40 एक कार बिंदु A से बिंदु B तक टेढ़े-मेढ़े पथ पर चलती है, और कुल 200 मीटर की दूरी तय करती है। यदि A और B के बीच न्यूनतम ऋजु-रेखीय दूरी 120 मीटर है, तो कौन-सा कथन कार की दूरी और विस्थापन का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✘ A. दूरी 120 मीटर है; विस्थापन 200 मीटर है

✔ B.
दूरी 200 मीटर है; विस्थापन 120 मीटर है

✘ C. दूरी 120 मीटर है; विस्थापन 120 मीटर है

✘ D. दूरी 200 मीटर है; विस्थापन 200 मीटर है

Q.41 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, सक्रिय कार्यस्थल सुरक्षा व्यवहार को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता करता है?

Ans

✘ A. पर्यवेक्षक द्वारा खतरों पर ध्यान देने की प्रतीक्षा करना

✔ B. दुर्घटनाएं होने से पहले खतरों की पहचान करना और उन्हें ठीक करना

✘ C. बैठकों में केवल पिछली सुरक्षा समस्याओं (past safety problems) पर चर्चा करना

✘ D. घटनाएं (incidents) होने के बाद खतरों की रिपोर्ट करना

Q.42 कामगारों को संभावित खतरों से सचेत करने के लिए चेतावनी संकेतों में मुख्य रूप से किस रंग का उपयोग किया जाता है?

Ans

✘ A. लाल पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

✘ B. नीले पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

✘ C. हरे पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

✔ D. पीले पृष्ठ पर काले प्रतीक या टेक्स्ट

Q.43 एक पंप एक टंकी को 3 घंटे में भर सकता है। टंकी में रिसाव के कारण, उसे भरने में 4.5 घंटे लगते हैं। यदि कोई अन्य प्रवेश या निकास मार्ग खुला न हो, तो पूरी भरी हुई टंकी रिसाव से कितने समय में खाली हो सकती है?

Ans

✘ A. 6 घंटे

✔ B. 9 घंटे

✘ C. 8 घंटे

✘ D. 7 घंटे

Q.44 कक्ष तापमापी को सामान्यतः दीवार पर ऊर्ध्वाधर रूप से क्यों माउंट किया जाता है?

Ans

✘ A. यह तापमापी के अंदर द्रव के हिमीकरण को रोकता है

✘ B. यह तापमापी द्वारा शीघ्रता से शरीर का तापमान मापने में सहायक होता है

✘ C. यह तापमापी को सरलता से टूटने से सुरक्षित रखता है

✔ D. यह बल्ब को कक्षीय वायु के संपर्क में रखकर यथार्थ पाठ्यांक सुनिश्चित करता है

Q.45 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, WAN की विशेषता का सही वर्णन करता है?

Ans

✔ A. WAN को वायर्ड या वायरलेस लिंक के माध्यम से अनेक LAN को कनेक्ट करके बनाया जा सकता है

✘ B. WAN, 1 से 2km के रेडियस में डिवाइस को कनेक्ट करने तक ही सीमित हैं

✘ C. WAN सामान्यतः दूरस्थ LAN को कनेक्ट करने के लिए केवल वायरलेस मीडिया का उपयोग करते हैं

✘ D. WAN हमेशा पब्लिक नेटवर्क होते हैं जिन्हें केवल इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) मैनेज करते हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.46 जब एक कर्तन तल रेखा एक छिद्र और एक रिब (rib) से होकर गुजरती है, तो मानक परिपाटियों के अनुसार परिणामी दृश्य में किस विशेषता को परिच्छेदित (sectioned) किया जाना चाहिए?

Ans

✔ A. छिद्र को परिच्छेदित किया जाता है लेकिन रिब को अपरिच्छेदित दिखाया जाता है

✘ B. रिब को परिच्छेदित किया जाता है लेकिन छिद्र को अपरिच्छेदित छोड़ दिया जाता है

✘ C. छिद्र और रिब दोनों को अपरिच्छेदित दिखाया जाता है

✘ D. छिद्र और रिब दोनों को परिच्छेदित दिखाया जाता है

Q.47 एक प्रयोगशाला थर्मामीटर की परास -10 डिग्री सेल्सियस से 110 डिग्री सेल्सियस तक है और इसमें 120 बराबर विभाजन हैं। यह थर्मामीटर न्यूनतम कितना मान माप सकता है?

Ans

✔ A. 1 डिग्री सेल्सियस

✘ B. 2 डिग्री सेल्सियस

✘ C. 0.5 डिग्री सेल्सियस

✘ D. 10 डिग्री सेल्सियस

Q.48 शीतकालीन तापमान प्रतिलोमन के दौरान धरातलीय प्रदूषक सांद्रता को कम करने के लिए कौन-सा हस्तक्षेप सर्वाधिक प्रभावी है?

Ans

✘ A. उत्सर्जन स्रोतों के पास सतही तापमान में वृद्धि करना

✔ B. कृत्रिम विक्षोभ के माध्यम से ऊर्ध्वाधर वायु मिश्रण को बढ़ाना

✘ C. क्षैतिज प्रकीर्णन को न्यूनतम करने के लिए स्थानीय पवन चाल को कम करना

✘ D. उत्सर्जन स्रोतों का प्रतिलोमन परतों से उत्थापन करना

Q.49 A, B, C, D, X, Y और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाईं ओर से गिनने पर, Y और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A, Y के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Z, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। X के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✘ A. D

✘ B. Y

✔ C. A

✘ D. C

Q.50 एक व्यक्ति के वेतन में तीन क्रमागत वर्षों में क्रमशः 10%, 20% और 25% की वृद्धि होती है। तीसरे वर्ष के अंत में, वेतन में कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 50%

✘ B. 30%

✔ C. 65%

✘ D. 60%

Q.51 यदि $3x - 2y + 3z = 8$, $4x - 3y + 2z = 4$ और $2x + y - z = 1$ है, तो क्रमशः x, y और z ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 1, 2 और 3

✘ B. 2, 3 और 1

✘ C. 2, 1 और 3

✘ D. 3, 1 और 2

Q.52 कम्प्यूटिंग में CPU का पूर्ण रूप क्या है?

Ans

✔ A. Central Processing Unit (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट)

✘ B. Control Processing Unit (कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट)

✘ C. Computer Processing Unit (कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट)

✘ D. Core Processing Unit (कोर प्रोसेसिंग यूनिट)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.53 एक तकनीशियन को रूम हीटर के लिए फ्यूज तार का चयन करना है। विद्युत धारा के तापन प्रभाव के आधार पर सुरक्षा के लिए किस गुणधर्म को सबसे महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए?

Ans

✗ A. पिघलने से रोकने के लिए फ्यूज तार को उच्च प्रतिरोध वाला और मोटा होना चाहिए।

✗ B. दक्ष शीतलन के लिए फ्यूज तार का पृष्ठ चमकदार होना चाहिए।

✗ C. फ्यूज तार के चिरस्थायित्व के लिए उच्च गलनांक होना चाहिए।

✓ D. अतिरिक्त धारा के दौरान परिपथ को विच्छेदित करने के लिए फ्यूज तार का गलनांक निम्न होना चाहिए।

Q.54 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
42 × 6 ÷ 7 – 35 + 19 = ?

Ans

✗ A. 63

✓ B. 65

✗ C. 69

✗ D. 67

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट का सर्वोत्तम उदाहरण है?

Ans

✗ A. अस्पताल का बायोमेडिकल अपशिष्ट

✓ B. घरेलू रसोई का कचरा

✗ C. औद्योगिक प्रक्रिया अपशिष्ट

✗ D. खनन पुच्छन

Q.56 पहला दुकानदार 3% और 7% की दो क्रमिक छूट देता है, जबकि दूसरा दुकानदार 2% और 8% की दो क्रमिक छूट देता है। तीसरा दुकानदार उसी वस्तु पर 10% की छूट देता है। यदि तीनों दुकानों पर अंकित मूल्य समान है, तो ग्राहक को किस दुकानदार से वस्तु खरीदनी चाहिए?

Ans
✓ A. तीसरे दुकानदार से खरीदें
✗ B. पहले या दूसरे दुकानदार से खरीदें क्योंकि दोनों समान हैं।
✗ C. दूसरे दुकानदार से खरीदें
✗ D. पहले दुकानदार से खरीदें

Q.57 एक 42-लीटर विलयन में चीनी और पानी का अनुपात 2 : 5 है। यदि वाष्पीकरण के कारण विलयन का आयतन 35% कम हो जाता है और केवल पानी वाष्पित होता है, तो चीनी और पानी का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
✗ A. 40 : 41
✗ B. 51 : 42
✗ C. 31 : 50
✓ D. 40 : 51

Q.58 मानक परिपाटियों के अनुसार, विद्युत परिपथ आरेख में बैटरी का सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीक कौन-सा है?

Ans
✗ A. श्रेणीक्रम में संयोजित दो वृत्त
✗ B. केवल एक लंबी रेखा
✗ C. एक साथ आरेखित दो छोटी रेखाएं
✓ D. एकांतर रूप से आरेखित की गई लंबी और छोटी समानांतर रेखाओं का एक युग्म

Railway BABA
Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.59 इंजीनियरिंग ड्राइंग में पार्श्व दृश्य (side view) का सबसे सटीक वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans

✗ A. यह वस्तु को सम्मुख रूप से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है

✓ B. यह वस्तु को बाएं या दाएं पार्श्व से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है

✗ C. यह वस्तु के सभी दृश्यों का संयोजन दर्शाता है

✗ D. यह वस्तु को ऊपर या नीचे से देखने पर प्राप्त दृश्य दर्शाता है

Q.60 पांच विद्यार्थियों, N, O, R, S और T की लंबाई अलग-अलग है। T, N से लंबा है। R, S से लंबा है लेकिन O से छोटा है। S, N से लंबा है। दो से अधिक लोग T से लंबे हैं। कितने लोग R से छोटे हैं?

Ans

✓ A. तीन

✗ B. दो

✗ C. एक भी नहीं

✗ D. एक

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, WAN की विशेषता का सही वर्णन करता है?

Ans

✓ A. WAN को वायर्ड या वायरलेस लिंक के माध्यम से अनेक LAN को कनेक्ट करके बनाया जा सकता है

✗ B. WAN हमेशा पब्लिक नेटवर्क होते हैं जिन्हें केवल इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) मैनेज करते हैं

✗ C. WAN सामान्यतः दूरस्थ LAN को कनेक्ट करने के लिए केवल वायरलेस मीडिया का उपयोग करते हैं

✗ D. WAN, 1 से 2km के रेडियस में डिवाइस को कनेक्ट करने तक ही सीमित हैं

Q.62 शीतकालीन तापमान प्रतिलोमन के दौरान धरातलीय प्रदूषक सांद्रता को कम करने के लिए कौन-सा हस्तक्षेप सर्वाधिक प्रभावी है?

Ans

✓ A. कृत्रिम विक्षोभ के माध्यम से ऊर्ध्वाधर वायु मिश्रण को बढ़ाना

✗ B. उत्सर्जन स्रोतों का प्रतिलोमन परतों से उत्थापन करना

✗ C. उत्सर्जन स्रोतों के पास सतही तापमान में वृद्धि करना

✗ D. क्षैतिज प्रकीर्णन को न्यूनतम करने के लिए स्थानीय पवन चाल को कम करना

Q.63 आधार के समानांतर एक समतल, 40 cm ऊंचाई वाले शंकु को दो भागों में विभाजित करता है। यदि बने हुए छोटे ऊपरी शंकु का आयतन, मूल शंकु के आयतन का 1/64 है, तो शंकु के आधार से समतल की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 20 cm

✓ B. 30 cm

✗ C. 40 cm

✗ D. 10 cm

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त त्रिभुज का सटीक वर्णन करता है?

Ans

✗ A. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें चार सीधी भुजाएँ और चार कोण होते हैं।

✗ B. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसकी तीनों भुजाएँ वक्रित होती हैं।

✓ C. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें तीन सीधी भुजाएँ और तीन कोण होते हैं।

✗ D. त्रिभुज की सभी भुजाओं की लंबाई सदैव बराबर होनी चाहिए।

Q.65 किसी तार में एक निश्चित समय तक विद्युत धारा प्रवाहित होने पर उसमें उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा में कौन-सा कारक वृद्धि करता है?

Ans

✗ A. तार में धारा को कम करना

✗ B. तार की लंबाई कम करना

✗ C. तार को मोटा बनाना

✓ D. तार के प्रतिरोध में वृद्धि करना

RailwayBABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.66 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी रग, पंखे हैं।
कोई भी पंखा, कार नहीं है।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, कारें हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ पंखें, रग हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.67 सड़क पर यात्रियों को किलोमीटर प्रस्तर (kilometer stone) क्या जानकारी प्रदान करता है?

Ans
✓ A. एक संदर्भ बिंदु से दूरी
✗ B. वाहन की चाल
✗ C. यात्रा की दिशा
✗ D. गंतव्य तक पहुंचने में लगने वाला समय

Q.68 लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) का प्राथमिक प्रयोजन क्या है?

Ans
✓ A. छोटे भौगोलिक क्षेत्र के भीतर कंप्यूटरों को कनेक्ट करना
✗ B. सोशल मीडिया अकाउंट को कनेक्ट करना
✗ C. वैश्विक नेटवर्कों को कनेक्ट करना
✗ D. केवल वायरलेस डिवाइसों को लिंक करना

Q.69 एक व्यापारी ₹2,750 में एक मेज खरीदता है। वह पहले उस पर 28% की वृद्धि करके मूल्य अंकित करता है, फिर ग्राहक को 12% की छूट देता है। यदि ग्राहक विक्रय मूल्य पर 5% GST का भी भुगतान करता है, तो व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत (GST को छोड़कर) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 15.12 %
✓ B. 12.64 %
✗ C. 10.36 %
✗ D. 13.81 %

Q.70 चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि हुई है। मनोज अपनी आय से चीनी पर होने वाले व्यय में केवल 15% की वृद्धि कर सकता है। अपने व्यय को संतुलित करने के लिए, उसे चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए?

Ans
✗ A. 6.5%
✗ B. 5%
✓ C. $4\frac{1}{6}\%$
✗ D. $5\frac{1}{3}\%$

Q.71 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?

Ans
✓ A. (17, 54)
✗ B. (28, 49)
✗ C. (14, 28)
✗ D. (21, 33)

Railway BABA

Q.72 इंजीनियरिंग शीट पर बार-बार 67° के कोण बनाते समय, कौन-सा तरीका संचयी संरेखण त्रुटियों को न्यूनतम करने में सबसे अधिक सहायक होता है?

Ans

✗ A. सभी कोणों के लिए केवल प्रारंभिक चांदा संरेखण पर निर्भर रहना

✗ B. मध्यवर्ती सत्यापन किए बिना सतत रूप से सभी कोण आरेखित करना

✗ C. अंतिम रूप देने से पहले पेंसिल द्वारा सभी कोणों को हल्के से चिह्नित करना

✓ D. सभी पुनरावृत्त कोणों के लिए एक ही निर्देश रेखा का उपयोग करना

Q.73 एक कार बिंदु A से बिंदु B तक टेढ़े-मेढ़े पथ पर चलती है, और कुल 200 मीटर की दूरी तय करती है। यदि A और B के बीच न्यूनतम ऋजु-रेखीय दूरी 120 मीटर है, तो कौन-सा कथन कार की दूरी और विस्थापन का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✗ A. दूरी 200 मीटर है; विस्थापन 200 मीटर है

✓ B.
दूरी 200 मीटर है; विस्थापन 120 मीटर है

✗ C. दूरी 120 मीटर है; विस्थापन 200 मीटर है

✗ D. दूरी 120 मीटर है; विस्थापन 120 मीटर है

Q.74 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) H S A N D D I A D F P A J O S K I O Z O T X (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर भी है?

Ans

✗ A. पांच

✗ B. तीन

✗ C. छह

✓ D. चार

Q.75 मान लीजिए C एक वृत्त है, तथा AB और DE वृत्त C पर दो जीवाएँ इस प्रकार हैं कि AB = BE है। चतुर्भुज ABED में, मान लीजिए AE और BD, F पर प्रतिच्छेद करते हैं, ∠DBE = 55° और ∠BAE = 40° है। ∠FED ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 110°

✓ B. 45°

✗ C. 55°

✗ D. 60°

Q.76 एक साइकिल सवार 52 किलोमीटर चिह्नित पत्थर से 79 किलोमीटर चिह्नित पत्थर तक की यात्रा करता है। साइकिल सवार द्वारा दूरी तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए?

Ans

✗ A. 31 किलोमीटर

✗ B. 52 किलोमीटर

✓ C. 27 किलोमीटर

✗ D. 131 किलोमीटर

Q.77 एक सीढ़ी दीवार के सहारे टिकी हुई है और भूमि के साथ 60° का कोण बनाती है। यदि सीढ़ी की लंबाई 24 m है, तो दीवार से सीढ़ी के पाद की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 9 m

✓ B. 12 m

✗ C. 18 m

✗ D. 15 m

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, सक्रिय कार्यस्थल सुरक्षा व्यवहार को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता करता है?

Ans
- ✔ A. दुर्घटनाएं होने से पहले खतरों की पहचान करना और उन्हें ठीक करना
- ✘ B. घटनाएं (incidents) होने के बाद खतरों की रिपोर्ट करना
- ✘ C. बैठकों में केवल पिछली सुरक्षा समस्याओं (past safety problems) पर चर्चा करना
- ✘ D. पर्यवेक्षक द्वारा खतरों पर ध्यान देने की प्रतीक्षा करना

Q.79 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

6 – 16 – 23 – 32; 7 – 19 – 26 – 35

Ans
- ✘ A. 4 – 14 – 21 – 30
- ✘ B. 11 – 31 – 38 – 29
- ✘ C. 8 – 22 – 15 – 24
- ✔ D. 12 – 34 – 41 – 50

Q.80 यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान नियत रखते हुए उसकी ऊँचाई को दोगुना कर दिया जाए, तो उसकी गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा _____।

Ans
- ✘ A. घटकर एक-चौथाई
- ✘ B. अपरिवर्तित रहेगी
- ✘ C. आधी हो जाएगी
- ✔ D. दोगुनी हो जाएगी

Q.81 एक पर्वतारोही एक बैकपैक को भूमि से उठाकर भूमि से 2 मीटर ऊंचे एक कगार (ledge) पर रखता है। कौन-सी स्थिति बैकपैक की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा में सबसे बड़ी वृद्धि का कारण बनेगी?

Ans
- ✔ A. एक अपेक्षाकृत भारी बैकपैक को उसी 2 मीटर ऊंचे कगार पर उठाना
- ✘ B. एक अपेक्षाकृत हल्के बैकपैक को उसी 2 मीटर ऊंचे कगार पर उठाना
- ✘ C. उसी बैकपैक को क्षैतिज रूप से 2 मीटर तक ले जाना
- ✘ D. उसी बैकपैक को 1 मीटर ऊंचे कगार पर उठाना

Q.82 G, Y की माता है। Y, V की बहन है। S, L का पिता है। L, V का पुत्र है। G और L का क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. माता की बहन
- ✔ B. माता की माता
- ✘ C. माता
- ✘ D. बहन

Q.83 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 1730 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध 2199 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✘ A. 1433
- ✘ B. 1543
- ✔ C. 1333
- ✘ D. 1443

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.84 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
42 × 6 ÷ 7 – 35 + 19 = ?

Ans
✗ A. 67
✓ B. 65
✗ C. 63
✗ D. 69

Q.85 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOIL' को '1547' के रूप में और 'COIL' को '7124' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 7
✗ B. 1
✓ C. 2
✗ D. 4

Q.86 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T और P के बीच ठीक दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल Q को U के ऊपर रखा गया है। P के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। S को W के नीचे लेकिन V के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को V के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✓ A. W
✗ B. T
✗ C. S
✗ D. P

Q.87 अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, औद्योगिक कार्यस्थलों में आपातकालीन निकास संकेतों के साथ सार्वभौमिक रूप से कौन-सा रंग जुड़ा हुआ है?

Ans
✗ A. लाल पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✓ B. हरी पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✗ C. पीली पृष्ठभूमि पर काले टेक्स्ट या प्रतीक
✗ D. नीली पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक

Q.88 A, B, C, D और E की लंबाई अलग-अलग है। E, C से लंबा है लेकिन A से छोटा है। केवल एक व्यक्ति A से लंबा है। D, C से छोटा है। उनमें से तीसरा सबसे लंबा कौन है?

Ans
✓ A. E
✗ B. C
✗ C. B
✗ D. A

Q.89 कुछ रासायनिक प्रशीतक-द्रव्यों को प्रतिबंधित करने से ओजोन परत को होने वाली क्षति में प्रभावी रूप से कमी क्यों आती है?

Ans
✗ A. प्रशीतक-द्रव्य, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित करते हैं जो समतापमंडल को गर्म करती हैं।
✓ B. प्रशीतक-द्रव्य ऐसे पदार्थ मुक्त करते हैं जो ओजोन विघटन को उत्प्रेरित करते हैं।
✗ C. प्रशीतक-द्रव्यों में ऐसे कण होते हैं जो हानिकारक UV प्रकाश को अवशोषित करते हैं।
✗ D. प्रशीतक-द्रव्य, ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे ओजोन पुनःप्राप्ति में सहायता मिलती है।

Q.90 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त घनाभ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ A. घनाभ की सभी भुजाएं और कोण बराबर होते हैं, जिस कारण यह घन के समान होता है
✗ B. घनाभ के सभी फलक समान आमाप के वर्ग के रूप में होते हैं
✗ C. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसके सभी फलक समांतर चतुर्भुज होते हैं, परंतु उनका आयत होना आवश्यक नहीं है
✓ D. घनाभ एक ऐसा ठोस है जिसमें छह आयताकार फलक होते हैं और सम्मुख फलक बराबर होते हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.91 एक इंजीनियर कंट्रोल पैनल के लिए स्कीम मानचित्र को अपडेट कर रहा है और उसे एक सामान्यत: क्लोज्ड पुश बटन (closed push button) को दर्शाने की आवश्यकता है। कौन-सा तरीका यह सुनिश्चित करने के लिए सबसे उपयुक्त है कि मानक इंजीनियरिंग ड्राइंग का संदर्भ लेने वाले इंजीनियरों के बीच यह प्रतीक सार्वभौमिक रूप से सुबोध हो?

Ans

✗ A. नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के प्रतीक को सामान्य स्विच के प्रतीक से प्रतिस्थापित करना

✓ B. कन्वेंशनों के अनुसार, नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के लिए निर्धारित मानक प्रतीक का प्रयोग करना

✗ C. पुश बटन का हस्त निर्मित प्रतिरूप बनाना और उसके कार्य की व्याख्या युक्त एक नोट लिखना

✗ D. स्कीम मानचित्र में नॉर्मली क्लोज्ड पुश बटन के बारे में स्पष्टतया शब्दों में वर्णन करना

Q.92 सामान्य नगरपालिका अपशिष्ट की तुलना में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के लिए विशेष प्रबंधन की आवश्यकता क्यों होती है?

Ans

✓ A. इसमें संक्रामक कारक हो सकते हैं जो स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करते हैं

✗ B. इसमें अधिक रासायनिक सामग्री होती हैं और यह सदैव विषाक्त होता है

✗ C. अन्य प्रकार के अपशिष्टों की तुलना में इसके पुनर्चक्रित होने की संभावना अधिक होती है

✗ D. यह सदैव रेडियोधर्मी होता है और इसके लिए अत्यधिक परिरक्षण की आवश्यकता होती है

Q.93 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वाहन में चालमापी के कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✓ A. यह उस वर्तमान चाल को प्रदर्शित करता है जिस पर वाहन गतिमान है

✗ B. यह वाहन की चाल में परिवर्तन की दर को दर्शाता है

✗ C. यह वाहन द्वारा तय की गई कुल दूरी को मापता है

✗ D. यह यात्रा के लिए औसत चाल की गणना करता है

Q.94 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी चॉकलेट, पनीर हैं।
कोई पनीर, दूध नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई चॉकलेट, दूध नहीं है।
(II) कुछ दूध, पनीर हैं।

Ans

✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✗ B. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.95 निम्नलिखित में कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में सम्मुख दृश्य (front view) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans

✗ A. यह वस्तु का केवल निचले या दाएं पार्श्व को दर्शाता है

✓ B. यह सामने से देखने पर वस्तु की ऊंचाई और चौड़ाई को दर्शाता है

✗ C. यह वस्तु की केवल एक विमा को दर्शाता है

✗ D. यह पार्श्व से देखने पर वस्तु की गभीरता और ऊंचाई को दर्शाता है

Q.96 A, B, C, D, X, Y और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाईं ओर से गिनने पर, Y और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A, Y के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Z, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। X के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✗ A. Y

✗ B. D

✗ C. C

✓ D. A

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.97 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त उत्तर चयन कीजिए।

प्रश्न:
पांच वृक्षों N, O, R, S और T में से, जिनकी ऊंचाई अलग-अलग है, सबसे लंबा वृक्ष कौन-सा है?

कथन:
(I) T, R से लंबा है। N, T से लंबा है।
(II) R, O से छोटा है लेकिन S से लंबा है।

Ans
✔ A. दोनों कथन I. और II. एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।
✘ B. केवल कथन II. में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I. में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✘ C. दोनों कथन I. और II. एक साथ (केवल कथन I. या केवल कथन II. नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
✘ D. केवल कथन I. में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II. में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.98 कम्प्यूटिंग में CPU का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✘ A. Computer Processing Unit (कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट)
✘ B. Core Processing Unit (कोर प्रोसेसिंग यूनिट)
✔ C. Central Processing Unit (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट)
✘ D. Control Processing Unit (कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट)

Q.99 कामगारों को संभावित खतरों से सचेत करने के लिए चेतावनी संकेतों में मुख्य रूप से किस रंग का उपयोग किया जाता है?

Ans
✘ A. हरे पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✘ B. नीले पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✔ C. पीले पृष्ठ पर काले प्रतीक या टेक्स्ट
✘ D. लाल पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

Q.100 कौन-सा कथन किसी वस्तु के द्रव्यमान और चाल द्वारा उसकी गतिज ऊर्जा पर पड़ने वाले प्रभाव का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✘ A. कम द्रव्यमान और निम्नतर चाल वाली वस्तु में गतिज ऊर्जा अधिक होगी।
✘ B. अधिक द्रव्यमान लेकिन निम्नतर चाल वाली वस्तु में गतिज ऊर्जा अधिक होगी।
✔ C. अधिक द्रव्यमान और उच्चतर चाल वाली वस्तु में गतिज ऊर्जा अधिक होगी।
✘ D. समान द्रव्यमान लेकिन उच्चतर चाल वाली वस्तु में गतिज ऊर्जा कम होगी।

Section : **PART-B**

Q.1 घरेलू 3-फेज आपूर्ति तंत्र में केबलों के लिए सामान्यतः किस मानक ग्रेडिंग का उपयोग किया जाता है?

Ans
✔ A. ग्रेड I इंसुलेशन केबल
✘ B. इंसुलेशन के बिना बेयर चालक
✘ C. ग्रेड III इंसुलेशन केबल
✘ D. अति-उच्च वोल्टता केबल इन्सुलेशन

Q.2 मुख्य वितरण बोर्डों में उच्च धारा प्रवाहित करने के लिए किस प्रकार के तार की अनुशंसा की जाती है?

Ans
✘ A. बहु-रज्जुक घंटी तार (Multi-strand bell wire)
✔ B. एकल क्रोड तार (Single core wire)
✘ C. द्वि-नम्य तार (Twin flexible wire)
✘ D. नम्य तार (Flexible wire)

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.3 किसी नए विनिर्माण संयंत्र में श्रमिकों को PPE वितरित करने से पूर्व महत्वपूर्ण कदम निम्नलिखित में से क्या है?

Ans

✗ A. कार्यस्थल के नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना

✗ B. सभी PPE के नियमित निरीक्षण और अनुरक्षण को निर्धारित करना

✓ C. कार्यस्थल पर होने वाले खतरों का आकलन करना और उपयुक्त PPE का चयन करना

✗ D. सभी श्रमिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में PPE खरीदना

Q.4 एकल-ध्रुव, द्वि-पथ (single-pole, two-way) स्विच में संयोजन के लिए कितने टर्मिनल उपलब्ध होते हैं?

Ans

✓ A. तीन टर्मिनल

✗ B. चार टर्मिनल

✗ C. पाँच टर्मिनल

✗ D. दो टर्मिनल

Q.5 एक तीन-फेज मोटर फीडर का परीक्षण करते समय, फेज चालकों के मध्य विद्युतरोधन प्रतिरोध के पाठ्यांक : L1-L2: 60 MΩ, L2-L3: 58 MΩ, L1-L3: 61 MΩ हैं। यह तार-स्थापन के विषय में क्या इंगित करता है?

Ans

✗ A. मोटर कुंडलन में एक अंतःवर्त लघु परिपथ है।

✗ B. केबल को तत्काल प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है।

✗ C. फीडर के फेज में से एक में खुला परिपथ है।

✓ D. फेज चालकों के मध्य विद्युतरोधन संतोषजनक है।

Q.6 यदि 5 श्रमिक समान दर से कार्य करते हुए किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा करते हैं, तो 10 श्रमिकों को उसी कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

Ans

✗ A. 10 दिन

✗ B. 5 दिन

✗ C. 12 दिन

✓ D. 6 दिन

Q.7 वोल्टता मापने के लिए वाटमापी का कौन-सा भाग लोड के साथ समांतर संयोजित होता है?

Ans

✗ A. स्थिर कुंडली (Fixed coil)

✗ B. शंट संधारित्र (Shunt capacitor)

✓ C. विभव कुंडली (Potential coil)

✗ D. धारा कुंडली (Current coil)

Q.8 परिशुद्ध असेंबली के दौरान, किस प्रकार के कैलिपर से लंबन त्रुटि होने की संभावना सबसे कम होती है?

Ans

✗ A. आंतरिक मापन के लिए अंतरण कैलिपर

✓ B. स्पष्ट स्केल चिह्नों वाला वर्नियर कैलिपर

✗ C. नुकीले मापन-पाद वाला स्प्रिंग कैलिपर

✗ D. आभ्यंतर कैलिपर के साथ प्रयुक्त स्टील रूल

Q.9 एक 3-फेज प्रणाली हेतु 48 स्लॉट और 8 ध्रुवों वाले स्टेटर क्रोड के लिए एक वितरित वाइंडिंग (distributed winding) डिजाइन की जा रही है। प्रति ध्रुव प्रति फेज स्लॉट की संख्या कितनी होगी?

Ans

✗ A. 3

✗ B. 4

✗ C. 6

✓ D. 2

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.10 प्रच्छन्न विवरणों वाली किसी जटिल असेंबली को आरेखित किए जाने पर, प्रच्छन्न रेखाओं को सटीक रूप से निरूपित करने के लिए कौन-सा साधन (instrument) महत्वपूर्ण होता है?

Ans

✗ A. रबड़ (Eraser)

✗ B. स्केल (Scale)

✓ C. मिनी-ड्रॉफ्टर (Mini-drafter)

✗ D. चांदा (Protractor)

Q.11 एक तकनीशियन को सदोष मशीन को छूने पर हल्का झटका लगता है, लेकिन वह अचेत नहीं होता है। इस परिदृश्य में विद्युत धारा का सर्वाधिक संभावित प्रभाव क्या है?

Ans

✓ A. अनैच्छिक पेशी संकुचन और तीव्र झुनझुनी संवेदना

✗ B. व्यापक आंतरिक ऊतक क्षति और गंभीर त्वचा दग्ध

✗ C. तत्काल हृद् संरोध जिससे पूर्ण अचेतनता हो जाती है

✗ D. आकस्मिक श्वसन अंगघात जिसके परिणामस्वरूप दीर्घकालिक कोमा होता है

Q.12 एक ट्रांसफार्मर को पूर्ण-लोड स्थितियों के निकट अधिकतम दक्षता पर कार्य करने के लिए अभिकल्पित किया जाता है और इसे ग्रिड सबस्टेशन में संस्थापित कर दिया जाता है। इसे _____ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

Ans

✓ A. शक्ति ट्रांसफार्मर (Power transformer)

✗ B. पृथक्कारी ट्रांसफार्मर (Isolation transformer)

✗ C. यंत्र ट्रांसफार्मर (Instrument transformer)

✗ D. वितरण ट्रांसफार्मर (Distribution transformer)

Q.13 वायरिंग आरेखों में एक-ध्रुवी स्विच को दर्शाने के लिए सामान्यतः किस प्रतीक का उपयोग किया जाता है?

Ans

✓ A. एक ऋजु रेखा लेआउट जिसमें एक केंद्र विच्छेद और एक विकर्ण लीवर शामिल होता है

✗ B. एक छोटा वृत्ताकार लेआउट जिसमें एक केन्द्रीकृत बिंदु होता है और कोई जुड़ी हुई रेखाएँ नहीं होती हैं

✗ C. एक सरल आयताकार लेआउट जिसमें दो क्षैतिज आंतरिक विवरण रेखाएं होती हैं

✗ D. एक सतत टेढ़ा-मेढ़ा लेआउट जिसमें कई तीक्ष्ण एकांतर मोड़ शामिल हैं

Q.14 प्रत्येक 5 Ω के चार प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं। परिपथ का समतुल्य प्रतिरोध क्या है?

Ans

✗ A. 10 Ω

✗ B. 5 Ω

✓ C. 20 Ω

✗ D. 15 Ω

Q.15 2 m लंबाई की एक छड़ को 1/4 m के टुकड़ों में काटा जाता है। कुल कितने टुकड़े प्राप्त होते हैं?

Ans

✗ A. 4

✗ B. 10

✗ C. 6

✓ D. 8

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया स्वतः उत्तेजित DC जेनरेटर में वोल्टता निर्माण (voltage buildup) की विफलता का कारण बनती है?

Ans

✗ A. वोल्टता निर्माण के बाद लोड को कनेक्ट करना

✗ B.
उचित अवशिष्ट चुंबकत्व बनाए रखना

✓ C.
क्रांतिक प्रतिरोध से परे क्षेत्र प्रतिरोध को बढ़ाना

✗ D. जेनरेटर को निर्धारित चाल पर प्रचालित करना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.17 भारतीय विद्युत (IE) सुरक्षा पद्धतियों के अनुसार, किसी वाणिज्यिक विद्युत वायरिंग संस्थापन पर अनुरक्षण निष्पादित करने से पूर्व प्रथम अनिवार्य कार्रवाई क्या है?

Ans

✗ A. लोड की स्थिति की जाँच करने के लिए आपूर्ति वोल्टता बढ़ाना

✗ B. निरीक्षण से पहले सभी अनावृत चालकों को आपस में जोड़ना

✓ C. मुख्य विद्युत आपूर्ति को अलग करना और बंद (OFF) करना

✗ D. वितरण बोर्ड में सभी टर्मिनल कनेक्शनों को कसना

Q.18 प्रक्रिया जोखिम विश्लेषण (Process Hazard Analysis) क्रियापद्धति किस पर आधारित होनी चाहिए?

Ans

✗ A. उत्पादन अनुसूची और परिचालन समय आवश्यकताएं

✗ B. जोखिमों और प्रक्रिया स्थितियों के यादृच्छिक चयन

✗ C. प्रक्रिया में शामिल कार्यबल का आकार

✓ D. प्रक्रिया और संबद्ध जोखिम की जटिलता

Q.19 विद्युत उपकरणों में भू-संयोजन को उपयोग करने का क्या प्रयोजन होता है?

Ans

✓ A. विद्युत-आघात के खतरों से सुरक्षा बढ़ाने के लिए

✗ B. उपकरणों के समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए

✗ C. घरेलू उपकरणों की निर्माण लागत को कम करने के लिए

✗ D. विद्युत ऊर्जा की दैनिक खपत को कम करने के लिए

Q.20 यदि परिवर्ती लोड अनुप्रयोगों में एक विभेदी यौगिक जनित्र (differential compound generator) का उपयोग किया जाता है, तो टर्मिनल वोल्टता पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans

✗ A. लोड में वृद्धि के साथ टर्मिनल वोल्टता में वृद्धि होगी

✗ B. टर्मिनल वोल्टता में यादृच्छिक रूप से उच्चावचन होगा

✓ C. लोड धारा में वृद्धि के साथ टर्मिनल वोल्टता में कमी होगी

✗ D. लोड में वृद्धि के साथ टर्मिनल वोल्टता अपरिवर्तित रहेगी

Q.21 निम्न वोल्टता (LV) वितरण प्रणाली में अपर्याप्त धारा-वहन क्षमता वाले चालक का उपयोग करने का क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans

✗ A. यह चालक प्रतिरोध को कम करके प्रणाली की दक्षता में सुधार करता है।

✓ B. यह अतितापन, वोल्टता पात और वर्धित शक्ति हानियों का कारण बनता है।

✗ C. यह फीडर की संचरण क्षमता में वृद्धि करता है।

✗ D. यह लोड स्थितियों के बावजूद नियत वोल्टता बनाए रखता है।

Q.22 इंजीनियरिंग ड्राइंग में शीर्षक ब्लॉक और वस्तु की रूपरेखा (object outline) के लिए सबसे अधिक प्रायः किस ज्यामितीय आकृति का उपयोग किया जाता है?

Ans

✓ A. आयत

✗ B. त्रिभुज

✗ C. षट्भुज

✗ D. पंचभुज

Q.23 किसी औद्योगिक पैनल में 250V, 32A अनुमतांक वाले एक कार्ट्रिज फ्यूज का उपयोग किया जाता है। यदि कोई तकनीशियन इसे समान वोल्टता अनुमतांक (voltage rating) वाले 16A फ्यूज से प्रतिस्थापित करता है, तो 28A पर सामान्य प्रचालन के दौरान संभावित परिणाम क्या होगा?

Ans

✗ A. फ्यूज वोल्टता अनुमतांक के कारण परिपथ में इन्सुलेशन का भंजन हो जाएगा

✓ B. सामान्य लोड की स्थिति में भी फ्यूज धमित हो जाएगा

✗ C. फ्यूज, उपकरण को सुरक्षित रूप से उच्च धारा पर प्रचालित होने की सुविधा प्रदान करेगा

✗ D. फ्यूज बिना किसी त्रुटि के ओवरलोड से बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगा

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.24 घरेलू वायरिंग में वितरण बोर्ड के लिए स्थान का चयन करते समय कौन-सा कारक महत्वपूर्ण होता है?

Ans

✗ A. वितरण बोर्ड का ब्रांड

✓ B. लोड केंद्र से निकटता

✗ C. भवन में कमरों की संख्या

✗ D. उपयोग किए गए वायरिंग का प्रकार

Q.25 यदि किसी अल्प भारित DC शंट जनित्र के बाह्य लोड में लगातार वृद्धि होती है, तो उसकी दक्षता पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans

✗ A. सभी लोड स्तरों पर दक्षता नियत रहेगी

✗ B. लोड के साथ दक्षता एक नियत दर से बढ़ेगी

✗ C. लोड में वृद्धि होने पर दक्षता में लगातार कमी होगी

✓ D. शुरूआत में दक्षता में वृद्धि होगी और फिर एक निश्चित बिंदु के बाद कमी होगी

Q.26 निर्वात परिपथ विच्छेदक (VCB) का कौन-सा पार्ट, इन्सुलेशन अनुरक्षण में सहायक होता है और विच्छेदक को बाह्य पर्यावरणीय प्रभावों से सुरक्षित रखता है?

Ans

✗ A. वैक्यूम इंटरप्टर यूनिट (Vacuum interrupter unit)

✓ B. इन्सुलेटिंग आवरण (Insulating casing)

✗ C. ट्रिप कॉइल असेंबली (Trip coil assembly)

✗ D. ड्राइव रॉड असेंबली (Drive rod assembly)

Q.27 किसी ड्रॉइंग में 12.00 +0.02/-0.00 mm का एक छिद्र निर्दिष्ट है। छिद्र का न्यूनतम अनुमेय व्यास कितना है?

Ans

✗ A. 12.01 mm

✗ B. 12.02 mm

✗ C. 12.20 mm

✓ D. 12.00 mm

Q.28 डिजिटल बहुलमापी पर वरक स्विच (selector switch) को टर्न करने से कौन-सा कार्य निष्पादित होता है?

Ans

✗ A. यंत्र को रीसेट करना

✗ B. पाठ्यांक को संग्रहीत करना

✗ C. डिस्प्ले ब्राइटनेस को समायोजित करना

✓ D. मापन प्रकार का चयन करना

Q.29 एक मोटर स्टेटर में संकेंद्री वाइंडिंग (concentric winding) का उपयोग करके छह कुंडलियों को कुंडलित करने की आवश्यकता होती है। यदि सबसे छोटी कुंडली में 10 फेरे हैं और प्रत्येक उत्तरवर्ती परत में 2 फेरों की वृद्धि होती है, तो सबसे बड़ी कुंडली में कितने फेरे होंगे?

Ans

✗ A. 16 फेरे

✓ B. 20 फेरे

✗ C. 14 फेरे

✗ D. 22 फेरे

Q.30 ईंधन सेल इलेक्ट्रिक वाहनों में वियोजन प्रतिरोध (isolation resistance) की निगरानी करना क्यों आवश्यक है?

Ans

✗ A. त्वरण निष्पादन में सुधार करने के लिए

✓ B. उपयोगकर्ताओं और अनुरक्षण कर्मियों को संभावित विद्युत आघात से बचाने के लिए

✗ C. वाहन की ड्राइविंग रेंज बढ़ाने के लिए

✗ D. वाहन के उत्सर्जन स्तर को कम करने के लिए

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.31 यदि धारा ट्रांसफार्मर की द्वितीयक वाइंडिंग खुली रह जाए और ट्रांसफार्मर ऊर्जित (energized) हो, तो क्या होगा?

Ans

✗ A. इससे द्वितीयक वाइंडिंग पर धारा में कमी के कारण सटीक धारा मापन सुनिश्चित होगा

✗ B. इससे सप्लाई लाइनों के चालकों के अधितापन का निवारण होगा

✓ C. इससे द्वितीयक वाइंडिंग में उच्च वोल्टता उत्पन्न होने के कारण उपकरण क्षतिग्रस्त हो जाएगा

✗ D. इससे विद्युत प्रणाली के लघु परिपथीय दोष का निवारण होगा

Q.32 निम्नलिखित में से कौन-सा, उपकरण परिपथों (appliance circuits) में नियंत्रण वायरिंग (control wiring) के प्राथमिक कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans

✗ A. सुरक्षा के लिए विद्युत प्रणाली को भू-संपर्कित (ground) करना

✗ B. केवल सुरक्षात्मक उपकरणों (protective devices) को जोड़ना

✗ C. यंत्र को सीधे विद्युत आपूर्ति करना

✓ D. नियंत्रण उपकरणों और प्रकाश व्यवस्था के बीच कमांड प्रसारित करना

Q.33 एक तकनीशियन को सौर बैकअप प्रणाली में प्रयुक्त लेड-अम्ल बैटरी के जीवनकाल को अधिकतम करना है। बैटरी की प्लेट संरचना को कमजोर होने से रोकने के लिए उन्हें किस चार्जिंग और डिस्चार्जिंग प्रक्रिया से सख्ती से बचना चाहिए?

Ans

✓ A. बैटरी को तीव्र चार्ज और डिस्चार्ज करना

✗ B. उपयोग के दौरान बैटरी को अपरिवर्ती वोल्टता पर बनाए रखना

✗ C. दीर्घ अवधि तक मध्यम दर पर बैटरी को चार्ज करना

✗ D. हल्के लोड पर बैटरी को डिस्चार्ज करना

Q.34 एक औद्योगिक कार्यशाला को कार्य-मेजों पर 300 लक्स की एकसमान प्रदीप्ति की आवश्यकता होती है। प्रदीप्त किया जाने वाला क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर है। यदि उपयोगिता गुणक 0.7 और अनुरक्षण गुणक 0.8 है, तो प्रकाश संस्थापन द्वारा प्रदान किया जाने वाला कुल ज्योति फ्लक्स कितना होना चाहिए?

Ans

✓ A. 64286 ल्यूमेन

✗ B. 37500 ल्यूमेन

✗ C. 54000 ल्यूमेन

✗ D. 42800 ल्यूमेन

Q.35 वैद्युत महाक्षोभ प्रवण क्षेत्र में स्थित एक औद्योगिक संयंत्र, अपने उपस्करों और कार्मिकों दोनों को विद्युत दोषों से सुरक्षित रखना चाहता है। ग्राउंडिंग और अर्थिंग के बीच अंतर के आधार पर सुरक्षा और उपस्कर संरक्षण के लिए कौन-सा उपागम अपनाया जाएगा?

Ans

✗ A. इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पृथक ग्राउंडिंग के बिना सभी उपस्करों को सीधे ग्राउंड से जोड़ना

✗ B. उपस्करों के लिए अर्थ कनेक्शन के बिना कर्मियों की सुरक्षा के लिए केवल ग्राउंडिंग का उपयोग करना

✗ C. प्रोत्कर्ष से बचने के लिए उपस्कर को ग्राउंड और अर्थ दोनों से पृथक करना

✓ D. दोष धाराओं को अपवर्तित (डाइवर्ट) करने के लिए उपस्कर फ्रेम को अर्थ से संयोजित करना तथा सुग्राही इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक पृथक ग्राउंडिंग प्रणाली का उपयोग करना

Q.36 सीसा-अम्ल बैटरी में तनु सल्फ्यूरिक अम्ल विद्युत् अपघट्य का क्या कार्य है?

Ans

✗ A. यह ऋणात्मक इलेक्ट्रोड प्लेट के सक्रिय पदार्थ के रूप में कार्य करता है

✓ B. यह विद्युत् अपघट्य के रूप में कार्य करता है और इलेक्ट्रोडों के बीच आयनिक चालन होने देता है

✗ C. यह पृथक्कारक के रूप में कार्य करता है और इलेक्ट्रोड के बीच सीधे संपर्क को रोकता है

✗ D. यह विद्युत रोधी के रूप में कार्य करता है और इलेक्ट्रोड के बीच विद्युत चालन को रोकता है

Q.37 किसी पैनल में 1A, 1B, 2A, 2B जैसे केबल मार्करों के साथ लेबल किए गए तार हैं। यह लेबलिंग प्रणाली संभवतः क्या दर्शाती है?

Ans

✗ A. यह तार के रंगों के बीच अंतर करने के लिए एक रंग कोड है

✗ B. यह तार के निर्माता और बैच नंबर को दर्शाता है

✗ C. लेबल, केवल तार आमाप और विद्युत-रोधन के प्रकार को दर्शाते हैं

✓ D. प्रत्येक तार को परिपथ संख्या (circuit number) और फेज आइडेंटिफायर (phase identifier) के आधार पर जोड़ा गया है

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.38 विद्युत इस्त्री (electric iron) का कौन-सा भाग धारा को चालू या बंद करके तापमान को नियंत्रित करता है?

Ans
- ✗ A. सूचक लैंप
- ✗ B. सोलप्लेट
- ✓ C. थर्मोस्टेट
- ✗ D. तापन कुंडली

Q.39 चूड़ी कर्तन के दौरान डाई का कौन-सा पार्ट, डाई का कार्यवस्तु के साथ संरेखण सुनिश्चित करता है?

Ans
- ✓ A. अंतर्वाही शैम्फर (lead-in chamfer)
- ✗ B. समायोजी पेंच (adjusting screw)
- ✗ C. विपाटित स्लॉट (split slot)
- ✗ D. केंद्रीय छिद्र (central hole)

Q.40 रोलिंग मिल जैसी परिवर्ती भार वाली गुरू-कार्य मशीनों (heavy-duty machine) के लिए संचयी यौगिक DC मोटर पर क्यों विचार किया जाता है?

Ans
- ✗ A. क्योंकि यह लोड के कारण किसी भी चाल पात को रोकती है
- ✗ B. क्योंकि यह सबसे तेज चाल परिवर्तन प्रदान करती है
- ✗ C. क्योंकि यह हमेशा अधिकतम दक्षता पर चलती है
- ✓ D. क्योंकि इसमें अच्छा प्रवर्तन बल-आघूर्ण और स्थिर चाल का संयोजन होता है

Q.41 किस प्रकार की वाणिज्यिक वायरिंग प्रणाली, प्रकाशन परिपथों (lighting circuits) और सॉकेट आउटलेटों में विद्युत शक्ति वितरित करने के लिए उपयुक्त धारा-वाही क्षमता वाले निम्न प्रतिरोध वाले कॉपर चालकों का उपयोग करती है?

Ans
- ✗ A. मनोरंजन वायरिंग (Entertainment wiring)
- ✗ B. संचार वायरिंग (Communication wiring)
- ✗ C. नियंत्रण वायरिंग (Control wiring)
- ✓ D. पावर वायरिंग (Power wiring)

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा, फिटिंग कार्यों में डिवाइडर का उपयोग करने का प्रयोजन नहीं है?

Ans
- ✓ A. प्लेटों की मोटाई मापना
- ✗ B. पृष्ठ पर वृत्त बनाना
- ✗ C. एक रेखा को बराबर भागों में विभाजित करना
- ✗ D. किसी रूल से दूरियों का स्थानांतरण

Q.43 एक मर्करी टिल्ट स्विच मुख्यतः _____ के द्वारा प्रचालित होता है।

Ans
- ✓ A. गुरुत्वाकर्षण क्रिया
- ✗ B. तापमान परिवर्तन
- ✗ C. वायुदाब
- ✗ D. चुंबकीय बल

Q.44 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प विद्युत प्रणाली में शार्ट सर्किट (short circuit) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. असामान्य रूप से उच्च प्रतिरोध वाला एक कनेक्शन
- ✗ B. एक ऐसा कनेक्शन जहां भंजन के कारण कोई धारा प्रवाहित नहीं होती है
- ✓ C. शून्य या अति निम्न प्रतिरोध वाला एक अनभिप्रेत पथ
- ✗ D. सामान्य प्रतिरोध वाला एक अभिप्रेत पथ

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.45 DC विद्युत आपूर्ति से जुड़े CFL या LED लैंप को बदलते समय किस सुरक्षा उपाय का पालन किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. लैंप को पकड़ने के लिए गीले कपड़े का उपयोग करना

✗ B. लैंप बदलते समय दस्ताने पहनना

✗ C. जितनी जल्दी हो सके, लैंप को बदलना

✓ D. लैंप को हैंडल करने से पहले विद्युत आपूर्ति को बंद करना

Q.46 एक परियोजना प्रबंधक एक नए वायरिंग संस्थापन के लिए लागत अनुमान तैयार कर रहा है। अनुमान में सामग्री, श्रम, उपरिव्यय और लाभ को शामिल किया गया है। यदि अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि या अतिरिक्त कार्य होता है, तो कौन-सी विधि यह सुनिश्चित करती है कि परियोजना आर्थिक रूप से सुरक्षित रहे?

Ans

✓ A. अनुमान में एक उपयुक्त आकस्मिकता भत्ता शामिल करना

✗ B. अनुमान में संभावित जोखिमों की उपेक्षा करना

✗ C. केवल ऐतिहासिक लागत डेटा पर भरोसा करना

✗ D. अनुमान से आकस्मिकता को बाहर रखना

Q.47 किसी परिपथ में वोल्टता मापने के लिए सामान्यतः डिजिटल डिस्प्ले वाले किस डिवाइस का उपयोग किया जाता है?

Ans

✗ A. डिजिटल वाटमीटर

✗ B. डिजिटल ओममीटर

✗ C. डिजिटल एमीटर

✓ D. डिजिटल वोल्टमीटर

Q.48 एक विद्युत पैनल के लिए ऐसे संयोजनों की आवश्यकता होती है जो तटीय वातावरण में संक्षारण का प्रतिरोध करें। इसके लिए कौन-सा तार प्रकार सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans

✗ A. ऐलुमिनियम तार (Aluminum wire)

✓ B. कलईदार कॉपर तार (Tinned copper wire)

✗ C. PVC विद्युत-रोधित कॉपर तार (PVC insulated copper wire)

✗ D. अनावृत कॉपर तार (Bare copper wire)

Q.49 मानक घरेलू प्रकाश परिपथों की सुरक्षा के लिए किस प्रकार का MCB ट्रिपिंग वक्र सबसे उपयुक्त होता है?

Ans

✗ A. प्रकार D MCB

✓ B. प्रकार B MCB

✗ C. प्रकार A MCB

✗ D. प्रकार C MCB

Q.50 किसी परिपथ में एक 20 V DC विद्युत आपूर्ति के सिरों पर तीन प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं, जिनके प्रतिरोध 2 Ω, 3 Ω और 5 Ω हैं। किरचॉफ के वोल्टता नियम के अनुसार, 3 Ω के प्रतिरोधक के सिरों पर वोल्टता पात कितना होगा?

Ans

✗ A. 10 V

✗ B. 2 V

✓ C. 6 V

✗ D. 8 V

Q.51 किस प्रकार के सेल को प्रतीप दिशा में विद्युत धारा प्रवाहित करके पुनः आवेशित (recharged) किया जा सकता है?

Ans

✗ A. ईंधन सेल

✓ B. द्वितीयक सेल

✗ C. प्राथमिक सेल

✗ D. शुष्क सेल

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.52 पवन शक्ति उत्पादन स्टेशन में कौन-सा घटक यह सुनिश्चित करता है कि अधिकतम दक्षता के लिए पवन टरबाइन, पवन की दिशा की ओर उन्मुख हो?

Ans

✗ A. ब्रेक प्रणाली (Brake system)

✗ B. टॉवर (Tower)

✓ C. याव तंत्र (Yaw mechanism)

✗ D. गियर बॉक्स (Gearbox)

Q.53 विद्युत और नियंत्रण पैनल संस्थापन में रेसवे (raceway) का उपयोग किया जाता है। वायरिंग प्रणालियों में रेसवे का उपयोग करने का प्राथमिक प्रयोजन क्या है?

Ans

✗ A. विद्युत तारों की वोल्टता क्षमता को बढ़ाना

✗ B. प्रचालन के दौरान चालकों के प्रतिरोध को कम करना

✗ C. नियंत्रण परिपथों के लिए AC आपूर्ति को DC आपूर्ति में रूपांतरित करना

✓ D. घटकों के बीच तारों को सुव्यवस्थित रूप से ले जाना और व्यवस्थित करना

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, प्रदीप्ति में उपयोग होने वाले तापदीप्त लैंप (incandescent lamp) और प्रतिदीप्ति लैंप (fluorescent lamp) के बीच अंतर का सटीक वर्णन करता है?

Ans

✗ A. तापदीप्त लैंप केवल टेबल लैंप में पाए जाते हैं, जबकि प्रतिदीप्ति लैंप का उपयोग केवल सीलिंग फिक्स्चर में किया जाता है।

✓ B. तापदीप्त लैंप, फिलामेंट को गर्म करके प्रकाश उत्पन्न करते हैं, जबकि प्रतिदीप्ति लैंप, गैस विसर्जन प्रक्रम का उपयोग करते हैं।

✗ C. तापदीप्त लैंप का उपयोग मुख्यत: सजावटी प्रकाशन के लिए किया जाता है, जबकि प्रतिदीप्ति लैंप केवल व्यावसायिक उपयोग के लिए होते हैं।

✗ D. तापदीप्त लैंप सदैव ट्यूब की आकृति के होते हैं, जबकि प्रतिदीप्ति लैंप सदैव गोल आकृति के होते हैं।

Q.55 भूमिगत केबलों में पूर्व-संचकित संधि (pre-molded joint) का उद्देश्य क्या है?

Ans

✗ A. केबल वोल्टता को विनियमित करना

✓ B. दो या अधिक केबलों को सुरक्षित रूप से संयोजित करना

✗ C.
केबल को उपकरण पर समाप्त करना

✗ D.
केबल के सिरों का रोधन करना

Q.56 यदि पोल की संख्या को स्थिर रखते हुए आपूर्ति आवृत्ति को बढ़ाया जाता है, तो एक तीन-फेज प्रेरण मोटर की तुल्यकालिक चाल (synchronous speed) पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans

✗ A. तुल्यकालिक चाल की दिशा उत्क्रमित हो जाती है।

✓ B. तुल्यकालिक चाल बढ़ती है।

✗ C. तुल्यकालिक चाल घटती है।

✗ D. तुल्यकालिक चाल अपरिवर्तित रहती है।

Q.57 किसी विशुद्ध प्रतिरोधी AC परिपथ का शक्ति गुणक (power factor) कितना होता है?

Ans

✗ A. यह 1 से अधिक होता है

✗ B. यह 0 के बराबर होता है

✗ C. यह 1 से कम होता है

✓ D. यह 1 के बराबर होता है

Q.58 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प विद्युत अनुरक्षण के दौरान सुवाह्य भू-संपर्कन के उद्देश्य का वर्णन करता है?

Ans

✓ A. यह दोषपूर्ण धारा को सुरक्षित रूप से भूमि (ground) में प्रवाहित होने लिए एक अस्थायी मार्ग प्रदान करता है

✗ B. यह मरम्मत के लिए आपूर्ति से उपस्करों को डिस्कनेक्ट करता है

✗ C. यह विद्युत पैनलों से भू -संपर्कन क्षरण को रोकता है

✗ D. इसका उपयोग चालकों के विद्युत-रोधन प्रतिरोध का परीक्षण करने के लिए किया जाता है

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.59 एक थिएटर मैनेजर स्टेज लाइटिंग (stage lighting) के लिए लैंप का चयन कर रहा है, जिसका उद्देश्य ऊष्मा उत्पादन और अनुरक्षण लागत दोनों को कम करना है। लैंप हानि को देखते हुए, इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किस प्रकार के लैंप का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. प्रतिदीप्त लैंप

✗ B. LED लैंप

✗ C. हैलोजन लैंप

✓ D. तापदीप्त लैंप

Q.60 कोई नियंत्रण परिपथ एक निर्धारित विलंब (set delay) के बाद लोड को स्विच ऑन करने के लिए टाइमर रिले का उपयोग करता है। यदि परिपथ को पावर मिलने पर लोड तुरंत क्रियाशील हो जाता है, तो सबसे संभावित दोष क्या है?

Ans

✗ A. लोड दोषपूर्ण है और प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है

✓ B. टाइमर रिले बायपास हो गया है या उसके संपर्कों में शॉर्ट हो गया है

✗ C. टाइमर सेटिंग आवश्यकता से अधिक लंबी है

✗ D. नियंत्रण ट्रांसफार्मर गलत तरीके से रेट किया गया है

Q.61 एक पंखे के परिपथ के रेगुलेटर में कई प्रतिरोध चरण हैं। जब नॉब को उच्च सेटिंग पर घुमाया जाता है, तो विद्युत रूप से क्या परिवर्तन होगा?

Ans

✗ A. परिपथ का प्रतिरोध बढ़ जाएगा, जिससे पंखे की धारा कम हो जाएगी

✗ B. पंखे की मोटर को अल्प वोल्टता मिलेगी, जिससे स्पीड मंद हो जाएगी

✗ C. पंखा अस्थायी रूप से सप्लाई से डिस्कनेक्ट हो जाएगा

✓ D. परिपथ का प्रतिरोध कम हो जाएगा, जिससे पंखे में वोल्टता बढ़ जाएगी

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सा चरण भूमिगत केबल जोड़ों में ऐपॉक्सी रेजिन कास्टिंग के दौरान रिक्तिका गठन (void formation) को रोकने में सहायक होता है?

Ans

✗ A. रेजिन डालने से पहले जोड़ निकाय को सील करना

✗ B. सीलिंग के पश्चात जोड़ के समीप रेजिन का मिश्रण तैयार करना

✗ C. रेजिन के दृढ़ीकरण से पूर्व कार्य समाप्त करने के लिए इसे तीव्र गति से डालना

✓ D. जोड़ निकाय को धीरे-धीरे थपथपाते हुए रेजिन को मंद गति से डालना

Q.63 तीन-फेज प्रेरणी मोटर में घूर्णी चुंबकीय क्षेत्र की तुल्यकालिक चाल किन कारकों द्वारा निर्धारित होती है?

Ans

✗ A. स्टेटर वोल्टता और शक्ति गुणांक

✗ B. रोटर प्रतिरोध और लोड बलाघूर्ण

✓ C.
आपूर्ति आवृत्ति और ध्रुवों की संख्या

✗ D. रोटर धारा और मोटर सर्पण

Q.64 एक इलेक्ट्रिक वाहन में, अनुरक्षण के दौरान उच्च वोल्टता घटकों को एक्सेस करते समय कौन-सा उपागा भौतिक और दृश्य सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करता है?

Ans

✗ A. भौतिक अवरोधों के बिना केवल रंग कोडिंग अनुप्रयुक्त करना

✗ B. गैर-मानक प्रतीकों के साथ उच्च वोल्टता वाले क्षेत्रों को चिन्हित करना

✓ C. विद्युत सुरक्षा अवरोधों और मानकीकृत उच्च वोल्टता रंग कोडिंग वाले आवरणों का उपयोग करना

✗ D. बिना किसी रंग कोडिंग के आवरणों का उपयोग करना

Q.65 किसी घर में तीन-फेज वाली आपूर्ति है, लेकिन केवल एकल-फेज वाले लोड जुड़े हैं। वितरण बोर्ड को किस प्रकार कॉन्फिगर किया जाना चाहिए?

Ans

✗ A. एकल-फेज वितरण बोर्ड स्थापित करना

✓ B. सभी तीन फेजों में एकल-फेज वाले लोड को समान रूप से वितरित करना

✗ C.
सभी परिपथ के लिए केवल एक फेज का उपयोग करना

✗ D. सभी लोड को एकल-फेज बसबार से कनेक्ट करना

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा, मर्करी सेल का उपयोग करने वाले उपकरण का एक उदाहरण है?

Ans

✔ A. कैलकुलेटर

✘ B. टेलीविजन

✘ C. छत के पंखे

✘ D. रसोई ओवन

Q.67 एक तकनीशियन दो-क्रोड केबल में भूदोष (ground fault) का पता लगाने के लिए मुर्रे लूप परीक्षण (Murray loop test) का उपयोग कर रहा है। परीक्षण सेटअप को पूरा करने के लिए कौन-सा अनिवार्य घटक संयोजित होना चाहिए?

Ans

✔ A. एक ज्ञात प्रतिरोध सेतु परिपथ

✘ B. एक क्लैम्प मीटर या टॉन्ग टेस्टर (tong tester)

✘ C. एक भू-क्षरण (earth leakage) रिले

✘ D. एक डिजिटल वोल्टमीटर

Q.68 सौर संयंत्र में बैटरी को ओवरचार्ज होने से बचाने के लिए चार्ज कंट्रोलर द्वारा किस पैरामीटर को नियंत्रित किया जाना चाहिए?

Ans

✘ A. सौर पैनल का नति कोण

✘ B. सौर किरणता स्तर

✘ C. इनवर्टर की AC आउटपुट आवृत्ति

✔ D. बैटरी टर्मिनलों पर आरोपित वोल्टता

Q.69 सौर DC घरेलू प्रणाली में कौन-सा घटक बैटरी को अति-आवेशन से रोकता है?

Ans

✘ A. बैटरी

✔ B. चार्ज कंट्रोलर

✘ C. इन्वर्टर

✘ D. सोलर पैनल

Q.70 शुद्ध ज्यावक्रीय AC वोल्टता के लिए, शिखर मान को _____ से गुणा करके RMS मान प्राप्त किया जाता है।

Ans

✘ A. $\frac{1}{2}$

✘ B. $\sqrt{2}$

✘ C. 1

✔ D. $\frac{1}{\sqrt{2}}$

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सी सुरक्षा युक्ति, केबल विद्युत क्षरण का पता लगाने और परिपथ को वियोजित करने के लिए डिजाइन की गई है?

Ans

✔ A. भू-क्षरण परिपथ वियोजक

✘ B. फ्यूज

✘ C. रिले

✘ D. लघु परिपथ वियोजक

Q.72 यदि उच्च-अक्षांश संस्थापन का नति कोण, भूमध्यरेखीय संस्थापन के नति कोण के समान हो, तो सोलर पैनल के निष्पादन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans

✘ A. उच्च तापमान में सौर पैनल शीघ्रता से खराब हो जाते हैं

✘ B. सौर पैनल वर्ष भर अधितप्त रहता है

✘ C. सोलर पैनलों में प्राय: वायरिंग से संबंधित दोष उत्पन्न होते रहते हैं

✔ D. सर्दियों के महीनों में सौर पैनल कम सूर्यप्रकाश ग्रहण करते हैं

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates

Q.73 एकल-फेज ट्रांसफार्मर के लघु-परिपथन परीक्षण के दौरान, वाटमापी का पाठ्यांक ट्रांसफार्मर में किस प्रकार के ह्रास को इंगित करता है?

Ans

✔ A. निर्धारित-धारा (rated-current) प्रचालन स्थिति में कॉपर ह्रास

✘ B. निर्धारित चुंबकीय फ्लक्स (rated magnetic flux) पर क्रोड भंवर धारा ह्रास

✘ C. शून्य-लोड प्रचालन स्थिति में हिस्टेरिसिस ह्रास

✘ D. ट्रांसफार्मर के रोधक तेल के अंदर परावैद्युत ह्रास

Q.74 कंट्रोल पैनल में, संबद्ध लोड की चालन धारा से उच्च संयोजन क्षमता वाले संपर्कित्र (contactor) का चयन करना क्यों आवश्यक होता है?

Ans

✘ A. कंट्रोल पैनल की कुल लागत को कम करने के लिए

✔ B. परिपथ स्विचन के दौरान अन्तर्वाह विद्युत धाराओं का वहन करने के लिए

✘ C. यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपर्कित्र का वोल्टता अनुमतांक अधिक हो

✘ D. मुख्य परिपथ के लिए ओवरलोड सुरक्षा प्रदान करने के लिए

Q.75 यदि 5 एकसमान घटकों का कुल वजन 20 kg है, तो एक घटक का वजन कितना होगा?

Ans

✘ A. 10 kg

✔ B. 4 kg

✘ C. 2 kg

✘ D. 5 kg

"

Railway BABA

Join : @RailwayBaba_Official For Railway Exam Updates